YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-15 | अंक-231 | मंगलवार, 22 सितम्बर 2026 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



अंसारी ने न केवल इतिहास के दबे हुए भूत उखाड़े हैं, बल्कि उनमें जान भी फूंक दी है। कांग्रेस द्वारा समर्थित मुस्लिम नेताओं में 'लीग जैसी भावनाएं' हैं, और ये विचार अब इस पुरानी पार्टी में बहुत आम हो गए हैं। सुधांशु त्रिवेदी

सोमनाथ मंदिर समेत भाजपा दफ्तरों को बम से उड़ाने की धमकी 11

घाट, पुल और नहर के काम पर फोकस कुंभ से पहले पूरा करने की तैयारी 12

संक्षेप

आईआईटी बॉम्बे के प्रोफ़ेसर सूर्यनारायण डूला डीन पद से निलंबित

मुंबई। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे ने संस्थान के डीन (प्रशासनिक मामले) प्रोफ़ेसर सूर्यनारायण डूला को तत्काल प्रभाव से पद से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई तीन दिन पहले बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र साहिल रवींद्र वोकाडे की खुदकुशी के मामले में की गई है। आरोप है कि साहिल को कथित रूप से संस्थागत उत्पीड़न और जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ रहा था। आईआईटी से जुड़े अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ओएनजीसी को ओडिशा तट के पास मिला गैस भंडार

नई दिल्ली। ओएनजीसी ने सोमवार को कहा कि उसे ओडिशा तट के पास गहरे समुद्र में प्राकृतिक गैस का भंडार मिला है। व्यावसायिक रूप से व्यावहारिक पाए जाने पर इस खोज का तेजी से विकास और दोहन किया जा सकता है। कंपनी ने गहरे समुद्री अन्वेषण अभियान 'समुद्र मंथन' के तहत कोणार्क से करीब 43 किलोमीटर दूर महानदी अपतटीय बेसिन के 'एमएन-डीडब्ल्यू18-1-एच-डी' कुएं में 18 सितंबर को यह खोज की। कंपनी ने बताया कि महानदी बेसिन में अभियान के तहत खोदा गया यह उसका पहला कुआं है। इसे 1,623 मीटर की लक्षित गहराई तक खोदा गया और 1,441 से 1,452 मीटर की गहराई पर गैस मिली।

ममता गुट ने नए चुनाव चिह्न वाला पार्टी लोगो जारी किया

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के ममता बनर्जी गुट ने सोमवार को पार्टी का नया लोगो जारी किया। लोगो में पार्टी के नए नाम 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' के साथ अंतरिम चुनाव चिह्न 'फुटबॉल खिलाड़ी' दिखाया गया है। ममता ने गुट के नेताओं से इस लोगो को हर मंच पर अधिक से अधिक प्रसारित करने के निर्देश दिए हैं। चुनाव आयोग ने पार्टी पर नियंत्रण को लेकर बढ़ते आंतरिक विवाद के बीच दोनों गुटों के 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'फूल और घास' चुनाव चिह्न के प्रयोग पर रोक लगा दी थी। ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट को 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'लिफाफा' अंतरिम चुनाव चिह्न आवंटित किया। ममता बनर्जी वाले गुट को 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'फुटबॉल खिलाड़ी' चिह्न दिया गया है। बंगाल में नंदीग्राम और रेजीनगर सीटों पर उपचुनाव छह अक्तूबर को होना है। इनमें नंदीग्राम सीट पर ममता गुट की प्रत्याशी संचिता प्रधान डे के नाम वापस लेने पर पार्टी ने कांग्रेस को समर्थन दिया है। जबकि रेजीनगर में ममता गुट और ऋतब्रत गुट दोनों ने ही प्रत्याशी उतारे हैं। ऐसे में रेजीनगर में दोनों ही गुट खुद को तृणमूल कांग्रेस के नए रूप के तौर पर पेश करने में जुट गए हैं। इसी कड़ी में सोमवार को ममता गुट ने नए नाम और चुनाव चिह्न के साथ पार्टी का नया लोगो जारी कर दिया।

बाबर के अनुयायियों को बजरंगी के भक्त ही देंगे जवाब : योगी


मेरठ में मुख्यमंत्री योगी का विपक्ष पर हमला, बोले—व्यक्ति से बड़ा दल और दल से बड़ा राष्ट्र

एजेंसी

मेरठ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मेरठ में आयोजित भाजपा के पश्चिम क्षेत्र शक्ति केंद्र सम्मेलन में समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी और 'इंडी' गठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के लिए सत्ता परिवारवाद और शोषण का माध्यम रही, जबकि भाजपा के लिए ''व्यक्ति से बड़ा दल और दल से बड़ा राष्ट्र'' सर्वोपरि है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवारवाद की राजनीति ने देश और प्रदेश के सामने पहचान का संकट खड़ा किया और पलायन जैसी समस्याओं को बढ़ावा दिया। इसके विपरीत भाजपा राष्ट्रहित को प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि आज देश अपनी विरासत पर गर्व करने के साथ विकास की गति से आगे बढ़ रहा है और दुनिया से आंख मिलाकर बात कर रहा है।

सनातन और हिंदू परंपरा को लेकर मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत की परंपराओं को कोसने के प्रयास किए जाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल रहा है। इसी क्रम में उन्होंने कहा, ''बाबर के अनुयायियों को जवाब बजरंगी के भक्त ही दे सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश में कट्टा और बंदूक की राजनीति नहीं होती। उन्होंने कांवड़ यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि जिन लोगों ने कांवड़ यात्रा पर रोक लगाई थी, उनके विपरीत भाजपा सरकार ने इसे धूमधाम से निकालने का निर्णय लिया। सीएम योगी ने कहा कि नाम के अनुरूप ही शक्ति केंद्र का काम है। भाजपा की व्यवस्था में शक्ति केंद्र संयोजक के पास संगठन और चुनाव की पूरी ताकत निहित है। उन्होंने सम्मेलन में मौजूद शक्ति केंद्र संयोजकों का स्वागत और अभिनंदन किया। सीएम योगी ने कहा कि देश की राजनीति में परिवारवाद और जातिवाद की बीमारी रही है। उन्होंने समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन दलों के लिए सत्ता शोषण और परिवारवाद को बढ़ाने का माध्यम बन गई थी। उन्होंने कहा कि इसी सोच के चलते राजनीति में यह भाव पैदा हुआ कि सत्ता में आने का मतलब अपने हितों को साधना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने राजनीति की दिशा बदलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सोच है कि सवाल यह नहीं होना चाहिए कि मुझे क्या मिलेगा, बल्कि यह होना चाहिए कि मैं अपने देश के लिए क्या कर रहा हूं। सीएम योगी ने कहा, ''व्यक्ति से बढ़कर दल और दल से बढ़कर देश।'' उन्होंने कहा कि भाजपा का विचार है कि व्यक्ति का सब कुछ देश के लिए होना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि जब राजनीति में 'मुझे क्या' का भाव हावी होता है तो इससे पहचान का संकट खड़ा होता है और विकास बाधित होता है। उन्होंने कहा कि ऐसी सोच समाज और देश के लिए घुटन पैदा करने वाली परिस्थितियां खड़ी करती है। उन्होंने कहा कि 'मुझे क्या' के भाव ने देश को नुकसान पहुंचाया और एक समय देश गुलाम हो गया था। साथ ही देश के सामने पहचान का संकट भी खड़ा हुआ।



नितिन नवीन बोले- यूपी को बांटने की कोशिश न हो, पं.बंगाल में जवाब मिला, विकास का रथ रुकने नहीं देंगे

मेरठ। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में फिर से जो राजनीतिक खेल खेलने का प्रयास किया जा रहा है, उसे खत्म करना है और प्रदेश के विकास के रथ को रुकने नहीं देना है। उन्होंने कहा कि इसी संकल्प के साथ शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता यहां जुटे हैं। मिशन-2027 के मद्देनजर नितिन नवीन सोमवार और मंगलवार को मेरठ और सहारनपुर के दौरे पर हैं। दो दिवसीय दौरे में वह पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र संयोजकों और जमीनी कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं। मेरठ में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मौजूदा ताकत बताया। नितिन नवीन ने कहा कि देश के युवाओं को केवल भारत का भविष्य मानकर नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि वे आज की मौजूदा ताकत हैं। युवाओं को अपनी प्रतिभा का सही दिशा में उपयोग ● शेष पेज 11 पर

ई-पासपोर्ट से बनेगा डिजिटल पहचान प्रमाण

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू डिजी यात्रा में आधार आधारित पंजीकरण का इस्तेमाल होता है, जबकि अंतरराष्ट्रीय संस्करण में ई-पासपोर्ट को आधार बनाया जाएगा। यात्री अपने ई-पासपोर्ट का पहला पन्ना स्कैन कर मोबाइल के एनएफसी माध्यम से पासपोर्ट में मौजूद चिप को पढ़ सकेंगे। चिप में दर्ज तस्वीर का यात्री की सेल्फी से मिलान किया जाएगा। इसके बाद डिजिटल पहचान प्रमाण तैयार होगा, जिसका इस्तेमाल हवाईअड्डे के अलग-अलग निर्धारित स्थानों पर पहचान सत्यापन के लिए किया जा सकेगा। सरकार ने इसके लिए डिजी यात्रा के सॉफ्टवेयर को अपग्रेड करने का काम शुरू कर दिया है। परीक्षण से पहले इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से ऑडिट किया जाएगा। इसके अलावा भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) और मानकीकरण परीक्षण एवं गुणवत्ता प्रमाणन (एसटीक्यूसी) से सुरक्षा संबंधी परीक्षण भी कराए जाने हैं।

अंतरराष्ट्रीय यात्रा में मौजूदा नियमों के तहत हवाईअड्डे के प्रवेश पर पासपोर्ट दिखाने की अनिवार्यता समेत कुछ प्रावधानों में बदलाव करना होगा। अंतरराष्ट्रीय यात्रा सीमा पार करने की प्रक्रिया होने के कारण नई व्यवस्था को लागू करने से पहले सुरक्षा और विश्वसनीयता से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जाएगी। डिजी यात्रा के दीर्घकालीन लक्ष्य में इसे विदेशों के भागीदार हवाईअड्डों और इमिग्रेशन



प्राधिकरणों के साथ जोड़ना भी शामिल है। इसके लिए इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन समेत अन्य संस्थाओं के साथ बातचीत चल रही है। हालांकि, यह प्रक्रिया अभी शुरुआती चरण में है। अंतरराष्ट्रीय चेकप्वाइंट पर ई-गेट और उन्हें डिजी यात्रा की प्रणाली से जोड़ने के लिए अतिरिक्त तकनीक की जरूरत होगी।

अंतरराष्ट्रीय यात्रा को डिजिटल बनाने की दिशा में हाल में एक और बदलाव हुआ है। एक सितंबर से इमिग्रेशन काउंटर पर ई-बोर्डिंग पास स्वीकार किए जा रहे हैं, इसलिए यात्रियों को इमिग्रेशन मंजूरी के लिए भौतिक बोर्डिंग पास साथ रखने की जरूरत नहीं है। वहीं, फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम पहले से पात्र भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों को तेज इमिग्रेशन सुविधा देता है। डिजी यात्रा के प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय विस्तार का शुरुआती फोकस टर्मिनल प्रवेश और सुरक्षा जांच पर रहेगा। डिजी यात्रा ऐप हवाई यात्रियों के लिए सरकार की डिजिटल सुविधा है, जिसके जरिए एयरपोर्ट पर पहचान और यात्रा दस्तावेजों का सत्यापन चेहरे की पहचान से किया जाता है। इसका उद्देश्य टर्मिनल ● शेष पेज 11 पर

विवेक तिवारी हत्याकांड में 10 साल की सजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी के बहुचर्चित विवेक तिवारी हत्याकांड में जिला जज की अदालत ने सोमवार को आरोपी पुलिसकर्मी प्रशांत चौधरी को गैर इरादतन हत्या का दोषी मानते हुए 10 साल के कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने उसे भारतीय दंड संहिता की धारा 304 की उपधारा 2 के तहत दोषी ठहराया था। प्रशांत चौधरी इस मामले में करीब आठ वर्ष पहले ही जेल में रह चुका है। इस मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस के दो सिपाहियों प्रशांत चौधरी और संदीप कुमार को आरोपी बनाया गया था। दोनों के खिलाफ लखनऊ की अदालत में मुकदमा चला। अदालत ने प्रशांत चौधरी को गैर इरादतन हत्या का दोषी माना, जबकि दूसरे आरोपी सिपाही संदीप कुमार को आरोपों से बरी कर दिया। संदीप कुमार के बरी होने के साथ ही उसके खिलाफ चल रही न्यायिक कार्यवाही समाप्त हो गई। घटना 28 सितंबर 2018 की है। गोमती नगर विस्तार क्षेत्र में एप्पल कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक विवेक तिवारी की गोली लगने से मौत हो गई थी। घटना के समय विवेक तिवारी अपनी महिला सहकर्मी सना खान के साथ कार से लौट रहे थे। प्राथमिकी के अनुसार, इसी दौरान गोमती नगर विस्तार थाने में रात्रि गश्त कर रहे ● शेष पेज 11 पर



- गोलीकांड के करीब आठ साल बाद आया फैसला, प्रशांत चौधरी गैर इरादतन हत्या का दोषी
- दूसरे आरोपी सिपाही संदीप कुमार को अदालत ने किया बरी

यूपीआई पर कुछ और साल शुल्क नहीं लेना चाहिए

नई दिल्ली। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने सोमवार को सरकार को सुझाव दिया कि उसे कम से कम कुछ और वर्षों तक यूपीआई लेनदेन पर शून्य शुल्क की व्यवस्था जारी रखनी चाहिए और उसके बाद इसकी समीक्षा करनी चाहिए। कुमार ने कहा कि वह किसी भी मूल्य के यूपीआई लेनदेन के लिए कारोबारियों से शुल्क लेने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को यूपीआई को व्यापक सकारात्मक प्रभाव वाला सार्वजनिक उपक्रम मानना चाहिए। इसके कुल लाभ सार्वजनिक कोष पर यूपीआई बुनियादी ढांचे को बनाए रखने के लिए पड़ने वाली 20,000 करोड़ रुपये की लागत से कहीं अधिक हैं। इसलिए, कम से कम कुछ और वर्षों तक यूपीआई लेनदेन पर शून्य शुल्क जारी रखना चाहिए, जब तक कि मुद्रा से जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में कुछ गिरावट का रुख दिखाई न दे। उसके बाद स्थिति की समीक्षा की जा सकती है। उन्होंने कहा, यह कदम नकदी के इस्तेमाल की ओर वापस लौटने की बहुत बड़ी संभावना पैदा करता है। छोटे से शुल्क से भी इस प्रतिगामी व्यवहार को बढ़ावा मिलेगा। ● शेष पेज 11 पर

राम मंदिर में 105 बार चोरी : एसआईटी

एजेंसी

नई दिल्ली। अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में जांच अब अहम मोड़ पर पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम यानी एसआईटी दो दिन के भीतर चार्जशीट दाखिल करेगी। एसआईटी की स्टेटस रिपोर्ट में कहा गया है कि सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान चढ़ावे की चोरी से जुड़ी 105 घटनाओं की पहचान की गई है। ऐसे में अब चार्जशीट के जरिए जांच से जुड़ी विस्तृत जानकारी सामने आने की उम्मीद है।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट की पीठ को बताया कि पहली गिरफ्तारी की तारीख से 90 दिन की अवधि 25 सितंबर को पूरी हो जाएगी। अगर इससे पहले चार्जशीट दाखिल नहीं की गई तो आरोपियों को डिफॉल्ट जमानत मिलने का आधार बन सकता है। इसी वजह से सरकार ने अदालत को बताया कि एसआईटी दो दिन में चार्जशीट दाखिल करेगी। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने की। एसआईटी ने जांच से जुड़ी स्टेटस रिपोर्ट भी अदालत में पेश की, जिसका पीठ ने अवलोकन किया। एसआईटी की रिपोर्ट के मुताबिक, जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। इसी फुटेज के आधार पर चढ़ावे की चोरी से जुड़ी 105 घटनाओं की पहचान की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन घटनाओं की जांच पूरी हो चुकी है। एसआईटी के अनुसार अब जांच का अगला चरण चार्जशीट दाखिल करना है। हालांकि, इन 105 घटनाओं में कितनी रकम की चोरी हुई या किन लोगों की भूमिका सामने ● शेष पेज 11 पर



- सीसीटीवी में घटनाएं कैद, दो दिन में चार्जशीट में होंगे बड़े खुलासे

गिरफ्तारी की वजह नहीं बताई तो एक्शन गैरकानूनी कहलाएगा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करते समय उसे गिरफ्तारी की वजह लिखित में बताना जरूरी है। ऐसा नहीं करने पर गिरफ्तारी गैरकानूनी मानी जाएगी। कोर्ट ने कहा कि अगर ऐसी गिरफ्तारी के बाद व्यक्ति को रिहा कर दिया जाता है और जांच एजेंसी उसे दोबारा गिरफ्तार करना चाहती है, तो पुलिस सीधे उसे नहीं पकड़ सकती। इसके लिए पहले मजिस्ट्रेट से मंजूरी लेनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि पहली गिरफ्तारी में नियमों का उल्लंघन करने वाले पुलिस अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच होगी। दोबारा गिरफ्तारी की स्थिति में मामले की आगे की जांच किसी दूसरे अधिकारी को सौंपी जाएगी। कोर्ट ने ये टिप्पणियां शिरोमणि अकाली दल से जुड़े मुल्लांपुर दाखा विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी जसरकरनजीत सिंह की अपील पर कीं। नाबालिग से यौन अपराध के आरोपों से जुड़े मामले में उनकी गिरफ्तारी की वजह लिखित में ● शेष पेज 11 पर

अमेरिका से अभी युद्ध खत्म नहीं हुआ : ईरान

एजेंसी

नई दिल्ली। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने सोमवार को कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगियों के साथ युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ। अगर मध्य पूर्व में तनाव और बढ़ता है तो ईरान लंबे समय तक चलने वाले युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार है। आईआरजीसी के सेकेंड ब्रिगेडियर जनरल हुसैन मोहेब्बी ने कहा कि ईरानी सेना ने लंबे समय तक चलने वाले युद्ध की तैयारी कर रखी है। अगर यह फिर गंभीर रूप लेता है तो ईरान जवाब देने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि हमारे नजरिए से युद्ध, युद्ध ही होता है। इसके अलग-अलग चरण हो सकते हैं, लेकिन युद्ध खत्म नहीं हुआ। युद्ध जारी है। हमने लंबे समय तक चलने वाले युद्ध के लिए खुद को तैयार किया। फिर से गंभीर हमला होता है, तो हम पूरी तरह तैयार हैं और अपना बचाव करेंगे।



- लक्ष्यों को हासिल नहीं कर सके अमेरिका और इजरायल
- सभी साधनों का प्रयोग किया फिर भी सफल नहीं

उन्होंने दावा किया कि अमेरिका, इजरायल और उनके सहयोगी ईरान के खिलाफ युद्ध में अपने लक्ष्यों को हासिल करने में नाकाम रहे। मोहेब्बी ने कहा कि अमेरिका, इजरायली शासन और उसके सहयोगियों के साथ युद्ध को लेकर हमारा आकलन है कि अमेरिका इस युद्ध में विफल रहा। यह उसकी हार है, लेकिन उसमें इस हार को स्वीकार करने और इसे मानने का साहस ● शेष पेज 11 पर

सोनिया गांधी की बढ़ी कानूनी मुश्किल, मतदाता सूची मामले में फिर सुनवाई

राउज एवेन्यू कोर्ट ने मजिस्ट्रेट का आदेश रद्द किया

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के भारतीय नागरिक बनने से पहले मतदाता सूची में नाम दर्ज होने के आरोप से जुड़े मामले में उनके लिए कानूनी चुनौती फिलहाल टलती नहीं दिख रही है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को सोनिया गांधी का भारतीय नागरिकता मिलने से पहले मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने के आरोप की जांच से इनकार करने वाले मजिस्ट्रेट कोर्ट के वर्ष 2025 के आदेश को रद्द कर दिया है।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत ने मामले को वापस मजिस्ट्रेट कोर्ट में भेजते हुए शिकायत पर नए सिरे से सुनवाई करने और कानून के अनुसार कारणों के साथ आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 29 सितंबर को होगी। अदालत ने कहा कि निचली अदालत के आदेश में इस बात पर उचित चर्चा नहीं की गई कि शिकायत में संज्ञेय अपराध का खुलासा होता है या नहीं। कोर्ट ने यह भी कहा कि आदेश में तथ्यों और कानून पर पर्याप्त विचार नहीं किया गया। यह मामला राउज एवेन्यू कोर्ट की सेंट्रल दिल्ली कोर्ट बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष और अधिवक्ता विकास त्रिपाठी की ओर से दाखिल शिकायत से जुड़ा है?



त्रिपाठी का आरोप है कि सोनिया का नाम नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र की मतदाता सूची में वर्ष 1980 में शामिल किया गया था, जबकि उन्होंने भारतीय नागरिकता 30 अप्रैल 1983 को हासिल की थी। शिकायत में कहा गया है कि उनका नाम वर्ष 1982 में सूची से हटा दिया गया और फिर 1983 में दोबारा शामिल किया गया। आरोप है कि दोबारा नाम शामिल किया जाना भी नागरिकता हासिल करने से पहले हुआ था। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पहले शिकायत खारिज करते हुए कहा था कि इसमें धोखाधड़ी और जालसाजी के जरूरी तथ्यों का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। अदालत ने वर्ष 1980 की मतदाता सूची के जिस अंश पर भरोसा किया गया था, उसे भी बिना प्रमाणित कॉपी की फोटोकॉपी बताया था। इस पर विशेष न्यायाधीश ने कहा कि मतदाता सूची की विश्वसनीयता संसदीय लोकतंत्र में हर नागरिक के लिए महत्वपूर्ण है। मतदाता सूची में छेड़छाड़, किसी व्यक्ति का फर्जी तरीके से नाम शामिल करने, गैर-नागरिक का नाम जोड़ने या गलत घोषणा अथवा दस्तावेजों के इस्तेमाल जैसे आरोपों पर यह देखना जरूरी है कि क्या धोखाधड़ी या जालसाजी का संज्ञेय अपराध बनता है। अदालत ने कहा कि मजिस्ट्रेट कोर्ट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 175(3) के तहत जरूरी प्रक्रिया का पालन नहीं किया। इस धारा के तहत मजिस्ट्रेट संज्ञेय अपराध की जांच के लिए पुलिस को निर्देश दे सकता है। कोर्ट के मुताबिक संबंधित पुलिस अधिकारी की दलीलें नहीं सुनी गईं और संबंधित थाने से स्टेटस रिपोर्ट भी नहीं मंगाई गई। अदालत ने कहा कि मजिस्ट्रेट के सामने दो कानूनी विकल्प थे। पहला, प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देना और दूसरा, बीएनएसएस की धारा 223 के तहत शिकायतकर्ता और गवाहों के बयान लेकर आगे की कार्यवाही करना। लेकिन इन दोनों विकल्पों पर उचित विचार नहीं किया गया।

नागरिकता के मुद्दे पर चला गया ध्यान

कोर्ट ने कहा कि मजिस्ट्रेट को इस स्तर पर केवल यह देखना था कि शिकायत में कोई संज्ञेय अपराध सामने आता है या नहीं और क्या पुलिस जांच की जरूरत है। इसके बजाय आदेश में नागरिकता के मुद्दे पर चर्चा की गई, जो केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र से जुड़ा विषय है। अदालत ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग के पास मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की शक्तियां होने का मतलब यह नहीं है कि पुलिस को मतदाता सूची में कथित फर्जी तरीके से नाम शामिल करने या गलत दस्तावेजों के इस्तेमाल की जांच करने से रोका जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि मजिस्ट्रेट ने अपने मूल दायित्व के तहत शिकायत में संज्ञेय अपराध के खुलासे पर विचार नहीं किया। इसी आधार पर पुराने आदेश को रद्द कर मामला वापस मजिस्ट्रेट कोर्ट भेज दिया गया।

जनसुनवाई में समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

विद्युत बिल, जर्जर तार, सफाई, सीवर और पेयजल से जुड़ी शिकायतें पहुंचीं मंत्री के समक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने अपने आवास पर जनसुनवाई कर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विद्युत, नगर विकास और जनसुविधाओं से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। मंत्री ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल संज्ञान लेकर गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में विद्युत बिल में संशोधन, जर्जर एवं पुराने विद्युत तार बदलने, विद्युत आपूर्ति, सड़क सफाई, सीवर और पेयजल से जुड़ी समस्याएं रखी गईं। मंत्री ने विद्युत संबंधी शिकायतों की जांच कर पात्र मामलों में नियमानुसार तत्काल बिल संशोधित कराने के निर्देश दिए। जर्जर एवं क्षतिग्रस्त तारों के मामलों में मौके का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार तार बदलने और विद्युत सुरक्षा के सभी मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। नगर विकास से संबंधित शिकायतों पर उन्होंने सड़क सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने, सीवर समस्याओं का स्थायी समाधान कराने और पेयजल से जुड़ी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में केवल औपचारिकता नहीं होनी चाहिए, बल्कि अधिकारी मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति की जांच करें और शिकायतकर्ता को संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराएं। ए.के. शर्मा ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। प्रत्येक नागरिक को बेहतर विद्युत आपूर्ति के साथ स्वच्छ सड़कें, सुचारु सीवर व्यवस्था और पर्याप्त पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता, तत्परता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की प्रगति की नियमित निगरानी की जाए, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

आवारा सांड के हमले में वृद्ध किसान की दर्दनाक मौत, बाग़ में मिला शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ आम के बाग में गाय बांधने गए थे राज कुमार मौर्या, अचानक सांड ने किया हमला



मलिहाबाद/लखनऊ। आम के बाग में गाय बांधने गए वृद्ध किसान पर अचानक आवारा सांड ने हमला कर दिया। सांड के हमले में गंभीर रूप से घायल किसान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। काफी देर बाद परिजन खेत पहुंचे तो उनका शव पड़ा मिला।

घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मलिहाबाद के गढ़ी संजर खां निवासी राज कुमार मौर्या उर्फ़ राजू 66 वर्ष पुत्र स्व. परमेश्वर मौर्या किसानी के साथ पशुपालन करते थे। सोमवार दोपहर करीब 11 बजे वह अपने आम के बाग में गाय बांधने गए थे। इसी दौरान बाग में घूम रहे एक आवारा सांड ने अचानक उन पर हमला कर दिया। सांड के हमले में गंभीर रूप से घायल होकर राज कुमार खेत में गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। काफी देर बाद राजू के छोटे भाई प्रदीप मौर्या और उनकी पत्नी सुशीला अपनी भैंस बांधने के लिए खेत पहुंचे। वहां राज कुमार को मृत अवस्था में पड़ा देखकर उन्होंने परिजनों और ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों ने बताया कि जिस सांड ने राज कुमार पर हमला किया है वह काफी समय से गांव में घूम रहा है और अक्सर लोगों को दौड़ा लेता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा सांड को तत्काल पकड़वाने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा न हो सके। ग्रामीणों की सूचना पर पहुँचे कस्बा प्रभारी उपनिरीक्षक श्री प्रकाश सिंह नें देर शाम शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत्तक के परिवार में पत्नी रामरती के अलावा चार विवाहित बच्चे विमल, दुर्गेश, आरती और चांदनी हैं जिनका रो-रोकर बुरा हाल है।

गोशालाओं में हो सकेंगे मांगलिक कार्यक्रम, गो-पर्यटन से गांवों को मिलेगा कमाई का नया रास्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आने वाले समय में गांव की गोशालाएं भी स्थानीय संस्कृति और ग्रामीण जीवन की पहचान बनेंगी। योगी सरकार का यह विजन जल्द ही मूर्त रूप लेने वाला है। गो-संरक्षण के लिए संचालित गोशालाओं को अब परंपरा, भौगोलिक परिस्थितियों और ग्रामीण जरूरतों के अनुरूप विकसित करने की तैयारी है। चयनित गोशालाओं, कान्हा हाउस और बड़े गो-संरक्षण केंद्रों को गो-पर्यटन से जोड़कर गांवों में आर्थिक गतिविधियों के नए रास्ते तलाशे जाएंगे।

उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि गोशालाओं के इस प्रस्तावित नए स्वरूप में संरक्षण के साथ पर्यटन और स्थानीय गतिविधियों को भी स्थान मिलेगा। इसका उद्देश्य किसी क्षेत्र की संस्कृति और परंपरा को वहां की गोशाला से जोड़ना है। इससे गोशाला केवल पशु संरक्षण का स्थान न रहकर ग्रामीण जीवन और स्थानीय पहचान से परिचित कराने वाला केंद्र बन सकती है। क्षेत्र के अनुरूप यहां ऐसी गतिविधियां विकसित की जा सकती हैं, जो बाहर से आने वाले लोगों को गांव की जीवनशैली, पशुपालन और स्थानीय परंपराओं से जोड़ें। चयनित गोशालाओं में मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन की भी व्यवस्था विकसित किए जाने की तैयारी है। इससे गोशालाओं का उपयोग केवल दैनिक गो-संरक्षण गतिविधियों तक सीमित न रहकर सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों से भी जुड़ सकेगा। स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार ऐसे स्थलों को विकसित करने की योजना है, जहां ग्रामीण परिवेश के बीच पारंपरिक कार्यक्रमों के आयोजन की सुविधा उपलब्ध हो सके। इससे गोशालाओं के आसपास आर्थिक गतिविधियों के लिए भी अवसर बनेंगे। गो-पर्यटन का यह मॉडल हर जगह एक जैसा नहीं होगा। जिस क्षेत्र की जो विशेषता होगी, उसी के अनुरूप गोशाला का स्वरूप विकसित करने पर जोर रहेगा। कहीं लोक संस्कृति और परंपराएं आकर्षण का केंद्र बन सकती हैं तो कहीं स्थानीय खान-पान, कला, शिल्प या ग्रामीण जीवनशैली को गतिविधियों से जोड़ा जा सकता है। इस तरह अलग-अलग क्षेत्रों में उनकी अपनी विशेषताओं के आधार पर गो-पर्यटन के अलग-अलग मॉडल आकार ले सकते हैं। आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि गो-पर्यटन विकसित होने पर इसका दायरा केवल गोशाला परिसर तक सीमित नहीं रहेगा। आसपास के ग्रामीणों, स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय कारीगरों, छोटे कारोबारियों और खान-पान से जुड़े लोगों के लिए भी इससे नए अवसर पैदा होंगे। पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने पर स्थानीय उत्पादों और सेवाओं की मांग बनने की संभावना है। हालांकि, इन अवसरों का वास्तविक स्वरूप संबंधित गोशाला और वहां विकसित की जाने वाली गतिविधियों पर निर्भर करेगा।

राज्यपाल ने न्यायिक दायित्वों के निर्वहन के संबंध में दिये आवश्यक सुझाव व मार्गदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से आज न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के 20 प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारियों एवं संस्थान के 09 अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट व संवाद किया। राज्यपाल ने उपस्थित प्रशिक्षु अधिकारियों का स्वागत करते हुए अपने अनुभव साझा किए तथा न्यायिक दायित्वों के निर्वहन के संबंध में आवश्यक सुझाव एवं मार्गदर्शन दिया।

प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि न्याय केवल निर्णय सुनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि निर्णय के बाद व्यक्ति और उसके परिवार पर पड़ने वाले प्रभाव को भी समझना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बतौर राज्यपाल उन्हें न्यायिक फाइलों का अवलोकन करने का अवसर मिलता है और कई मामलों में यह देखने को मिलता है कि अत्यधिक वृद्ध व्यक्ति भी लंबे समय से जेल में निरुद्ध हैं। उन्होंने आजीवन कारावास की सजा के संदर्भ में कहा कि सजा की अवधि और उम्र के संबंध में भी स्पष्ट एवं मानवीय दृष्टिकोण पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस विषय में आयु और परिस्थितियों के अनुरूप उपयुक्त नियम एवं व्यवस्था पर विचार आवश्यक है।

राज्यपाल ने महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि कई बार छोटे बच्चों की देखभाल एवं पालन-पोषण की जिम्मेदारी भी सरकार के सामने होती है। उन्होंने कहा कि दहेज अथवा अन्य मामलों में प्राथमिकी दर्ज करते समय कई बार पूरे परिवार के सदस्यों के नाम शामिल कर दिए जाते हैं, जबकि उनमें से कुछ लोग घटना के समय वहां उपस्थित भी नहीं होते। ऐसे मामलों में तथ्यों की गंभीरता से जांच और न्यायोचित दृष्टिकोण अपनाए जाने की आवश्यकता है।

उन्होंने पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत 17 वर्ष से कम आयु के बच्चों से संबंधित मामलों पर चर्चा करते हुए कहा कि केवल दंडित करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि निर्णय के बाद की स्थिति पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। बच्चों की काउंसलिंग के साथ-साथ उनके अभिभावकों की काउंसलिंग तथा उनके पुनर्वास की दिशा में भी प्रयास होने चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि समाज के जिम्मेदार एवं वरिष्ठ लोग भी ऐसे बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। राज्यपाल ने प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारियों को राजकीय बाल गृह एवं संप्रेषण गृहों का विजिट करने की सलाह दी। उन्होंने स्वयं किए गए ऐसे विजिट के अनुभव साझा करते हुए कहा कि किसी मामले में निर्णय दिए जाने के बाद संबंधित बच्चे या परिवार किस परिस्थिति से गुजर रहे हैं, इसे समझना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में निर्णय के साथ-साथ उसके सामाजिक एवं मानवीय प्रभाव को भी समझना चाहिए।

प्रदेश के राजकीय बाल गृहों में उनके मार्गदर्शन एवं प्रयासों से किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जनपदों में राजकीय बाल गृहों का भ्रमण किया तथा संबंधित अधिकारियों एवं जिम्मेदार व्यक्तियों को बुलाकर बच्चों के खान-पान, रहन-सहन, शिक्षा एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को राजकीय बाल गृहों से जोड़ा गया है और उनके माध्यम से स्मार्ट क्लास सहित अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिक्षकों की आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने जन भवन में राजकीय बाल गृह की 40 बालिकाओं को दिए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षणों का उल्लेख करते हुए बताया कि बालिकाओं को कत्थक, भरतनाट्यम, स्केटिंग, बांसुरी वादन, बैंड, व्यंजन पकाने तथा अन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही 16 बच्चों को जन भवन विद्यालय में शिक्षा भी प्रदान की जा रही है। राज्यपाल ने कहा कि स्वयंसेवी संस्थाओं (एनजीओ) के माध्यम से भी ऐसे मामलों पर चर्चा कर प्रभावी समाधान तलाशे जाने चाहिए। बच्चों के सुधार एवं पुनर्वास के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने जन भवन के माध्यम से लखनऊ स्थित सिंधी खेड़ा बालिका गृह की बालिकाओं को अयोध्या दर्शन, वाटर पार्क भ्रमण सहित विभिन्न गतिविधियों से जोड़ने का उल्लेख करते हुए कहा कि ये बच्चे भी प्रतिभाशाली हैं। हमें उन्हें अपने बच्चों की तरह समझकर उनके सर्वांगीण विकास एवं आत्मनिर्भरता के लिए कार्य करना चाहिए। राज्यपाल ने जन भवन में बच्चों को अग्निवीर की तैयारी से संबंधित प्रशिक्षण दिए जाने की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुछ जनपदों में राजकीय बाल गृह के बच्चों को होटल मैनेजमेंट तथा नर्सिंग जैसे व्यावसायिक प्रशिक्षणों से भी जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि इन बच्चों को शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाना आवश्यक है। इससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे सम्मानजनक जीवन की ओर आगे बढ़ सकेंगे।

हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराजद्ध। प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा महोत्सव 2026 के अंतर्गत दिनांक 21 सितंबर 2026 को स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय हिंदी के शब्द, नशामुक्ति का संकल्प रखा गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि एवं जागरूकता उत्पन्न करने के साथ-साथ नशामुक्ति के प्रति सामाजिक चेतना को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम के समन्वयक हिंदी विभाग के अध्यक्ष, प्रो. आशुतोष कुमार सिंह सर रहे।प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. अलका मिश्रा एवं डॉ. अजीत सिंह तथा सह-संयोजक डॉ. बबलू यादव रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरभी तिवारी, शोधार्थी, हिंदी विभाग द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा हिंदी भाषा के माध्यम से नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश देने वाले रचनात्मक एवं प्रभावशाली स्लोगन प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के परिणाम में प्रथम स्थान तृषा द्विवेदी तथा द्वितीय स्थान सत्या प्रजापति को प्राप्त हुआ। वहीं तृतीय स्थान आकाश सिंह एवं कृष्णा केशरवानी को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में अमित यादव, कोमल यादव, प्रियंका तिवारी, मनीष यादव, सुमन लता एवं किसलय सिंह सहित अन्य शोधार्थी उपस्थित रहे। सभी ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए हिंदी भाषा और नशामुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में अमित यादव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों, शिक्षकों, प्रतिभागियों एवं उपस्थित विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी के सहयोग की सराहना की। इस प्रकार हिंदी पखवाड़ा महोत्सव 2026 के अंतर्गत आयोजित स्लोगन लेखन प्रतियोगिता विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति अनुराग, रचनात्मक अभिव्यक्ति तथा नशामुक्त समाज के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने की दिशा में एक सार्थक एवं प्रेरणादायी आयोजन रहा।

दलहन के नि:शुल्क मिनीकिट के लिए पोर्टल पर आवेदन करें किसान : कृषि मंत्री

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार को विधान भवन स्थित कक्ष संख्या 48 में दलहन मिनिकिट वितरण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण वितरण की समीक्षा बैठक की। कृषि मंत्री ने प्रदेश के किसानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में एग्रीदर्शन यूपी पोर्टल पर आवेदन कर दलहन मिनिकिट योजना का लाभ उठाएं। समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रदेश स्तर पर दलहन मिनिकिट (चना, मटर और मसूर) के 2,09,378 पैकेट लक्ष्य के सापेक्ष 1,88,045 पैकेट बुक कर 90 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर ली गई है। तोरिया मिनिकिट में भी 30,000 पैकेट के सापेक्ष 23,963 पैकेट (80 प्रतिशत) की बुकिंग पूरी हो चुकी है।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **12.10.2026 को 15:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	निविदा सूचना संख्या	00952026 दिनांक 18.09.2026
2	निविदा संख्या	37-SrDEN-I-LKO-2026-27
3	कार्य का नाम	सहायक मंडल अभियंता –प्रथम/लखनऊ के अंतर्गत सी. से. इंजी/कार्य/लखनऊ के उतरेटिया–लखनऊ के खंड में कि.मी. 1068/35–37 पर स्थित लघु पुल संख्या 778 (पिपराघाट पुल के निकट) में ट्विन बॉक्स आरयूबी/एलएचएस की व्यवस्था।
4	अनुमानित लागत	रु. 12,31,94,072.74
5	धरोहर राशि	रु. 24,63,900.00
6	कार्य की समापन अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से नौ माह।
7	निविदा डालने की प्रारंभ तिथि	28.09.2026
8	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	12.10.2026
9	वेबसाईट	www.ireps.gov.in

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3262/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

गौ माता की रक्षा पर्यावरण और कृषि के लिए भी जरूरी : चंपत राय

प्रयागराज। गौ माता के संरक्षण से धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण और कृषि की भी रक्षा होती है। मानव जीवन के लिए गौ माता का संरक्षण आवश्यक है। इसके लिए समाज को आगे आकर संकल्प लेना चाहिए। यह बात विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय ने सोमवार को झूंसी स्थित विहिप गोधाम में आयोजित गौ अभिषेक कार्यक्रम में कही। गोधाम में प्रत्येक सोमवार को होने वाले गौ अभिषेक कार्यक्रम में चंपत राय शामिल हुए और विधि-विधान से गौ अभिषेक किया। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में गौ माता के प्रत्येक अंग में देवी-देवताओं का वास माना गया है। पाप और संताप से मुक्ति, पुण्य तथा सात्विकता की प्राप्ति के लिए गौ सेवा और गौ अभिषेक की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। इसका उल्लेख पुराणों और महाभारत काल में भी मिलता है। चंपत राय ने कहा कि गौ माता की रक्षा का संकल्प सभी को लेना चाहिए। आज के समय में पर्यावरण संरक्षण और कृषि व्यवस्था के लिए भी गौ संरक्षण महत्वपूर्ण है। विश्व हिंदू परिषद की ओर से गौ रक्षा के लिए समय-समय पर विभिन्न अभियान और कार्यक्रम चलाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पूज्य अशोक सिंघल की जन्मशती के अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

महाप्रबंधक ने परखी स्टेशन विकास कार्यों की प्रगति

❐ विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयसीमा का रखें ध्यान, यात्री सुविधाओं व संरक्षा को प्राथमिकता के निर्देश

❐ सफाई कर्मियों से मिले, पीपीई किट देकर बढ़ाया उत्साह; निर्माणाधीन पैदल मार्ग और सबवे की भी ली जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने सोमवार को एकदिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के तहत बनारस और वाराणसी सिटी स्टेशन का स्थलीय निरीक्षण किया। उनके साथ प्रमुख मुख्य इंजीनियर तुषार कांत पांडेय, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (आरएसपी/निर्माण) नवीन कुमार झा, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर रविश कुमार और मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

महाप्रबंधक ने सबसे पहले बनारस स्टेशन के यार्ड में बनने वाले तीन मीटर चौड़े उपरिगामी पैदल मार्ग की कार्ययोजना और प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास योजना के तहत मानचित्र के माध्यम से विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने, निर्धारित मानकों का पालन करने और सभी कार्य समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित निगरानी और समीक्षा पर भी जोर दिया।

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान के तहत महाप्रबंधक ने संविदा सफाई कर्मियों से मुलाकात कर सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने सफाई कर्मियों को पीपीई किट प्रदान की और सेल्फी प्वाइंट पर उनके साथ तस्वीर खिंचवाकर उनका उत्साह बढ़ाया।

उन्होंने सफाई व्यवस्था को लगातार प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए। भारतेंदु सभागार में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से वाराणसी मंडल में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को समयसीमा का पालन करने, गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने तथा यात्री सुविधाओं और संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न यूनियनों और एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से भी शिष्टाचार भेंट की। इसके बाद महाप्रबंधक ने वाराणसी सिटी स्टेशन का निरीक्षण किया और यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। अमृत भारत योजना के तहत निर्माणाधीन 12 मीटर चौड़े उपरिगामी पैदल पुल सहित अन्य विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

अधिकारियों को निर्माण कार्य समय पर पूरा करने, गुणवत्ता और संरक्षा मानकों का पालन करने तथा यात्रियों को न्यूनतम असुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। महाप्रबंधक ने वाराणसी सिटी-सारनाथ के बीच समपार संख्या 22ए पर निर्माणाधीन सीमित ऊंचाई वाले भूमिगत मार्ग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए निर्माण कार्य समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) अशोक कुमार वर्मा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (अवसंरचना) अजय सिंह सहित सभी शाखा अधिकारी उपस्थित रहे।

यात्रीगण कृपया ध्यान दें !

महत्वपूर्ण सूचना

पूजा विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित पूजा विशेष रेलगाड़ियों की परिचालन अवधि को निम्नानुसार बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी नाम	आवृत्ति/चलने के दिन	पूर्व अधिसूचित तिथि	विस्तारित अवधि	स्थान	कुल अतिरिक्त फेरे
09093 उधना जं. – अयोध्या कैंट वाया लखनऊ	शुक्रवार	28.08.26	16.10, 23.10, 30.10, 06.11 & 13.11.2026	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान	10
09094 अयोध्या कैंट–उधना जं.	शनिवार	29.08.26	17.10, 24.10, 31.10, 07.11 & 14.11.2026		
09097 उधना जं. – अयोध्या कैंट वाया लखनऊ	मंगलवार	25.08.26	06.10, 13.10, 20.10, 27.10, 03.11, 10.11, 17.11 & 24.11.2026	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान	16
09098 अयोध्या कैंट–उधना जं.	बुधवार	26.08.26	07.10, 14.10, 21.10, 28.10, 04.11, 11.11, 18.11 & 25.11.2026		
09183 मुंबई सेन्ट्रल–मऊ जं. वाया वाराणसी जं.	बुधवार	30.09.26	07.10, 14.10, 21.10, 28.10, 04.11, 11.11, 18.11 & 25.11.2026	प्रथम वाता. 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनामी	16
09184 मऊ जं. – मुंबई सेन्ट्रल–	शुक्रवार	02.10.26	09.10, 16.10, 23.10, 30.10, 06.11, 13.11, 20.11 & 27.11.2026		

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

पर हमें फॉलो करें

3268/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

छोटी घटनाएं बड़ी न बनें, डीएम एसपी रखें नजर: मुख्यमंत्री

सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचें आलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। प्रार्थना पत्रों को देखने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में वैमनस्यता फैलाने वाले लोग मामूली घटनाओं को बड़ा बनाना चाहते हैं। ऐसे में जिलों में हर छोटी से छोटी घटना पर डीएम व एसपी स्वयं नजर रखें। तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ितों की सुनवाई करें और दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई कर मामलों का पटाक्षेप कराएं। उन्होंने चेतावनी दी कि छोटी-छोटी घटनाओं में भी उदासीनता व लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

मुख्यमंत्री 'जनता दर्शन' में कुर्सियों पर बैठे हर पीड़ित से मिले। उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुना। मुख्यमंत्री ने प्रशासन, पुलिस, राजस्व, विद्युत आदि से जुड़ी शिकायतों का प्रार्थना पत्र लेते हुए कहा कि सरकार साढ़े नौ साल से बिना भेदभाव हर पीड़ित की उचित समस्या का समाधान करा रही है। अधिकारी संवेदनशील होकर जनशिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। पात्र व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं, मरीजों के इलाज की व्यवस्था कराएं और भूमाफिया/दबंगों पर कठोरतम कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस व राजस्व से जुड़ीं सर्वाधिक शिकायतें आईं। मुख्यमंत्री ने सख्त होते हुए कहा कि पुलिस कमिश्नर, एडीजी, आईजी, डीआईजी, एसएसपी स्तर के अधिकारी नियमित रूप से जनसमस्याओं का जिलों में निराकरण कराएं। किसी मातहत द्वारा यदि लापरवाही की शिकायत मिले तो उस पर भी कार्रवाई करें। राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। 'जनता दर्शन' में मां के साथ आए नन्हे बच्चे से मुख्यमंत्री ने हालचाल पूछा। फिर पढ़ाई के बारे में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने उसकी तरफ चॉकलेट बढ़ाई तो उसने झट से चॉकलेट ले ली। फिर सीएम ने चॉकलेट वापस मांगी तो बच्चे ने मना कर दिया। इस पर पूरा हॉल खिलखिला उठा। मुख्यमंत्री ने सुखद भविष्य का आशीर्वाद देते हुए बच्चे से मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा।

महिला समानता पर कांग्रेस-सपा को तय करना होगा रुख : राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- इटली में बुर्का-नकाब पर प्रस्तावित प्रतिबंध का किया स्वागत, बोले—बेटियों के अधिकार राजनीतिक हित से ऊपर
- कहा—शिक्षण संस्थानों में समान नियम हों, शिक्षा का उद्देश्य स्वतंत्र सोच और समान नागरिकता की भावना विकसित करना



लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी द्वारा स्कूलों में बुर्का और नकाब पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव का स्वागत किया है। मेलोनी ने 20 सितंबर को स्कूलों में बुर्का और नकाब पर प्रतिबंध के साथ कक्षाओं में विदेशी विद्यार्थियों की संख्या सीमित करने तथा कुछ विदेशी विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए इतालवी भाषा सीखना अनिवार्य करने की घोषणा की थी। प्रस्ताव को कानून बनने से पहले संसदीय मंजूरी की प्रक्रिया से गुजरना होगा।

डॉ. सिंह ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में समान नियम, महिला गरिमा और सामाजिक समानता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकार, शिक्षा और समानता किसी भी राजनीतिक हित से ऊपर होने चाहिए। उन्होंने कहा, कट्टरपंथ पर मौन रहना उदारवाद नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकारों के प्रति विश्वासघात है। डॉ. सिंह ने अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश में महिलाओं एवं बच्चियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों का उल्लेख करते हुए कहा कि महिला शिक्षा और सुरक्षा को लेकर दुनिया के सामने गंभीर चुनौतियां हैं। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा, ह्लकांग्रेस-सपा को तय करना होगा—महिला समानता या वोटबैंक की राजनीति। उन्होंने राजनीतिक दलों से बेटियों के अधिकार और गरिमा को राजनीतिक हितों से ऊपर रखने का आह्वान किया। उन्होंने भारत के शिक्षण संस्थानों में समान एवं धर्मनिरपेक्ष नियमों की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि निर्धारित वर्दी का पालन होना चाहिए और चिकित्सकीय आवश्यकता को छोड़कर कक्षा में चेहरा ढकने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। उनके अनुसार शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, स्वतंत्र सोच और समान नागरिकता की भावना विकसित करना है। डॉ. सिंह ने कहा, हमारा विजन ऐसा भारत है, जहां प्रत्येक बेटी स्वतंत्रता और आत्मविश्वास के साथ पढ़े और उसकी पहचान उसकी प्रतिभा से हो—पर्दे, पाबंदियों या कट्टरपंथ से नहीं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को महिला अधिकार और समानता जैसे विषयों पर स्पष्ट नीति अपनानी चाहिए। डॉ. सिंह ने कहा, तुष्टीकरण अगली पीढ़ी को संकट देता है; स्पष्ट नीति उसे सुरक्षित भविष्य देती है। राष्ट्रहित सर्वोपरि—एक देश, समान नियम।

बीबीएयू में हुआ राजभाषा कार्यान्वयन का व्यावहारिक पक्ष पर व्याख्यान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में सोमवार को हिंदी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित 'राजभाषा हिंदी उत्सव - 2026' के अंतर्गत आयोजित 'सप्त दिवसीय हिन्दी कार्यशाला' में 'राजभाषा कार्यान्वयन का व्यावहारिक पक्ष' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के सहायक निदेशक (राजभाषा) अभिषेक प्रकाश उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मुख्य तौर पर डॉ. बलजीत कुमार श्रीवास्तव, डॉ. प्रीति राय एवं डॉ. संध्या दीक्षित भी उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता श्री प्रकाश ने 'राजभाषा कार्यान्वयन का व्यावहारिक पक्ष' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी का वास्तविक उद्देश्य तभी सार्थक हो सकता है, जब इसका प्रयोग कार्यालयी कार्यों के साथ-साथ दैनिक व्यवहार में भी सहज रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि हिंदी के प्रयोग को केवल राजभाषा संबंधी आयोजनों तक सीमित न रखते हुए इसे नियमित कार्यप्रणाली का अभिन्न अंग बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कार्यालयी पत्राचार, टिप्पण एवं प्रारूपण सहित विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में सरल, सहज एवं प्रभावी हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया। श्री प्रकाश ने कहा कि राजभाषा हिंदी को सशक्त बनाने की जिम्मेदारी केवल किसी एक व्यक्ति या विभाग की नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपने दैनिक कार्य-व्यवहार में हिंदी के प्रयोग को प्राथमिकता दें तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हिंदी का निरंतर एवं व्यावहारिक प्रयोग ही राजभाषा के व्यापक प्रचार-प्रसार और प्रभावी कार्यान्वयन का आधार है। साथ ही 'राजभाषा हिंदी उत्सव-2026' जैसे आयोजन हिंदी के प्रति जागरूकता, आत्मीयता एवं प्रयोग की भावना को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मल्लाही टोला प्रथम वार्ड में नीरज बोरा ने किया सड़क-नाली निर्माण का शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। क्षेत्रवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लखनऊ उत्तर विधानसभा क्षेत्र के मल्लाही टोला प्रथम वार्ड में आज सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन एवं शिलान्यास विधायक डॉ. नीरज बोरा द्वारा किया गया।

डॉ बोरा ने बताया कि वार्ड में अखिलेश सिंह के मकान से हरगोविंद अवस्थी के मकान से होते हुए कमल रस्तोगी के मकान तक सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। सड़क, नाली एवं अन्य जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों के माध्यम से क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में पार्षद सी.बी. सिंह, मंडल अध्यक्ष दयाशंकर पांडे, अनूप सिंह, योगेंद्र सिंह, हरगोविंद अवस्थी, विनय सिंह, अभिनव श्रीवास्तव, अरविन्द कश्यप, पीयूष तिवारी, वी.के. त्रिपाठी, रामकिशोर अवस्थी, अभिषेक शर्मा, मोहित सिंह सहित स्थानीय मधुर अवस्थी, सतीश शर्मा, सुशील तिवारी, निवासी उपस्थित रहे।

शाइनिंग लीफ फाउंडेशन का उद्घाटन, समाजसेवी सम्मानित

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गांधी भवन प्रेक्षागृह में शाइनिंग लीफ फाउंडेशन का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि अनुप कुमार गुप्ता, सदस्य विधान परिषद, उत्तर प्रदेश रहे।समारोह में समाजसेवी लालबहादुर राय को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार और संदीप शुक्ला को विशेष सम्मान दिया गया। संस्था की अध्यक्ष माही मिश्रा ने बताया कि फाउंडेशन किसानों की सहायता, जरूरतमंदों की मदद, गौसेवा, वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करेगा।

सरोजनीनगर में डंपर से टकराई दरोगा की कार, मौत

सरोजनीनगर, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।क्षेत्र में सोमवार सुबह हुए सड़क हादसे में डायल 112 मुख्यालय में तैनात दरोगा सत्येंद्र सिंह (51) की मौत हो गई। उनकी तेज रफ्तार वैगनआर कार दरोगा खेड़ा के पास सड़क किनारे खड़े डंपर में जा भिड़ी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस के अनुसार कानपुर नगर के सनिगवां कोयला नगर निवासी सत्येंद्र सिंह सोमवार सुबह करीब सात बजे कानपुर से लखनऊ आ रहे थे। दरोगा खेड़ा के पास अचानक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े डंपर में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सत्येंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दरोगा को सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की जांच की जा रही है।

महिलाओं को बैंकिंग योजनाओं और उद्यमिता की दी जानकारी

मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पाण्डेय कॉम्प्लेक्स, मोहनलालगंज में चल रहे 15 दिवसीय कौशल सुधार प्रशिक्षण में रविवार को प्रशिक्षणार्थियों को बैंकिंग योजनाओं और उद्यमिता की जानकारी दी गई। मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र, लखनऊ द्वारा जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट के सहयोग से संचालित इस प्रशिक्षण में बालिकाओं व महिलाओं को ब्यूटी पार्लर का रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा प्रबंधक भारती मिश्रा ने स्वरोजगार के लिए ऋण, वित्तीय सुविधाओं और बैंकिंग प्रक्रिया की जानकारी दी। वहीं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अवधेश कुमार ने उद्यमिता के गुर सिखाए। उन्होंने कहा कि हुनर को व्यवसाय में बदलने के लिए सही योजना, मेहनत और वित्तीय प्रबंधन जरूरी है। प्रशिक्षणार्थियों ने कहा कि कौशल के साथ कारोबार की जानकारी मिलने से उन्हें अपना ब्यूटी पार्लर शुरू करने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त व आत्मनिर्भर बनाना है।

ये हिन्दुस्तान की तासीर है जहां नफरत का बीज पनप नहीं पाता : शिव कुमार व्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। देवी प्रसाद धीमान 'अनुपम' ककोरवी द्वारा रचित पुस्तक 'अनुपम भारत वन्दन'(काव्य संग्रह) पुस्तक का विमोचन एवं अनुपम परिवारिक चित्रकला तीन दिवसीय प्रदर्शिनी का सुप्रसिद्ध कवि शिव कुमार व्यास,राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र मिश्रा ने किया।पंडित दीनदयाल उपाध्याय काम्प्लेक्स,हौदा तालाब काकोरी में देवी प्रसाद धीमान अनुपम द्वारा आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह विभाग प्रचारक रमाकान्त गुप्ता दादू ने किया।कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वन्दना एवं दीपप्रज्वलन से हुई।

इस अवसर पर राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र मिश्रा ने कहा कि आज जो चुनौतियां पेश है उनमें ऐक्य भावना की बहुत जरूरत है।उसी से विकास होता है।देश की आजादी में काकोरी का बहुत महत्व है।यह पुस्तक आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करती रहेगी।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि अशोक अग्निपथिक ने किया।

कवि शिव कुमार व्यास ने अपने वक्तव्य और गीतों से खूब सूरत समां बांध दिया।उन्होंने अनुपम परिवार के हिन्दी और कला के प्रति विशेष लगाव की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस देश की तासीर है कि यहां नफरत का बीज नहीं रह पाता है।उन्होंने कहा संघर्ष से राजपथ पहुंचना है।संघर्ष से ही सृजन होता है।उन्होंने अपना समसामयिक स्थितियों पर एक गीत भी सुनाया।इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन नजमी आरफी,बाबू त्रिलोकी सिंह इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ आरके सिंह,अतुल सिंह सेंगर,डॉ फुरकान अली मखमूर ककोरवी,शकील अहमद,पुरुषोत्तम गुप्ता,कदर अहमद खान उर्फ बन्ने मियां,राजेश सिंह,कमलेश द्विवेदी,प्रेम सागर,शिवम धिमान,शुभम धिमान,विष्णु धिमान,बाबू त्रिलोकी सिंह इण्टर कालेज प्रवक्ता सुनील कुमार,ग्रामीण पत्रकार कल्याण समिति अध्यक्ष केशरी राव धारा सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में दर्शक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

घर में घुसकर महिला से मारपीट का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चिनहट लखनऊ। चिनहट थाना क्षेत्र के कंचनपुर मटियारी में पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला के घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़िता अनीता यादव ने अपने जेठ, देवर समेत कई लोगों पर घर में घुसकर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला करने, गाली-गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता के मुताबिक मकान और जायदाद के बंटवारे को लेकर परिवार के लोगों से काफी समय से रंजिश चल रही है। 17 सितंबर को दोपहर करीब तीन बजे आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। घटना में उसे चोटें आईं और उसने डायल-112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस के बाद वह उपचार के लिए लोहिया अस्पताल चली गई। पीड़िता का आरोप है कि अगले दिन 18 सितंबर की सुबह करीब आठ बजे उसके पति के घर पर नहीं होने के दौरान नामजद समेत अन्य लोग एक राय होकर उसके घर में घुस आए। आरोपियों के हाथों में लाठी-डंडे और लोहे की रॉड थी। आरोप है कि घर में घुसते ही उन्होंने गाली-गलौज करते हुए महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उसकी पुत्री ने मोबाइल से घटना का वीडियो बनाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने मोबाइल छीनकर जमीन पर पटक दिया, जिससे वह टूट गया। पीड़िता के अनुसार हमलावरों ने लोहे की रॉड से उसके सिर पर वार किया, जिससे सिर फट गया और खून बहने लगा। मारपीट के दौरान आरोपियों ने कथित तौर पर जान से मारने की धमकी भी दी। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण महिला मौके पर ही गिर गई। इसके बाद आरोपी मौके से चले गए। घटना के बाद पीड़िता ने पड़ोस के मोबाइल नंबर से डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और महिला का मेडिकल परीक्षण कराया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी लगातार उसे और उसके परिवार को धमका रहे हैं तथा मकान-जायदाद को लेकर दोबारा विवाद कर सकते हैं। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने और अपनी तथा अपनी दोनों पुत्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। चिनहट पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पटना नगर निगम की टीम ने लखनऊ की स्वच्छता व्यवस्था का किया अध्ययन



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पटना नगर निगम के 14 पार्षदों और एक अपर नगर आयुक्त के दल ने सोमवार को लखनऊ नगर निगम क्षेत्र का भ्रमण कर स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और आधुनिक शहरी सुविधाओं की व्यवस्थाओं का अध्ययन किया। दल ने नगर निगम द्वारा अपनाई जा रही कार्यप्रणाली और तकनीकी व्यवस्थाओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। भ्रमण के दौरान टीम ने डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, आवासीय एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण, कचरे के परिवहन, ट्रांसफर स्टेशन तथा मैनुअल और यांत्रिक सड़क सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम ने 1090 चौराहे स्थित ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण कर कचरा संग्रहण और परिवहन की पूरी प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। दल ने चार्जिंग स्टेशन का भी अवलोकन किया। अधिकारियों ने इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था विकसित करने के लिए नगर निगम द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। इसके बाद पटना नगर निगम की टीम ने लखनऊ स्मार्ट सिटी कार्यालय का भ्रमण किया। यहां इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया गया। टीम को शहर की विभिन्न गतिविधियों की निगरानी, शिकायतों के निस्तारण, यातायात प्रबंधन और अन्य शहरी सेवाओं की निगरानी के संबंध में जानकारी दी गई। पटना नगर निगम के पार्षदों और अधिकारियों ने लखनऊ नगर निगम की स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और तकनीकी व्यवस्थाओं को समझने के साथ संबंधित अधिकारियों से विभिन्न कार्यप्रणालियों पर चर्चा की।

अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाना ही जनसेवा का सबसे बड़ा उद्देश्य : पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को अपने आवास पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों से आत्मीय भेंट कर उनकी समस्याओं, अपेक्षाओं एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों को पूरी संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ सुना।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नागरिकों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न प्रकरणों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से वार्ता की तथा समस्याओं के शीघ्र, समयबद्ध, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक पात्र व्यक्ति को नियमानुसार त्वरित राहत उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि ह्लअंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाना ही हमारी जनसेवा का सबसे बड़ा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि शासन की योजनाओं एवं जनकल्याणकारी सुविधाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक समस्या को संवेदनशीलता के साथ सुनना और उसका प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना सरकार की प्रतिबद्धता है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर नियमानुसार समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े और शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सुगमता से

अभाविप ने विभिन्न समस्याओं को लेकर कुलपति कार्यालय का घेराव किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को छात्रों से जुड़ी समस्याओं को लेकर नारेबाजी करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय का घेराव किया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एवं छात्रावास फ़ीस वृद्धि होने के बावजूद छात्रों को आधारभूत सुविधाएं जैसे-पेयजल, गुणवत्तापूर्ण भोजन और उचित शिक्षा व स्वच्छता व्यवस्था इत्यादि प्रदान नहीं की जा रही हैं। छात्रों ने चेतावनी दी है कि जब तक हमारी मांगों पर गंभीरता से कार्रवाई नहीं की जाती है, तब तक प्रदर्शन को जारी रखेंगे। छात्रों का आरोप है कि जबसे नए कुलपति प्रोफ़ेसर जय प्रकाश सैनी आये हैं, तब से सिर्फ फीस वृद्धि हुई है। न तो कक्षाओं में पढ़ने के लिए बेहतर सीटें हैं, न ही उनमें उचित लाइट और पंखों की व्यवस्था की गई। यहां तक कि शुद्ध पीने का पानी और स्वच्छ शौचालय की भी उपलब्धता नहीं है। महमूदाबाद छात्रावास में रहने वाले छात्र मयंक शर्मा ने कहा कि छात्रावास में खाने की गुणवत्ता बहुत खराब है, जिसे खाने के बाद छात्र बीमारी का शिकार हो रहे हैं। कैलाश महिला छात्रावास की छात्राओं ने बताया कि छात्रावास में खाना, पीने का पानी और स्वच्छता का स्तर बहुत घटिया है। न वॉशरूम के दरवाजे में कुंडी है, न ही उसकी साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है। विश्वविद्यालय प्रशासन को कई बार सूचित भी किया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। महमूदाबाद छात्रावास में रहने वाले अभिनव सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक छात्र संगठन है, जो हमेशा छात्रों के हितों के लिए आवाज उठाता रहा है। इसके कार्यकर्ता बिना किसी पक्षपात और भेदभाव के छात्रों के लिए आवाज उठाते हैं। कुलपति कार्यालय के सामने प्रदर्शन के दौरान विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रोफ़ेसर राकेश कुमार द्विवेदी ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया लेकिन आक्रोशित छात्रों ने उनसे बात न कर सीधे कुलपति से ही बात करने की मांग की है। साथ ही छात्रों ने विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में भी प्रशासनिक भवन निर्माण करवाने की मांग की।

बिसवां बस स्टॉप पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण

प्रभारी मंत्री मनोज पांडे ने बटन दबाकर किया माल्यार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां सीतापुर। अभी हाल ही में सौंदर्यकृत हुए बस स्टाप पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की मूर्ति का अनावरण कैबिनेट एवं जिले के प्रभारी मंत्री मनोज पांडे ने बटन दबाकर एवं माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि किसी देश परंपरा संस्कृति सभ्यता और पहचान को खत्म करना हो तो उसको इतिहास को खत्म कर दो इस देश में करीब पांच सौ बार मुगलों ने हमला किया और लूटा

उन्होंने केवल धन नहीं लूटा उन्होंने हमारी संस्कृति और संस्कार हमारी वैदिक सनातन परंपराएं थी उनको तोड़ते हुए इतिहास को छिन्न-भिन्न करने का काम किया और अंग्रेजों ने हुकूमत किया जब वह आए थे सबसे पहले हमारे इतिहास को कलंकित और कमजोर करने का काम किया आज हमारी जो पहचान है वो इतिहास हमारे पुरखो और पूर्वजों का है उससे बचाने कि जिम्मेदारी व कर्तव्य हमारा हैं उन्होंने अटल जी के किए गए कार्यों का व्यापक व्याख्यान किया उन्होंने देश पर आये संकट पर बोलते हुए कहा केंद्र में नेहरू की सरकार थी अटल जी विपक्ष में थे तीन बार देश पर संकट आया लेकिन अटल जी ने सदैव देश हित को सर्वोपरि समझा और वर्तमान सरकार का समर्थन करते हुए फैसला लिया और कहा भारतीय जनता पार्टी और वह स्वयं सरकार के साथ है। जबकी वर्तमान की विपक्ष ने पहलगाम हमले में सरकार और सैनिकों की कार्य पर ही प्रश्न चिन्ह लगा दिए जिससे विदेशो में सरकार की क्या छवि हुई और विपक्ष ने तो भगवान राम की उत्पत्ति पर ही संदेह खड़ा कर दिया साथ ही गंगा नदी को ही नाला कहने मे भी कोई गुरेज नहीं किया। उन्होंने विपक्ष के कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि पूर्व व्रती सरकारों मे देश की बहू बेटियां सुरक्षित नहीं थी लेकिन आज भाजपा सरकार में बहू बेटियां सुरक्षित हैं और निर्भीक होकर कहीं भी आ जा सकती है उन्होंने जनपद में हुए खाद्यान्न घोटाले पर बोलते हुए कहा कि किसी भी दोषी को बक्सा नहीं जाएगा चाहे वह कोई भी कितना भी बड़ा अधिकारी क्यों ना हो उन्होंने पत्रकार वार्ता के दौरान समाजवादी पार्टी को भी आड़े हाथों लिया और कहां वहां अभी भी पद के लिए मार काट मची हुई है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि अटल जी का संपूर्ण जीवन कार्यकर्ता और देशवासियों के लिए सदैव पथ-प्रदर्शक रहेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेई केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा के प्रतीक थे। उन्होंने अपनी नीतियों और दूरदर्शिता से भारत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाई। समारोह के दौरान समाज और संगठन में अतुलनीय योगदान देने वाले दर्जनों वरिष्ठजनों व प्रबुद्ध नागरिकों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन जिला महामंत्री सुधाकर शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के सफल समापन के उपरांत कैबिनेट मंत्री मनोज पाण्डेय ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और अटल जी के सपनों के भारत को साकार करने के संकल्प को दोहराया। इस दौरान सुधाकर शुक्ला, ज्या सिंह, अनुज वर्मा अतुल वर्मा अंशुमान वर्मा पंकज गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद थे।

बीडीओ पर 20 प्रतिशत कमीशन के आरोप, ब्लॉक प्रमुख ने डीएम से की शिकायत

अधूरे व मौके पर न हुए कार्यों के भुगतान का भी आरोप, स्थानांतरण की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



परसेंडी, सीतापुर । विकास खंड परसेंडी के ब्लॉक प्रमुख राजेन्द्र राजवंशी ने खंड विकास अधिकारी रजनीश शुक्ला की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. को शिकायती पत्र सौंपा है। पत्र में बीडीओ पर ग्राम प्रधानों से कथित कमीशन वसूली, चहेते ठेकेदारों को काम दिलाने तथा अधूरे अथवा मौके पर कार्य न होने के बावजूद भुगतान कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

ब्लॉक प्रमुख के अनुसार 17 सितंबर 2026 को ग्राम प्रधानों ने संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त प्रार्थना पत्र देकर बीडीओ के व्यवहार और कार्यप्रणाली की शिकायत की थी। आरोप है कि शासन की प्राथमिकता वाले आंगनबाड़ी भवन, अन्नपूर्णा भवन, खेल मैदान और मध्यान्ह भोजन योजना के शेड जैसे कार्यों की अपेक्षा कमीशन वाले निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

शिकायत में कई कार्यों का उल्लेख करते हुए भुगतान पर सवाल उठाए गए हैं। चांदपुर में बीना का पशुबाड़ा निर्माण की स्वीकृत धनराशि 1.74 लाख रुपये बताई गई है, जबकि 1,25,115 रुपये भुगतान होने और मौके पर कार्य न होने का आरोप है। कैमहरा वजीरपुर में पारा में डामर रोड से जेएस सिंह के कॉलेज तक खड़ंजा निर्माण की , , उदयमलपुर में सोनू यादव के मकान से रामखेलावन के मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण के लिए करीब 7.60 लाख रुपये की धनराशि का उल्लेख करते हुए शिकायत में अनियमितता का आरोप लगाया गया है। वहीं शंकरपुर में स्कूल से तालाब तक नाला निर्माण की स्वीकृत धनराशि 22.06 लाख रुपये और भुगतान 19,64,385 रुपये बताया गया है। शिकायत के मुताबिक कार्य अधूरा व मानकविहीन होने के बावजूद उसे पूर्ण दिखाकर भुगतान किया गया। दसेलिया में झाला से नाला तक नाला निर्माण की लागत 6.70 लाख रुपये बताते हुए कार्य अधूरा छोड़कर भुगतान किए जाने का आरोप लगाया गया है। ब्लॉक प्रमुख ने आरोप लगाया कि स्टीमेट स्वीकृति के नाम पर पांच प्रतिशत तथा भुगतान के समय 15 प्रतिशत तक कथित कमीशन लिया जाता है। उन्होंने श्रमिकों की मजदूरी व सामग्री भुगतान लंबित होने का भी दावा किया है। राजेन्द्र राजवंशी ने जिलाधिकारी से राजस्व एवं विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर जांच कराने, दोषियों पर कार्रवाई करने तथा बीडीओ रजनीश शुक्ला का स्थानांतरण कराने की मांग की है।

नगर पालिका परिषद खैराबाद में 38.80 करोड़ का अनुमानित बजट सर्वसम्मति से पारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद, सीतापुर। नगर पालिका परिषद खैराबाद, सीतापुर की बोर्ड बैठक आज दिनांक 21 सितंबर 2026 को अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता की अध्यक्षता में पालिका सभागार में आयोजित हुई। बैठक में नगर के विकास एवं जनसुविधाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु 38 करोड़ 80 लाख का अनुमानित बजट नगर के सर्वांगीण विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार के उद्देश्य से सर्वसम्मति से पारित किया गया। बजट में नगर की सड़क एवं निर्माण कार्य, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, जल निकासी, यातायात प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया है। अध्यक्ष बेबी गुप्ता ने कहा कि पालिका का उद्देश्य उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए खैराबाद को स्वच्छ, सुंदर, व्यवस्थित एवं विकसित नगर के रूप में आगे बढ़ाना है। उन्होंने नगर के विकास में सभासदों एवं नागरिकों के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। बोर्ड बैठक में श्री राकेश राठौर सांसद सीतापुर, प्रेम शंकर गुप्ता अधिशासी अधिकारी एवं सभासदगण एवं पालिका के संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

उर्स गौसुल आजम की तैयारियां तेज, देशभर से पहुंचेंगे अकीदतमंद

बरौंसा, सुल्तानपुर। गोसाईगंज के गौसाबाद स्थित दरगाह हजरत महबूबुल आरिफीन में 24 से 30 सितंबर तक होने वाले 76वें वार्षिक उर्स हजरत गौसुल आजम रहमतुल्लाह अलैह की तैयारियां तेज हो गई हैं। सात दिवसीय उर्स को लेकर खानकाह परिसर की साफ-सफाई, सजावट और जायरीनों की सुविधा संबंधी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। देश के विभिन्न प्रांतों से बड़ी संख्या में अकीदतमंदों के पहुंचने की संभावना है। खानकाह कादिरिया के सज्जादा व जायेनशीन सूफी संत मोहम्मद नसीमुद्दीन कादिरी ने बताया कि उर्स धार्मिक आयोजन के साथ सर्वधर्म सद्भाव, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देता है। सूफी संतों ने हमेशा प्रेम, शांति और सौहार्द का मार्ग दिखाया है। उर्स के माध्यम से उनके इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। इस मौके पर पीरजादा सूफी आसिफ जीलानी कादिरी, पीरजादा आमिर जीलानी, राम विसाल तिवारी, आदिल जीलानी, आरिफ जीलानी, आतिफ जीलानी, आतिर जीलानी और अभिमान सिंह मौजूद रहे।

किशोरी से दुष्कर्म करने के दो आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना मिर्ज़ापुर पुलिस ने किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म एवं जान से मारने धमकी देने के 02 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। 14 सितम्बर को एक व्यक्ति ने थाना मिर्ज़ापुर पुलिस को तहरीर दी। आरोप था कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बड़ी सरैयां गांव के रहने वाले ज्ञानेन्द्र पुत्र नरवीर, राजकुमार पुत्र रामसेवक और भीम पुत्र सुन्दर बहला फुसलाकर भगा ले गए और उसकी नाबालिग पुत्री के साथ सामूहिक बालात्कर किया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट और जान से मारने की धमकी आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। आज थाना मिर्ज़ापुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ढाई अजमापुर रोड से वांछित अभियुक्त ज्ञानेन्द्र पुत्र नरवीर और भीम पुत्र सुन्दर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस फरार तीसरे अभियुक्त राजकुमार पुत्र रामसेवक की तलाश में है।

व्यापार मंडल का यूपीआई भुगतान पर लगाए गए एमडीआर के विरोध में प्रदर्शन, दिया ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष पंकज वर्मा सर्राफ के नेतृत्व में तमाम व्यापारियों ने दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई भुगतान पर लगाए गए एमडीआर के विरोध में प्रदर्शन किया और विरोध जताते हुए यूपीआई के क्यूआर कोड साउंड बॉक्स तोड़े। इस दौरान प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रियंका चैधरी को दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि दो हजार रूपये से अधिक के यूपीआई भुगतान पर एमडीआर को लागू करने से प्रदेश के सभी व्यापारियो में आक्रोश है।

व्यापारी पहले से ही आरटीजीएस, चेक, एटीएम ट्रांजक्शन और जीएसटी आदि के द्वारा टैक्स की मार झेल रहा है। ऐसे में अतिरिक्त टैक्स व्यापारी देने में असमर्थ है। यूपीआई पर अतिरिक्त शुल्क न लगाकर ऐसी व्यवस्था की जाए, जिससे व्यापारी और ग्राहक दोनों बिना अतिरिक्त बोझ के डिजिटल भुगतान का अधिक से अधिक उपयोग कर सकें। कोई भी व्यापारी दो हजार के ऊपर का टैक्स अपनी जेब से नहीं देगा। बल्कि वो दो हजार से ऊपर का भुगतान यूपीआई से लेना बन्द कर देगा। ज्ञापन में एमडीआर वापस लेने की मांग की गई। प्रदर्शन करने वालों में व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष पंकज वर्मा सर्राफ के साथ प्रान्तीय संगठन मंत्री तिलकराज भोला, वरिष्ठ जिला महामंत्री अजय मोहन शुक्ला, जिला महामंत्री अनीस खान, जिला कोषाध्यक्ष शकील अहमद, महानगर अध्यक्ष जितेन्द्र नाथ शुक्ला, महानगर कोषाध्यक्ष ओमबाबू सर्राफ, युवा जिलाध्यक्ष अनवार खान, सर्वेश शर्मा, प्रदीप मौर्या, मोहम्मद आलम, अवनीत शुक्ला, आशीष अग्रवाल, शहजाद आदि कई व्यापारी मौजूद रहे।

महिला टीचर को मारी गोली और फ़िर खुद को गोली से उड़ाया

दिन दहाड़े हुई इस घटना ने पूरे इलाके में दहशत मच गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । कोतवाली सदर क्षेत्र में चिल्ड्रन एकेडमी में एक शख्स ने महिला टीचर को मारी गोली और फ़िर खुद को गोली से उड़ाया दिन दहाड़े हुई इस घटना ने पूरे इलाके में दहशत मच गई घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर कोतवाली सदर पुलिस व सभी चौकियों के इंचार्ज व पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई है साथ ही घटना की सूचना मिलते ही मौके पर डी एम, खीरी व पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंच कर मामले की जांच शुरू कर दी साथ कोतवाली सदर पुलिस ने दोनों शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार को शहर के शाहपुर कोठी के पास बने चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल में पढ़ाने वाली एक महिला शिक्षिका को उसी के स्कूल में घुस कर उसके आशिक़ने गोली मार कर हत्या कर दी साथ ही उस आशिक ने खुद भी अपने को गोली मार कर आत्महत्या कर लिया है बताया जाता है लखीमपुर शहर स्थित चिल्ड्रेन्स एकेडमी स्कूल की शिक्षिका निशात फातिमा 26 वर्षीय निवासिनी हिदायतनगर बच्चों को पढ़ा रही थी तभी वहां उनसे मिलने साउद अंसारी 28 वार्षीय निवासी नौरंगाबाद पहुंचा दोनों बात कर रहे थे कि तभी किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई।

विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आ कर साउद अंसारी ने शिक्षिका निशात फातिमा को स्कूल के अंदर ही कई गोलियां मारकर हत्या कर दी। इसके बाद युवक ने खुद की कनपटी पर रख कर गोली मारकर अपनी भी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया जा रहा दोनों लोगों में प्रेम प्रसंग था। इस घटना के बाद मौके डीएम और एसपी सहित भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद है।

अशर्फीगंज में बाघ के हमले से युवक घायल, गांव में दहशत!

अंधेरे में अचानक झपटा बाघ, हाथ-पैर पर आई गंभीर चोटें–वन विभाग ने संभाला मोर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर, खीरी। शीतलपुर ग्रंट पंचायत के ग्राम अशर्फीगंज में बीती रात बाघ के हमले की घटना से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। गांव निवासी त्रिवेणी सहाय उर्फ बबलू पर अचानक बाघ ने हमला कर दिया, जिसमें उनके हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं।

बताया जा रहा है कि बबलू बीती रात गांव के ही धनी राम के साथ थे। इसी दौरान अचानक बाघ ने उन पर हमला बोल दिया। हमले के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल बबलू को परिजनों द्वारा तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण शुरू कर दिया। वनकर्मियों द्वारा आसपास के इलाके में निगरानी बढ़ाते हुए बाघ की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

बाघ के हमले की घटना के बाद अशर्फीगंज और आसपास के गांवों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगली जानवर की मौजूदगी से लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, निगरानी मजबूत करने और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। फिलहाल वन विभाग की टीम पूरे मामले की जांच और इलाके में निगरानी कर रही है।

मिश्रिख प्रीमियर लीग सीजन-1 के मेगा ऑक्शन में खिलाड़ियों की हुई नीलामी



मिश्रिख, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर में पहली बार ऑक्शन बेस मिश्रिख प्रीमियर लीग सीजन-1 के मेगा ऑक्शन का भव्य आयोजन श्री बालाजी मैरिज लॉन में किया गया। तहसील स्तर पर आयोजित होने वाले इस क्रिकेट टूर्नामेंट के मेगा ऑक्शन में प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली 12 टीमों के मालिकों ने अपने-अपने स्टार खिलाड़ियों एवं कप्तानों के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आयोजन रोहित वर्मा एवं गोलू कश्यप द्वारा किया गया, जबकि मेगा ऑक्शन का संचालन टूर्नामेंट के संयोजक मयंक शेखर शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के प्रायोजक रामशंकर सूरज प्रताप सर्राफ एवं नगर पालिका परिषद मिश्रिख नैमिषारण्य रहे। मुख्य अतिथि नगर के सर्राफा व्यापारी विश्वजीत वर्मा एवं नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय भार्गव ने भारत माता एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद टूर्नामेंट की ट्रॉफी का भव्य अनावरण किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया शुरू हुई। टीम मालिकों ने अपनी पसंद के खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने के लिए जमकर बोली लगाई। बिप्पू सिंह, तारिक, मुनीब बेग, जैदान, आरिश मिर्ज़ा, शाहनवाज बेग, प्रभात मिश्रा, सचिन चांदपुर एवं गोलू सूर्या समेत कई खिलाड़ियों पर विभिन्न टीमों ने दांव लगाया। कुछ खिलाड़ियों के लिए एक से अधिक टीमों द्वारा बोली लगाए जाने पर निर्णय पर्ची के माध्यम से किया गया। टूर्नामेंट संयोजक मयंक शेखर शुक्ला ने बताया कि आगामी दिनों में मिश्रिख नगर में पहली बार ऑक्शन बेस नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन बीके मेला मैदान में किया जाएगा। इसमें मिश्रिख, मछरेहटा, जमुनापुर, नैमिषारण्य, कुतुबनगर एवं संदना सहित आसपास के क्षेत्रों के युवा खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। टूर्नामेंट में नगर पालिका परिषद मिश्रिख नैमिषारण्य के साथ ही नगर के प्रमुख व्यापारी बंधुओं की भी सहभागिता रहेगी। उन्होंने बताया कि टीम मालिकों द्वारा खिलाड़ियों की नीलामी की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। अब टूर्नामेंट की तिथियों की घोषणा जल्द की जाएगी। उन्होंने नगर एवं क्षेत्र के लोगों से टूर्नामेंट में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की। मेगा ऑक्शन कार्यक्रम में कमेटी के सदस्य तौफीक, विश्वास, अरुणोदय, श्रवण एवं दीपक सहित रजत अवस्थी, दिव्यांक, आशीष कश्यप आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

अदलाबाद की चौपाल में गूंजी प्रधान की सक्रियता की चर्चा, विधायक शशांक वर्मा ने भी की सराहना

गांव की समस्याओं पर सजग प्रधान राम गोपाल राज की कार्यशैली बनी चर्चा का केंद्र, ग्रामीणों ने जताया भरोसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। निघासन ब्लॉक की ग्राम पंचायत अदलाबाद में आयोजित जनचौपाल में शनिवार को ग्रामीण समस्याओं और गांव के विकास को लेकर जमकर संवाद हुआ। क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा के पहुंचने पर कार्यक्रम में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस दौरान ग्राम प्रधान राम गोपाल राज की सक्रियता और ग्रामीणों से लगातार संवाद बनाए रखने की भूमिका भी चर्चा में रही।

ग्रामीणों के अनुसार ग्राम प्रधान गांव की रोजमर्रा की समस्याओं को लेकर सक्रिय रहते हैं और पंचायत स्तर पर आवश्यक कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि समस्याओं को लेकर प्रधान से संपर्क करने में उन्हें सहजता रहती है। जनचौपाल के दौरान भी ग्रामीणों ने प्रधान की सक्रियता और गांव से जुड़े मुद्दों पर उनकी भूमिका की सराहना की। क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा के जनचौपाल में पहुंचने पर ग्राम प्रधान राम गोपाल राज ने फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया। विधायक ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए गांव की समस्याओं और विकास कार्यों की जानकारी ली।

कार्यक्रम के दौरान प्रधान की सक्रियता और गांव से जुड़े कार्यों को लेकर विधायक की ओर से प्रशंसात्मक बातें कही गईं, जिससे मौजूद ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखने को मिला। जनचौपाल में सड़क, जलभराव, साफ-सफाई व्यवस्था और विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं।

मौके पर उक्त जयेश कुमार सिंह और पंचायत सचिव पंकज कुमार भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित मामलों में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई एवं सहयोग का भरोसा दिलाया। अदलाबाद की चौपाल में ग्रामीणों और ग्राम प्रधान के बीच संवाद और विश्वास का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों की ओर से प्रधान की सक्रियता की सराहना की गई, वहीं विधायक और अधिकारियों की मौजूदगी ने जनसंवाद को और व्यापक बना दिया। ग्राम प्रधान राम गोपाल राज की ओर से ग्रामीणों के साथ संवाद बनाए रखने और गांव से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने की पहल को लेकर ग्रामीणों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली। जनचौपाल से यह संदेश जरूर सामने आया कि पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधि की सक्रियता, अधिकारियों का सहयोग और ग्रामीणों की भागीदारी साथ आए तो स्थानीय समस्याओं के समाधान की दिशा में बेहतर प्रयास किए जा सकते हैं।

चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. शिखर बाजपेयी की बड़ी उपलब्धि

जेरियाट्रिक सोसायटी ऑफ इंडिया ने प्रदान की वर्ष 2026 की फ़ेलोशिप, सम्मान पदक से भी नवाजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए जिले के चिकित्सक डॉ. शिखर बाजपेयी को जेरियाट्रिक सोसायटी ऑफ इंडिया की ओर से वर्ष 2026 की प्रतिष्ठित फ़ेलोशिप से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान विशेष रूप से वृद्धावस्था चिकित्सा (जेरियाट्रिक मेडिसिन) के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए प्रदान किया गया।

सोसायटी की ओर से डॉ. शिखर बाजपेयी को 'फ़ेलो ऑफ जेरियाट्रिक सोसायटी ऑफ इंडिया-2026' की उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर उन्हें सम्मान पदक देकर भी सम्मानित किया गया। चिकित्सा क्षेत्र में कार्य करते हुए वृद्धजनों के स्वास्थ्य, बेहतर चिकित्सा सेवाओं और वृद्धावस्था से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति उनके योगदान को इस सम्मान के माध्यम से सराहा गया। डॉ. शिखर बाजपेयी को मिली इस उपलब्धि को जिले के चिकित्सा जगत के लिए भी गौरवपूर्ण माना जा रहा है। उनकी इस सफलता पर चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े चिकित्सकों, सहयोगियों, शुभचिंतकों और परिचितों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

वित्त मंत्री ने फीता काटकर किया सेहरामऊ ढाबे का शुभारंभ



शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने रविवार को सेहरामऊ दक्षिणी में सेहरामऊ ढाबे का शुभारंभ फीता काटकर किया। इस दौरान ददरौल विधायक अरविन्द कुमार सिंह भी मौजूद रहे। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और विधायक अरविन्द कुमार सिंह ने सेहरामऊ ढाबा के प्रोपराइटर ध्रुव सिंह और शरद सिंह को प्रतिष्ठान के शुभारम्भ की शुभकामनाएं दीं। शुभारम्भ से पूर्व प्रतिष्ठान संचालक और क्षेत्रीय लोगों ने मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। सेहरामऊ दक्षिणी में नए प्रतिष्ठान के शुरू होने से स्थानीय लोगों को सुविधाजनक खान-पान की सुविधा मिलने के साथ ही क्षेत्र में व्यवसायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई गई। प्रतिष्ठान के संचालक ध्रुव सिंह एवं शरद सिंह ने अतिथियों और क्षेत्रीय लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, स्थानीय लोगों एवं शुभचिंतकों की मौजूदगी रही। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रतिष्ठान की सफलता एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

चिता की आग में मीट पकाने के तीन अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना पुवायां पुलिस ने अंतिम संस्कार के बाद चिता की आग में मीट पकाने, विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के अभियोग में वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। 19 सितम्बर को थाना पुवायां क्षेत्र के गांव नत्थापुर निवासी वीरपाल के पिता छोटेलाल की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। उन्होंने 20 सितंबर की दोपहर को अपने पिता का गांव के पास ही श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया था। शाम को वह परिजनों के साथ चिता को देखने के लिए गए, तो गांव के ही तीन लोग उसके पिता की चिता पर कटोरे में मीट पकाते हुए मिले। उन्होंने विरोध किया तो उन लोगों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौके से गांव के आरोपी सुरेंद्र सिंह पुत्र रामेन्द्र को पकड़ लिया। इस मामले में वीरपाल की तहरीर पर पुलिस ने रामचरन पुत्र रामलाल, राजेन्द्र पुत्र झब्बूलाल और सुरेन्द्र सिंह पुत्र रामेन्द्र के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसके बाद आरोपी रामचरन और राजेन्द्र को नत्थापुर तिराहे से गिरफ्तार किया। आज पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, तीनों अभियुक्तों पर पूर्व में भी अपराधिक मामले दर्ज हैं।

एक अक्टूबर से ओवरलोड स्कूली वाहनों पर होगी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- जिलाधिकारी ने स्कूली वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक विद्यार्थियों को बैठाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की
- स्कूली वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को ले जाता हुआ पाया जाता है तो वाहन स्वामी के साथ-साथ संबंधित विद्यालय के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विद्यालयों में विद्यार्थियों के सुरक्षित आवागमन, स्कूली वाहनों की फिटनेस, सड़क सुरक्षा मानकों के अनुपालन तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने स्कूली वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक विद्यार्थियों को बैठाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी 01 अक्टूबर से यदि कोई स्कूली वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को ले जाता हुआ पाया जाता है तो वाहन स्वामी के साथ-साथ संबंधित विद्यालय के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि प्रत्येक स्कूली वाहन में निर्धारित संख्या में ही विद्यार्थियों को बैठाया जाए तथा इस संबंध में प्रमाण पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालयों द्वारा केवल मानकों के अनुरूप फिट एवं सुरक्षित वाहनों का ही संचालन सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक स्कूल बस एवं वैन की फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण-पत्र तथा चालक के ड्राइविंग लाइसेंस की वैधता सुनिश्चित की जाए। किसी भी दशा में अनफिट अथवा निर्धारित मानकों के विपरीत विद्यालय वाहन का संचालन न किया जाए। स्कूली वाहनों के चालक एवं परिचालक निर्धारित वर्दी में रहें तथा उनके चरित्र प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त किए जाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूली वाहनों में प्राथमिक उपचार किट, अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकास, सीट बेल्ट सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध रहना सुनिश्चित किया जाए। विद्यालय प्रबंधन द्वारा वाहनों की नियमित जांच तथा आवश्यक अभिलेखों को अद्यतन रखा जाए। निर्धारित मानकों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयीन वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने विद्यालयों के आसपास यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर, जेब्रा क्रॉसिंग, चेतावनी संकेतक, नो-पार्किंग व्यवस्था एवं अन्य यातायात संकेतों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक विद्यालय में विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति का गठन जल्द से जल्द कराने को कहा।

जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों को यातायात नियमों, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, सड़क पार करने के सुरक्षित तरीकों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में नियमित रूप से जागरूक किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की स्कूल डायरी में स्पष्ट रूप से संदेश अंकित कराया जाए कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दी जाए। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की सुरक्षा के प्रति सजग एवं सावधान रहने तथा नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न देने की अपील की।

जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। विद्यालयीन वाहनों के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय से विद्यालयीन वाहनों की नियमित जांच एवं सड़क सुरक्षा अभियान संचालित करने तथा 01 अक्टूबर से नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मानवेंद्र सिंह, एआरटीओ हरिओम गौतम, बीएसए, डीआईओएस, यातायात पुलिस, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रबंधक एवं प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

मध्यस्थता अभियान 3.0 के तहत सुलह-समझौते से वादों के निस्तारण की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- अभियान का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित उपयुक्त वादों का अधिकाधिक संख्या में सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराकर पक्षकारों को शीघ्र एवं सरल न्याय उपलब्ध कराना है

बदायूँ। अपर सिविल जज (सी0डि0)/त्वरित न्यायाधीश/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा मीडिएशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय के तत्वावधान में सम्पूर्ण राष्ट्र में 01 अगस्त 2026 से 30 दिसम्बर 2026 तक राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 3.0 संचालित किया जा रहा है।

अभियान का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित उपयुक्त वादों का अधिकाधिक संख्या में सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराकर पक्षकारों को शीघ्र एवं सरल न्याय उपलब्ध कराना है। इस अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावे, उपभोक्ता विवाद, संपत्ति के बंटवारे से संबंधित मामले, बेदखली से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले एवं अन्य उपयुक्त दीवानी वाद, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, शमनीय आपराधिक वाद आदि मामलों का मध्यस्थता के माध्यम से सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जा सकता है। माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ श्री विवेक संगल के निर्देशानुपालन में अपर सिविल जज (सी0डि0)/त्वरित न्यायाधीश/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ श्री अंकित रस्तोगी द्वारा बताया गया कि राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 3.0 के सफल क्रियान्वयन के लिए आम जनमानस एवं वादकारियों को मध्यस्थता के माध्यम से वादों के निस्तारण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के कार्यालय एवं जनपद की समस्त तहसीलों में तैनात पराविधिक स्वयंसेवकों के माध्यम से बैनर, पोस्टर एवं हैंडबिल सहित अन्य प्रचार सामग्री उपयुक्त स्थानों पर चस्पा एवं वितरित की जा रही है। इसके माध्यम से आम जनमानस एवं वादकारियों को मध्यस्थता की प्रक्रिया, इसके लाभ तथा सुलह-समझौते के आधार पर वादों के शीघ्र निस्तारण के संबंध में जानकारी दी जा रही है।

अपर सिविल जज (सी0डि0)/त्वरित न्यायाधीश/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ श्री अंकित रस्तोगी ने जनपदवासियों एवं वादकारियों से अपील की है कि राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 3.0 को सफल बनाने में सहयोग करें। मध्यस्थता केन्द्र, बदायूँ में संदर्भित मामलों के पक्षकार निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उपस्थित होकर आपसी सहमति एवं सुलह-समझौते के आधार पर अपने वाद का निस्तारण करा सकते हैं। इससे पक्षकारों को समय एवं संसाधनों की बचत के साथ विवाद का आपसी सहमति से समाधान प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ द्वारा अवगत कराया गया कि संचालित मध्यस्थता अभियान के अंतर्गत मध्यस्थता केन्द्र, बदायूँ में 01 अगस्त 2026 से 30 दिसम्बर 2026 तक अब तक 04 वादों में मध्यस्थता सफल रही है। अभियान के माध्यम से अधिकाधिक पात्र एवं उपयुक्त वादों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

उद्योग बंधु की बैठक में ऋण पत्रावलियों के निस्तारण पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- अस्वीकृत पत्रावलियों के आवेदकों के पास आएगी कॉल
- जिलाधिकारी ने ऋण पत्रावलियों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने तथा बिना उचित कारण के उन्हें अस्वीकृत किए जाने पर बैंकर्स के प्रति नाराजगी व्यक्त की

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में उद्यमियों की समस्याओं, शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऋण पत्रावलियों की स्थिति तथा औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने ऋण पत्रावलियों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने तथा बिना उचित कारण के उन्हें अस्वीकृत किए जाने पर बैंकर्स के प्रति नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बैंकर्स से पत्रावलियों के लंबित एवं अस्वीकृत होने के कारणों की जानकारी ली।

बैंकर्स द्वारा बताया गया कि कई मामलों में आवेदक स्वयं ऋण लेने में रुचि नहीं रखते हैं, जिसके कारण उनकी पत्रावलियां अस्वीकृत की जाती हैं। इस पर जिलाधिकारी ने उक्त दावे का सत्यापन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित को कंट्रोल रूम को ऋण आवेदकों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि कंट्रोल रूम द्वारा आवेदकों से सीधे दूरभाष पर संपर्क कर ऋण लेने में उनकी रुचि, आवेदन की वर्तमान स्थिति तथा ऋण प्राप्त न होने के कारणों की जानकारी प्राप्त की जा सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी ऋण पत्रावली को आवेदक को कारण बताए बिना अस्वीकृत न किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई पत्रावली अस्वीकृत की जाती है तो उसके पीछे का स्पष्ट एवं उचित कारण दर्ज होना चाहिए। उन्होंने बैंकर्स को ऋण योजनाओं के पात्र आवेदकों की पत्रावलियों का गंभीरता से परीक्षण करते हुए नियमानुसार शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में उद्यमियों द्वारा विभिन्न समस्याएं भी जिलाधिकारी के समक्ष रखी गईं। उद्यमियों ने कछला अंत्येष्टि स्थल पर मशीन खराब होने, ईंधन की व्यवस्था सहित अंत्येष्टि स्थल से संबंधित समस्याओं, सड़कों पर गड्ढे एवं गंदगी सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को उद्यमियों द्वारा उठाई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों से भी जिलाधिकारी द्वारा जवाब तलब किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिला उद्योग बंधु की बैठकों में नियमित रूप से प्रतिभाग करते हुए उद्यमियों की समस्याओं के समाधान में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला, उपायुक्त उद्योग सचिन जैन सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत जनपद में सेवा कार्यों की श्रृंखला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- रक्तदान से लेकर स्वास्थ्य मेले, श्रमदान और वृक्षारोपण तक कार्यक्रम आयोजित

बदायूँ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत सोमवार को जनपद में सेवा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के तहत रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य मेले, स्वच्छता अभियान, श्रमदान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने सहभागिता की। अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अम्बियापुर में रक्तदान शिविर का शुभारंभ बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने किया तथा विकास खंड अम्बियापुर एवं उझानी में बिल्सी विधायक हरीश शाक्य तथा समरेर एवं उसावां में दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने स्वास्थ्य मेला एवं स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। दहगवां में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम यादव तथा इस्लामनगर में वरिष्ठ नेता डीके भारद्वाज ने स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ किया। वहीं अभियान के अंतर्गत विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। बदायूँ विधानसभा में बीआईएमटी कॉलेज में जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, एमएलसी प्रतिनिधि शारदेन्दु पाठक तथा दातागंज विधानसभा में गंगा एक्सप्रेसवे के 205 किलोमीटर, पट्टी की दाईं ओर तथा अटेना घाट पर स्वच्छता कार्यक्रम किया तथा दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया। सहसवान विधानसभा में महेश बाल विद्या मंदिर में वरिष्ठ नेता डीके भारद्वाज ने किया। बिसौली विधानसभा में पशु चिकित्सालय आसफपुर में पौधा रोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने पौधारोपण करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाने के साथ उसकी नियमित देखभाल का संकल्प भी लेना चाहिए। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने पौधारोपण करते हुए कहा कि स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है। पर्यावरण संरक्षण केवल एक कार्यक्रम तक सीमित न रहे, इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने स्वास्थ्य मेला एवं स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता दोनों जरूरी हैं।

जनसमस्याओं को लेकर सपा का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। समाजवादी पार्टी के नेता जयसिंह प्रताप यादव के नेतृत्व में मंगलवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर पहुंचकर विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल के नाम पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में जिले में अघोषित बिजली कटौती बंद करने, बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण लगाने, सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर उत्पीड़न किए जाने के आरोपों की जांच कराने, आवारा पशुओं की समस्या के समाधान तथा नगर पंचायत अमेठी में जलभराव की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की गई। सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। साथ ही पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से आमजन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने नगर क्षेत्र में बारिश के दौरान होने वाले जलभराव और सड़कों पर आवारा पशुओं से हो रही दुर्घटनाओं का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष करती रहेगी। इस दौरान मनु पाल, कृष्णा यादव, ध्रुव पांडेय, हर्षित जायसवाल, सौरभ सिंह, इमरान, सियाराम मौर्य, रणधीर, संदीप जोरिया, आनंद वर्मा, अर्जुन, सुरेश कश्यप, श्यामू, अभिषेक प्रेमी, राजू प्रजापति, सुमित कोरी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रबी सीजन में खाद-बीज की नहीं होगी कमी : एग्रो इनपुट एसोसिएशन

अमेठी। आगामी रबी सीजन की तैयारियों को लेकर एग्रो इनपुट एसोसिएशन डीलर्स अमेठी के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला के नेतृत्व में जिला कृषि अधिकारी देवेंद्र सिंह निरंजन से मुलाकात कर कार्य योजना पर चर्चा की। बैठक में किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त खाद, बीज और कृषि रसायन उपलब्ध कराने, निर्धारित दरों पर बिक्री सुनिश्चित करने तथा विक्रेताओं की समस्याओं के समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही नकली कृषि उत्पादों की बिक्री और कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने कहा कि कृषि विभाग और विक्रेताओं के बेहतर समन्वय से किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि रबी सीजन में जिले के किसानों को खाद-बीज की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

आईटीआई गौरीगंज में रोजगार मेले में 500 से अधिक युवाओं का चयन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गौरीगंज, अमेठी। सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गौरीगंज में विधानसभा स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिला सेवायोजन कार्यालय, कौशल विकास मिशन और आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेले में 20 से अधिक निजी कंपनियों ने प्रतिभाग किया। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया कि मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, डिप्लोमा और आईटीआई सहित विभिन्न शैक्षिक योग्यताओं वाले 1000 से अधिक अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। अपराह्न तीन बजे तक 500 से अधिक अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन अथवा पंजीकरण किया जा चुका था। मेले में एनएसडीसी इंटरनेशनल, वाराणसी की ओर से मॉरीशस में रोजगार के अवसरों की जानकारी भी दी गई। संस्था ने करीब 140 पदों के लिए आवेदन प्राप्त कर स्क्रीनिंग, लिखित परीक्षा और कौशल परीक्षण आयोजित किया। रोजगार मेले का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और सभी राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

वाहन चोरी गिरोह का पर्दाफाश, छह बाइक के साथ तीन गिरफ्तार



संग्रामपुर, अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना संग्रामपुर पुलिस ने ''ऑपरेशन चक्रव्यूह'' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए छह चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने इस सफलता पर पुलिस टीम को 10 हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। पुलिस के अनुसार, रविवार को क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ओझा का पुरवा स्थित एक बाग से तीन युवकों को छह मोटरसाइकिलों के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान राहुल यादव निवासी शुकुलडीह (मुंशीगंज), गजाधर वर्मा निवासी नया पुरवा जोगापुर अम्बरपुर (संग्रामपुर) तथा आदित्य उर्फ करन निवासी पाण्डेय का पुरवा टिकरिया (गौरीगंज) के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपितों ने बरामद सभी मोटरसाइकिलों को चोरी की बताई। उन्होंने स्वीकार किया कि पकड़े जाने के डर से चोरी की बाइकों की नंबर प्लेट खुरच देते थे या फर्जी नंबर प्लेट लगा देते थे। बरामद मोटरसाइकिलों में संग्रामपुर और गौरीगंज थाना क्षेत्रों से चोरी हुई दो बाइक भी शामिल हैं, जिनकी रिपोर्ट पहले से दर्ज थी। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से एक होंडा एसपी, एक हीरो स्प्लेंडर प्लस, एक बजाज पल्सर, एक हीरो स्प्लेंडर, एक हीरो होंडा पैशन और एक बजाज प्लेटिना बरामद की है। आरोपितों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय भेज दिया गया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक राम कुमार यादव, उपनिरीक्षक राजेश कुमार, हेड कांस्टेबल अजय कुमार गिरि, कांस्टेबल दीपेन्द्र सिंह, प्रदीप गुप्ता और सुयस त्रिपाठी की प्रमुख भूमिका रही।

अमेठी संग्रामपुर मार्ग पर झाड़ियों का कब्जा, बढ़ा हादसों का खतरा



अमेठी,कैनविज टाइम्स संवाददाता। अमेठी-संग्रामपुर मार्ग के दोनों किनारों पर बरसात के बाद उगी घनी झाड़ियों ने राहगीरों और वाहन चालकों की परेशानी बढ़ा दी है। कई स्थानों पर झाड़ियां इतनी बढ़ गई हैं कि सड़क का किनारा तक दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोग आवागमन करते हैं। वहीं संग्रामपुर स्थित मां कालिका धाम में दर्शन-पूजन के लिए सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं का आवागमन तड़के सुबह से देर रात तक बना रहता है। सड़क किनारे फैली झाड़ियों के कारण अचानक पशु अथवा अन्य जानवर सड़क पर आ जाते हैं, जिससे हादसे का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि झाड़ियों की सफाई कराने के लिए कई बार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने विभाग से मार्ग के दोनों किनारों की तत्काल सफाई कराकर झाड़ियों की कटाई कराने की मांग की है, ताकि यात्रियों और श्रद्धालुओं को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

शहर के हर मोहल्ले में आग़ाज़ संस्था कर रही है अहम बैठक

बदायूँ,कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामाजिक कार्यों और युवाओ के मुद्दे पर हमेशा आवाज़ बुलंद करने वाली संस्था आग़ाज़ अब पूरे जिले में सदस्यता अभियान चलाना शुरू किया है इसकी क्रम में आज मोहल्ला वेदों टोला में अल अहमद टूर एंड ट्रेवर्स के ऑफिस पर एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष नितिन गुप्त ने की और आयोजक सहर अब्बासी ने सभी का आभार व्यक्त किया। संस्था संस्थापक आमिर सुल्तानी ने कहा कि सामाजिक और युवाओं की आवाज़ आग़ाज़ संस्था की विस्तार अब पूरे जिले में करेंगे जिसकी शुरुआत बदायूं शहर के मोहल्ला नई सराय से की थी उसके बाद मोहल्ला वेदों टोला में मीटिंग की है इसके बाद शहर के कई मोहल्लों में काम किया जाएगा जिससे संस्था एक मजबूत ताकत बनकर उभरेगी और लोगों की सेवा में आगे रहेगी। सदस्यता प्रभारी ज़ोहेब असलम ने बताया कि आगे भी सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और लोगों को समाज सेवा और युवाओं के मुद्दे पर एक साथ लाया जाएगा। इस मौके पर शाहबाज हुसैन, गुड्डू गद्दी,अफजल खान, सुहैल सैफी,मुज़म्मल चौधरी, मेघराज सिंह,अशरफ अंसारी, मीर खां, फारूक रज़ा,अज़ीम चौधरी, अबीर खान, शहरोज अंसारी, मोहम्मद अदनान,अज़ीम हुसैन, गुड्डू भाई मौजूद रहे।

दुर्गापुर रोड नाले की जांच से ध्यान भटकाने के लिए लगाए जा रहे आरोप : महेश सोनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। भाजपा नेता एवं उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल अमेठी के जिलाध्यक्ष महेश कुमार सोनी ने नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा उनकी फर्म पर लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि दुर्गापुर रोड पर बन रहे नाले की गुणवत्ता और कार्यप्रगति को लेकर उन्होंने स्वयं जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य एस्टिमेट के अनुरूप नहीं हो रहा है तथा इसकी तकनीकी जांच आवश्यक है। उनका कहना है कि जांच प्रक्रिया जारी है और रिपोर्ट आने के बाद वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। महेश सोनी ने कहा कि नाले के निर्माण में कथित अनियमितताओं और जल निकासी की समस्या को उठाने के कारण उनके खिलाफ पुराने कार्यों को लेकर आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने इसे जांच से ध्यान भटकाने का प्रयास बताया।उन्होंने कहा कि उनकी फर्म द्वारा पूर्व में कराए गए कार्यों का भुगतान संबंधित अधिकारियों की जांच और सत्यापन के बाद ही हुआ था। उन्होंने सभी आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि वर्तमान और पुराने दोनों कार्यों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, जिससे सच्चाई सामने आ सके।

हाईटेंशन तार से करंट लगने पर युवक की मौत, बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। कोतवाली क्षेत्र के खरौना गांव निवासी विद्याशंकर प्रजापति उर्फ मुन्नालाल (35) पुत्र रामसूरत प्रजापति का शव सोमवार सुबह घर से करीब 500 मीटर दूर बाईपास हाईवे किनारे झाड़ियों में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और परिजनों में कोहराम मच गया।

परिजनों के अनुसार, विद्याशंकर जंगली पेड़ काट रहे थे। इसी दौरान वह नीचे से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि हाईटेंशन लाइन काफी समय से नीचे झुकी हुई थी। इसकी शिकायत कई बार विभागीय अधिकारियों से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने हादसे के लिए बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्र ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। पूर्व मंत्री आशीष शुक्ला और ब्लॉक प्रमुख भेटुआ आकर्ष शुक्ला भी मौके पर पहुंचे और परिजनों व ग्रामीणों को समझाया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बनी रही, लेकिन अधिकारियों के हस्तक्षेप से मामला शांत हो गया।



जिला कारागार, रायबरेली में महिला बंदियों के लिए मूंज शिल्पकला कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

रायबरेली । एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा अपने नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत जिला कारागार, रायबरेली में महिला बंदियों के लिए ब्लमूंज शिल्पकला कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमङ्क का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला बंदियों को पारंपरिक मूंज शिल्पकला में कौशल प्रदान कर उन्हें रचनात्मक एवं आजीविका उन्मुख गतिविधियों से जोड़ना है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका रहीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने महिला बंदियों को कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में अवसर प्रदान करने के लिए एनटीपीसी ऊंचाहार की इस पहल की सराहना की। परियोजना प्रमुख एनटीपीसी ऊंचाहार बिश्व मोहन सिंह ने अपने संबोधन में महिला बंदियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कौशल विकास न केवल आत्मविश्वास बढ़ाने का माध्यम है, बल्कि भविष्य में आत्मनिर्भरता एवं सम्मानजनक आजीविका की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

तहसील स्तरीय क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

रायबरेली,कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील स्तरीय क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कस्बा स्थित राजा चंद्रचूड़ सिंह विद्या पीठ इंटर कालेज में सोमवार को सम्पन्न हुई। आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मेजबान कालेज के प्रधानाध्यापक विनय सिंह द्वारा खिलाड़ियों से परिचय कर कराया गया। प्रतियोगिता के पहले चरण में राजा जितेन्द्र सिंह इंटर कालेज अटरा और राजकीय इंटर कालेज हलोर के बीच अण्डर 19 के सीनियर बालक वर्ग की प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें हलोर की टीम ने जीत दर्ज की। इसके बाद बरखंडी विद्या पीठ इंटर कालेज शिवगढ़ और श्री गांधी विद्यालय बछरांवा के बीच हुई कबड्डी में बछरांवा विजेता रही। जूनियर बालक वर्ग में कम्पोजिट विद्यालय कुबना व बालिका वर्ग में कम्पोजिट विद्यालय कोटवा मदनिया ने बाजी मारी।

खून मरीजों का, जांच नौसिखियों के भरोसे !

- बिना लैब टेक्नीशियन चल रहे कलेक्शन सेंटरों पर गंभीर सवाल कहीं सैंपल लेने वाले अप्रशिक्षित,
- कहीं जांच भी मौके पर,...स्वास्थ्य विभाग की निग रानी पर उठे सवाल..

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। बीमारी की जांच कराने पहुंचे मरीज को यह भरोसा रहता है कि उसके खून की जांच प्रशिक्षित तकनीकी कर्मचारी करेंगे और रिपोर्ट विशेषज्ञ की निगरानी में तैयार होगी। लेकिन जिले में संचालित कुछ पैथोलॉजी और कलेक्शन सेंटरों की पड़ताल में इस व्यवस्था पर गंभीर सवाल सामने आए हैं,क हीं सैंपल लेने वाले के पास तकनीकी प्रशिक्षण का स्पष्ट प्रमाण नहीं मिला,तो कहीं कलेक्शन सेंटर के नाम पर मौके पर ही कई जांच किए जाने के दावे सामने आए।..रिपोर्ट पर डॉक्टर के हस्ताक्षर जरूर नजर आते हैं,लेकिन डॉक्टर की नियमित मौजूदगी और जांच प्रक्रिया की.. निगरानी को लेकर सवाल बने हुए हैं।



कागज पर कुछ,जमीन कुछ हिसाब कौन देगा..?

शहर से लेकर कस्बों तक पैथोलॉजी और कलेक्श न सेंटरों की संख्या लगातार बढ़ती...दिख रही है। विभागीय स्तर पर कुछ...प्रतिष्ठानों के पंजीकरण की बात सामने आती है, लेकिन वास्तव में कितने केंद्र संचालित हैं और...उनमें से कितने निर्धारित मानकों के अनुरूप हैं, इसका स्पष्ट सार्वजनिक आंकड़ा सामने नहीं है। कई स्थानों पर कलेक्शन सेंटर के बोर्ड लगे हैं, जबकि बातचीत में वहीं कई प्रकार की जांच किए जाने की जानकारी दी गई।

कलेक्शन सेंटर या पूरी पैथोलॉजी

कलेक्शन सेंटर का काम सामान्यतः नमूना एकत्र कर संबंधित प्रयोगशाला तक पहुंचाने से जुड़ा हो ता है।लेकिन पड़ताल के दौरान कुछ केंद्रों पर ऐसा दावा किया गया कि सामान्य जांच वहीं हो जाती हैं और केवल महंगी अथवा विशेष मशीन वाली जांच के नमूने बाहर भेजे जाते हैं।यदि ऐसा है तो इन केंद्रों पर जांच की वैधता, तकनीकी निगरानी और रिपोर्ट की जिम्मेदारी की जांच जरूरी है।

खून निकालने वाले से पूछा टेक्नीशियन हैं..?

पड़ताल के दौरान कुछ केंद्रों पर सैंपल लेने वाले व्यक्तियों से उनके प्रशिक्षण और लैब टेक्नीशियन संबंधी योग्यता के बारे में सवाल किए गए।...बात चीत में ऐसे जवाब मिले जिनसे प्रशिक्षित तकनी की स्टाफ की उपलब्धता पर सवाल खड़े होते हैं। कुछ स्थानों पर सैंपल लेने और जांच करने का का म सीख रहे कर्मचारियों द्वारा किए जाने की बात सामने आई।

रिपोर्ट गलत हुई तो जिम्मेदार कौन..?

खून की जांच किसी मरीज के इलाज की दिशा त य करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।रिपोर्ट में गलती होने पर उपचार प्रभावित हो सकता है।इस लिए सैंपल लेने से लेकर जांच, रिपोर्ट तैयार करने और चिकित्सकीय सत्यापन तक प्रत्येक चरण में प्रशिक्षित और अधिकृत कर्मियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

सरकारी में मुफ्त जांच,निजी केंद्रों पर हजारों

सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध कई जांचें निर्धारित व्यवस्था के तहत निःशुल्क की जाती हैं। इसके बावजूद निजी केंद्रों पर मरीजों को विभिन्न जांचों के लिए बड़ी रकम खर्च करनी पड़ती है।ऐ से में निजी लैबों की जांच की गुणवत्ता, शुल्क और रिपोर्टिंग व्यवस्था की नियमित निगरानी स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी को और महत्वपूर्ण बनाती है।

विभाग को खबर है तो कार्रवाई कब..?

सबसे बड़ा सवाल स्वास्थ्य....विभाग की निगरानी व्यवस्था पर है।यदि बिना पंजीकरण या निर्धारित तकनीकी मानकों के विपरीत कोई पैथोलॉजी अथ वा कलेक्शन सेंटर संचालित हो रहा है तो निरीक्ष ण और कार्रवाई क्यों नहीं हुई....? और यदि सभी केंद्र नियमों के अनुसार संचालित हैं तो विभाग उन के पंजीकरण, तकनीकी स्टाफ और विशेषज्ञ चि कित्सक की उपलब्धता का सत्यापन सार्वजनिक क्यों नहीं करता..?.....बिना पंजीकरण पैथोलॉजी संचालित हो रही हैं तो इसकी जांच कराकर कार्र वाई की जाएगी।अभी मीटिंग में हूँ।

डॉक्टर की मौजूदगी पर भी सवाल

कई जांच रिपोर्टों पर चिकित्सक के हस्ताक्षर होने की बात सामने आई।लेकिन जब डॉक्टर की उप लब्धता और नियमित....निगरानी के बारे में पूछा गया तो कुछ जगहों....पर बताया गया कि डॉक्टर कभी-कभी आते हैं।ऐसे में सवाल यह है कि रोज तैयार होने वाली रिपोर्टों की तकनीकी जांच और चिकित्सकीय निगरानी किस स्तर पर होती है...?

उपनिरीक्षकों को चौकियों की कमान, फरियादियों की सुनवाई पर जोर

- एसपी अभिषेक झा ने देर रात किए तबादले, जीरो टॉलरेंस पर काम करने के निर्देश..

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले की कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक अभि षेक झा ने रविवार रात..नौ उपनिरीक्षकों को नई जिम्मेदारियां सौंपीं।..रविवार रात दस बजे जारी तबादला आदेश में अलग-अलग थानों में तैनात उपनिरीक्षकों को विभिन्न पुलिस चौकियों का प्र भारी बनाया गया है।...एसपी ने सभी नए चौकी प्रभारियों को फरियादियों की शिकायतें गंभीरता से सुनने, उनका समयबद्ध निस्तारण कराने और पुलिसिंग में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के निर्देश दिए हैं।

उपनिरीक्षकों को मिली चौकी की जिम्मेदारी

परसपुर थाने में तैनात अंकित कुमार सिंह को कर्नलगंज कोतवाली की चचरी चौकी,कोतवाली देहात के अक्षय कुमार चौधरी को छपिया की बभनान चौकी और अभिनव भरत सिंह को छपिया की मसकनवा चौकी का प्रभारी बनाया गया है।अखिलेश कुमार मौर्य को कौड़िया की आर्यनगर चौकी,आशीष यादव को नवाबगंज की कोल्हमपुर चौकी,पवन कुमार



सिंह को कोतवाली नगर की सिविल लाइन चौकी और विभव सिंह को कोतवाली देहात की खोरहंसाचौकी की जिम्मेदारी दी गई है शिवम गुप्ता को कोतवाली नगर की एस सीपीएम चौकी तथा सहदेव दुबे को परसपुर थाने की पसका चौकी का प्रभारी बनाया गया है,अंकित सिंह को चचरी चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

शिकायतों पर लापरवाही मिली तो कार्रवाई

एसपी अभिषेक झा ने नए चौकी प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि थाने-चौकी पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को टालने के बजाय गंभीरता से सुना जाए और नियमानुसार समयबद्ध समाधान कराया जाए। पुलिसकर्मियों को प्रदेश सरकार और यूपी पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप काम करने के निर्देश दिए गए हैं।भ्रष्टा चार अथवा ड्यूटी में लापरवाही की शिकायत सा मने आने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

मेडिकल कॉलेज में अल्ट्रासाउंड सवालों के घेरे में

- मेडिकल कॉलेज के सवाल पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने दिखाई जिम्मेदारी की अलग तस्वीर..
- भाजपा जिलाध्यक्ष बोले– मंत्री,विधायक से पूछिए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। मेडिकल कॉलेज में मरीजों को अल्ट्रासाउंड सुविधा नहीं मिलने का मुद्दा एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया।प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पत्रकारों ने जब भाजपा जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवा री से मेडिकल कॉलेज में अल्ट्रासाउंड व्यवस्था औ र डॉक्टरों की उपलब्धता को लेकर सवाल किया तो उन्होंने इसे स्वास्थ्य मंत्री से जुड़ा नीतिगत माम ला बताया।भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि अस्पता ल परिसर में प्राइवेट क्लीनिक चलाने का मुद्दा पत्र कारों द्वारा काफी समय से उठाया जा रहा है,लेकि न संगठन इस मामले में सीधे तौर पर कुछ नहीं क र सकता। उन्होंने कहा कि संगठन केवल



मामले पर उन्होंने स वाल उठाते हुए कहा कि ह्ममंत्री और विधायक से पू छिए कि सड़क ही... ज्यादा क्यों बनवाते हैं,इसको क्यों नहीं सुधारते।जिलाध्यक्ष के इस जवाब के बा द मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जिम्मेदारी का सवाल और महत्वपूर्ण हो गया है।ज ब सरकारी मेडिकल कॉलेज में मरीजों को जरूरी जांच के लिए परेशान होना पड़े तो सवाल केवल व्यवस्था का नहीं,बल्कि जिम्मेदार विभाग और ज नप्रतिनिधियों की जवाबदेही का भी है अल्ट्रासाउं ड जैसी बुनियादी जांच के लिए मरीजों को यदि बाहर का रास्ता देखना पड़ रहा है तो मेडिकल कॉलेज की विशेषज्ञ चिकित्सा व्यवस्था और संसा धनों पर भी गंभीर सवाल खड़े होते हैं।वहीं अस्प ताल परिसर में निजी क्लीनिक संचालन को लेकर उठ रहे सवालों पर भी स्पष्ट और आधिकारिक स्थिति सामने आना जरूरी है।..अब देखने वाली बात यह होगी कि स्वास्थ्य विभाग और मेडिकल कॉलेज प्रशासन इस समस्या के समाधान के लिए क्या ठोस कदम उठाता है और मरीजों को सरका री अस्पताल में ही आवश्यक जांच की सुविधा क ब तक उपलब्ध होती है।

पहले हादसा मानकर बैठी रही पुलिस,....परिजन अड़े तो हत्या का मुकदमा दर्ज !

- प्रदीप दुबे की संदिग्ध मौत में जांच के... शुरुआती रुख पर सवाल,पांच लोगों पर केस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। कटरा बाजार थाना क्षेत्र में बीस वर्षीय प्रदीप दुबे की संदिग्ध मौत का मामला पुलिस की शुरुआ ती जांच पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है,परिजनों का आरोप है कि उन्होंने घटना को हादसा नहीं, ब ल्कि पुरानी रंजिश में की गई हत्या बताया, लेकिन शुरुआत में पुलिस इसे सड़क हादसा मानकर आ गे बढ़ रही थी,आखिरकार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि

समाजवादी पार्टी के पूर्व....विधायक बैजनाथ दुबे

और परिजनों के दबाव में शव का अंतिम संस्कार रोकने के बाद सोमवार को पुलिस ने तीन नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकद मा दर्ज किया है।

परिजनों के सवालों के बाद बदली जांच की दिशा

पिता भवानी प्रसाद दुबे की तहरीर के मुताबिक प्रदीप को पुरानी रंजिश के चलते धमकियां मिल रही



थीं।आरोप है कि 19 सितंबर की रात सब्जी खरीदकर लौटते समय पांडे पुरवा के आगे नहर पुलिया के पास उसे घेरकर धारदार हथियार से हमला किया गया।परिजनों ने मोटरसाइकिल तोड़े जाने और आरोपियों के मौके से भागने का भी आ रोप लगाया है।

हत्या का आरोप तो शुरुआत में हादसा क्यों

मामले का सबसे बड़ा सवाल पुलिस की शुरुआती जांच को लेकर है।परिजनों की ओर से हत्या की आशंका जताए जाने के बावजूद घटना को पहले हादसे के रूप में देखा गया।अब उसी मामले में ह त्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज हो चुका है।इस से पुलिस की प्रारंभिक जांच और घटनास्थल पर जु टाए गए साक्ष्यों को लेकर सवाल उठना स्वाभावि क है।

थाने के सामने परिजन, तब दर्ज हुआ मुकदमा

परिजनों ने मुकदमा दर्ज कराने की मांग को लेकर अंतिम संस्कार रोक दिया था।सोमवार सुबह पिता की तहरीर के बाद पुलिस ने राजकुमार सिंह, राके श सिंह,...राम बहोरे सिंह और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।कटरा बाजार थाना ध्यक्ष अजय कुमार तिवारी के अनुसार शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।अब सवाल यह है कि पुलिस की शुरुआती जांच किस आधार पर हादसे की ओर गई और बाद में किन तथ्यों के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया,जांच में सामने आने वाले साक्ष्य इस पूरे मामले की अस ल तस्वीर साफ करेंगे।

अखिलेश के नाम पर विवादित पोस्टर, सपा यूथ ब्रिगेड ने फाड़े..

- गोंडा-लखनऊ हाईवे पर बार-बार पोस्टर लगाए जाने का आरोप
- दीपू यादव के नेतृत्व में.....कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध,कोतवाली नगर में शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। लखनऊ हाईवे पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्री य अध्यक्ष अखिलेश यादव के नाम और तस्वीर से जुड़े कथित आपत्तिजनक एवं विवादित पोस्टर ल गाए जाने को लेकर सपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश देखने को मिला।मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष देवेंद्र प्रताप यादव उर्फ दीपू यादव अप ने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और वहां लगे पोस्टर को फाड़कर विरोध जताया।सपा नेताओं के मुताबिक, गरीबीपुरवा से लेकर चौपाल सागर, एससीपीएम और बालपुर पुल के आसपास इस त रह के पोस्टर बार-बार लगाए जाने की शिकायत सामने आ रही है।सूचना मिलने के बाद दीपू यादव अपने साथियों के साथ करीब दस किलोमीटर दूर मौके पर पहुंचे।कार्यकर्ताओं



ने पोस्टर को आपत्ति जनक बताते हुए उसे हटाया,...सपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि अखिलेश यादव को लेकर बार-बार विवादित पोस्टर लगाए जा रहे हैं।इसे लेकर यूथ ब्रिगेड,छात्र सभा और अन्य युवा कार्यकर्ताओं में नाराजगी है।पोस्टर हटाने के बाद सपा का एक प्रतिनिधिमंडल ने कोतवाली नगर के प्रभारी निरी क्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी को लिखित शिकायत दी और अज्ञात लोगों की पहचान कर उनके खिला फ मुकदमादर्ज करने तथा कार्रवाई की मांग की है

शिकायत में कथित तौर पर बार-बार पोस्टर लगाए जाने की जांच कर जिम्मेदार लोगों को चिन्हित क रने की मांग की गई है।...सपा नेताओं के अनुसार प्रभारी निरीक्षक ने जांच और कार्रवाई का आश्वा सन दिया है।इस दौरान यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव मेराज अहमद, जिला प्रवक्ता जावेद अख्तर मंटू, अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष अफजल खान, छात्र सभा के जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह उर्फ मोनू, लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव लाल चंद गौतम, विधानसभा अध्यक्ष आलोक यादव, ब्लॉक अध्यक्ष राहुल शुक्ला और मोनू यादव समेत अन्य कार्यक र्ता मौजूद रहे।

घरेलू सिलेंडर से धधक रहे होटल–ढाबे,...जिम्मेदार विभागों की निगरानी पर सवाल

- जांच के दावों के बीच कारोबारियों पर नियमों की अनदेखी के आरोप
- होटल-रेस्टोरेंट से लेकर नाश्ते के ठेलों तक घरेलू एलपीजी इस्तेमाल,..कार्रवाई का इंतजार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिला मुख्यालय से लेकर कस्बों और बाजा रों तक होटल, रेस्टोरेंट,ढाबों और नाश्ते के कारो बार में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के कथित व्यावसा यिक इस्तेमाल की शिकायतों ने जिला पूर्ति विभा ग और तेल कंपनी के अधिकारियों की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई प्रतिष्ठानों में बाहर कमर्शिय ल सिलेंडर रखकर किचन के भीतर



घरेलू सिलेंडरों का इस्तेमाल किया जा रहा है।यदि जांच में यह स ही पाया जाता है तो यह नियमों की गंभीर अनदे खी का मामला होगा।

कमर्शियल महज दिखावा,किचन में घरेलू गैस

स्थानीय लोगों के मुताबिक कुछ होटल-ढाबों और भोजनालयों में कमर्शियल सिलेंडर दिखाई देने के बावजूद खाना पकाने के लिए घरेलू एलपीजी सि लेंडरों के इस्तेमाल की शिकायतें सामने आ रही हैं।सवाल यह है कि यदि ऐसी गतिविधियां हो रही हैं तो नियमित निरीक्षण के बावजूद इन्हें रोकने की प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं दिख रही...?

जिला पूर्ति विभाग की भूमिका पर उठे सवाल

घरेलू एलपीजी के कथित व्यावसायिक इस्तेमाल को रोकने और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों की निगरानी अहम है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि शहर और बाजारों में संचालित होटल - ढाबों की नियमित जांच कितनी प्रभावी ढंग से हो रही है।यदि जांच अभियान चल रहे हैं तो अब तक कितने प्रतिष्ठानों की जांच हुई, कितनों में अनियमितता मिली और कितनों पर कार्रवाई की गई इन सवालों के जवाब सार्वजनिक होने चाहिए।

बीपीसीएल की निगरानी भी सवालों के घेरे में

एलपीजी आपूर्ति से जुड़े तेल विपणन कंपनी के स्तर पर भी यह देखना महत्वपूर्ण है कि घरेलू कनेक्शन का व्यावसायिक दुरुपयोग तो नहीं हो रहा।स्थानीय लोगों का सवाल है कि संदिग्ध मा मलों की पहचान और रिपोर्टिंग के लिए क्या प्र भावी निगरानी व्यवस्था लागू है और शिकायत मिलने के बाद कितनी तेजी से जांच की जाती है। वहीं इस मामले में जिला पूर्ति अधिकारी जब इस बारे में बात की गई तो उन्होंने बताया एक सप्ताह का हमें समय दीजिए...इसके छापेमारी अभियान चलाया जाएगा अभी तक दो मुकदमा दर्ज कराया गया है।

कवि सम्मेलन की तैयारियों पर मंथन, बारिश की स्थिति में हमीरवासिया सदन में होगा आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । आगामी 26 सितंबर को आयोजित होने वाले अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की तैयारियों को लेकर हिंदी साहित्य सुरभि संस्थान की आवश्यक बैठक संस्था के संरक्षक आदेश अग्रवाल के निज निवास पर आयोजित हुई।

बैठक में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, धन संग्रह की समीक्षा और मौसम विभाग द्वारा 25 से 27 सितंबर तक बारिश की संभावना को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था पर चर्चा की गई। बैठक में कवियों के ठहरने की व्यवस्था हमीरवासिया सदन में किए जाने पर सहमति बनी। वहीं कार्यक्रम स्थल क्लब मैदान में बारिश के कारण किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने की



स्थिति में आयोजन को हमीरवासिया सदन में स्थानांतरित करने पर भी विचार किया गया। इस संबंध में सर्वसम्मति से वैकल्पिक व्यवस्था तैयार रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यक्ष डीके श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष प्रेम नाथ मिश्र, सचिव उमेश चन्द्र शाह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश चन्द्रा, खुश्बू शर्मा, जसवन्त मिश्रा, डॉ. असीम शुक्ला, मनोज गुप्ता, आदेश अग्रवाल, ओम पोद्दार, राजेन्द्र प्रकाश मित्तल, सुरेश चौधरी, अजय अग्रवाल, नरेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने तहसील महसी का किया औचक निरीक्षण

- भवन व परिसर की साफ-सफाई व अभिलेखों के रख-रखाव का लिया जायज़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन के निर्देशानुसार राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण के साथ-साथ जनशिकायतों व समस्याओं का समयबद्ध रूप से गुणवत्तापरक निस्तारण, तहसील आने वाले फरियादियों की सुविधाओं, अभिलेखों के रख-रखाव, पार्किंग, सुरक्षा, सी.सी.टी.वी. कैमरों की स्थापना, तहसील भवन व परिसर की साफ-सफाई इत्यादि का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने तहसील महसी का निरीक्षण किया। तहसील के निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिवक्ता शिष्टमण्डल के साथ शिष्टाचार



भेंट भी की। तहसील के निरीक्षण के दौरान डीएम श्री पाण्डेय ने तहसील परिसर व तहसील भवन की साफ-सफाई व्यवस्था का जायज़ा लिया। तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण करते हुए डीएम ने अभिलेखों के रख-रखाव की जानकारी लेते हुए धारा-24 से सम्बन्धित वाद रजिस्टर, जीपीएफ पासबुक, नजूल रजिस्टर, उपयोगिता प्रभार रजिस्टर, वसूली रजिस्टर, अंश निर्धारण, भू लेख रजिस्टर, ऑन लाइन पोर्टल पर राजस्व ग्राम सम्पत्ति रजिस्टर, निर्वाचन, बैंक बंधक परवाना इत्यादि अभिलेखों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

डीएम श्री पाण्डेय ने कहा कि राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण के साथ-साथ जनशिकायतों व समस्याओं का समयबद्ध रूप से गुणवत्तापरक निस्तारण मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। डीएम ने निर्देश दिया कि तहसील आने वाले फरियादियों सुविधाजनक माहौल उपलब्ध कराया जाय, अभिलेखों का रख-रखाव सुव्यवस्थित रखा जाय, पार्किंग, सुरक्षा, सी.सी.टी.वी. कैमरों की क्रियाशीलता बनायी रखा जाय, तहसील भवन व परिसर की साफ-सफाई को बनाये रखें तथा सभी पीठासीन अधिकारी समयबद्धता के साथ कोर्ट पर बैठकर मानक के अनुसार वादों का निस्तारण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी राजेश कुमार अग्रवाल सहित तहसील प्रशासन के अन्य अधिकारी व पटल सहायक मौजूद रहे।

18 साल से सेवा दे रहे एनएचएम संविदाकर्मियों ने उठाई नियमितीकरण की मांग

❐ ज्ञापन में कहा गया कि एनएचएम के तहत कर्मचारी 18 वर्षों से अधिक समय से लगातार स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान दे रहे हैं।

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र अस्थाना के नेतृत्व में एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने लंबे समय से सेवा दे रहे संविदाकर्मियों के नियमितीकरण और समान कार्य-समान वेतन की मांग प्रमुखता से उठाई।

ज्ञापन में कहा गया कि एनएचएम के तहत कर्मचारी 18 वर्षों से अधिक समय से लगातार स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान दे रहे हैं। संगठन ने मांग की कि ऐसे कर्मचारियों का स्वास्थ्य विभाग में नियमितीकरण किया जाए। नियमितीकरण होने तक समान कार्य-समान वेतन के सिद्धांत के आधार पर वर्तमान वेतन में तत्काल वृद्धि कर सम्मानजनक वेतन दिया जाए।कर्मचारियों ने एनएचएम संविदाकर्मियों और उनके आश्रित परिवारों के लिए कम से कम 10 लाख रुपये की कैशलेस चिकित्सा सुविधा, महंगाई भत्ता, ईपीएफ, एचआरए और ग्रेच्युटी का लाभ देने की मांग की। इसके अलावा रिक्त पदों पर इच्छुक कर्मचारियों के लिए गैर जनपद स्थानांतरण नीति लागू करने की मांग भी रखी गई।ज्ञापन में सेवा के दौरान संविदा कर्मचारी की मृत्यु होने पर उसके परिवार के किसी पात्र सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति देने की नीति बनाने, एनएचएम के तहत कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को जिला स्वास्थ्य समिति में समायोजित करने तथा स्वास्थ्य विभाग की नियमित भर्तियों में एनएचएम संविदाकर्मियों के लिए कम से कम 25 प्रतिशत सीटों का कोटा निर्धारित करने की मांग की गई।संगठन ने कहा कि एनएचएम संविदा कर्मचारी ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वर्षों से सेवाएं देने के बावजूद कर्मचारियों को स्थायित्व और अन्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।संगठन ने चेतावनी दी कि मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर 8, 9 और 10 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर कार्यक्रमों का बहिष्कार किया जाएगा। इसके बाद भी समाधान नहीं हुआ तो 12 अक्टूबर को प्रदेश मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन देने वालों में जिला लेखा प्रबंधक एमएस गंगवार, जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर उत्तम कुमार, जिला मैटरनल हेल्थ कंसलटेंट नितिन गंगवार, डीईआईसी मैनेजर मो. जुबैर, डीडीए कौशल कुमार, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव गंगवार, जिला मंत्री धर्मेन्द्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष अजय यादव, जिला प्रवक्ता अनिल कुमार राठौर, दीपक, संजीव कुमार समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

48 घंटे बाद भी नहीं बदला फुंका ट्रांसफार्मर, अंधेरे में गुजार रहे रात

पूरनपुर। शेरपुर कला गांव में होली पर रखा गया ट्रांसफार्मर फुंकने के 48 घंटे बाद भी नहीं बदले जाने से भीषण गर्मी में ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ताओं को दो दिन-दो रात अंधेरे में गुजारनी पड़ी। कुछ संपन्न लोगों ने जनरेटर किराये पर लेकर अपने और पड़ोसियों के घरों में रोशनी की व्यवस्था की।समस्या को लेकर नागरिक सुरक्षा बल के जिला अध्यक्ष हाजी रियाजत नूर खान ने विद्युत खंड पूरनपुर के एसडीओ मोहित गुप्ता से दूरभाष पर वार्ता की। उन्होंने ट्रांसफार्मर न बदले जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 24 घंटे में फुंके ट्रांसफार्मर बदलने का दावा करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति अलग है। गांव में बढ़ रहे आक्रोश से एसडीओ को अवगत कराया। इसके बाद विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर पेट्रोलिंग में जुटी रही, सोमवार सुबह खबर लिखे जाने तक आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी।


डंपरों की आवाजाही से रम्पुरा कोन की सड़क बदहाल, आवागमन प्रभावित किसानों ने की सड़क बनाने की माँग



पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र में मिट्टी खनन और उसकी ढुलाई को लेकर प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि डंपरों से लगातार मिट्टी ढोई जा रही है, जिससे ग्रामीण सड़कों की हालत तेजी से खराब हो रही है। प्रशासन की ओर से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर कार्रवाई किए जाने की बात सामने आ रही है, लेकिन बड़े वाहनों पर कार्रवाई नहीं होने से सवाल खड़े हो रहे हैं।ताजा मामला गांव रम्पुरा कोन का है। हाईवे से गांव को जोड़ने वाले मार्ग पर लगातार डंपरों की आवाजाही से सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इससे राहगीरों के साथ स्कूली बच्चों को भी आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।रम्पुरा कोन में पूरनपुर चीनी मिल का बड़ा गन्ना क्रय केंद्र लगता है। ग्रामीणों का कहना है कि आगामी गन्ना पेराई सत्र में इसी मार्ग से गन्ने से भरे वाहनों की आवाजाही बढ़ेगी। ऐसे में सड़क की मौजूदा हालत के कारण गन्ना ढुलाई भी प्रभावित होने की आशंका है।गांव के समाजसेवी रंजीत सिंह ने बताया कि लगातार डंपरों के चलने से सड़क की स्थिति खराब हो चुकी है। गहरे गड्ढों के कारण राहगीरों को परेशानी हो रही है।

कांवरियों का जत्था गंगाघाट डलमऊ के लिये हुआ रवाना

अनंत चतुर्दशी पर हैदरगढ़ के बाबा औशानेश्वर धाम में जलाभिषेक करेंगे कांवरिया



तिलोई, अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर पंवारा स्थित प्राचीनतम बाबा दतेहरेश्वर धाम में दर्शनोपरांत सोमवार को कांवरियों का जत्था गाजे बाजे के साथ गंगाघाट डलमऊ के लिये रवाना हुआ।यह कांवरियां गंगाघाट से जल भरकर अनंत चतुर्दशी पर बाबा औशानेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करेंगे।कांवरियों का जगह जगह पर भव्य स्वागत किया गया।क्षेत्र के कस्बा सेमरौता, शिवरतनगंज, गोयन, टिकरी, खरगपुर, पेंडारा, रतवलिया मैझार, भानीपुर, जिजौली सहित कई गांवों के हजारों कांवरियां गंगाघाट डलमऊ से जल भरकर करीब एक सौ पांच किलोमीटर की लम्बी दूरी पैदल तयकर बाराबंकी जनपद की तहसील हैदरगढ़ स्थित औशानेश्वर मंदिर में अनंत चतुर्दशी को जलाभिषेक करेंगे।कस्बा सेमरौता के कांवरियां बाबा दतेहरेश्वर धाम, उजियार नाथ मंदिर व राम जानकी मंदिर में दर्शनोपरांत गाजा बाजा,गोला तमाशा के साथ भक्तिमय गीतों पर कस्बा सेमरौता का भ्रमण किया जहां पर क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा कांवरियों का भव्य स्वागत किया गया।कांवरियों के बिदाई समारोह में व्यवसाई शिव गोबिंद गुप्ता, राम बरन गुप्ता व रामू गुप्ता द्वारा पूड़ी सब्जी बूंदी और कढ़ी चावल वितरित किया गया। सेमरौता के रामगंज चौराहा पर राम प्रकाश प्रजापति द्वारा खीर वितरित की गई।कांवरियों की भीड़ से इलाका भक्तिमय नजर आ रहा था।इस मौके पर सोम नाथ अवस्थी,गोपी बाजपेई, आशीष मिश्रा, राजेश पाण्डेय, संतोष कुमार सिंह, विनीत कुमार मिश्रा,राम समुझ वैश्य, बैजनाथ तिवारी, जगदीश त्रिवेदी, राज करन सेठ, रवि सैनी, राम बरन गुप्ता, रोहित,शुभम वैश्य, बद्री विशाल वैश्य, अरुण सोनी, राजेश कुमार, राकेश साहू,सहित हजारों की संख्या में कांवरिया मौजूद रहे।

पुलिस ने वाहन चोर गैंग का भण्डाफोड़ कर चोरी की छह बाइकें किया बरामद

संग्रामपुर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना संग्रामपुर पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत चोरी की छह मोटर साइकिलों के साथ तीन वाहन चोर को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान आपरेशन चक्रव्यूह के तहत सोमवार को थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर ओझा का पुरवा बाग में छह मोटरसाइकिलों के साथ खड़े राहुल यादव पुत्र शीतला प्रसाद निवासी ग्राम शुकुल डीह मजरे मेदन मवई थाना मुंशीगंज, गजाधर वर्मा पुत्र रामबली निवासी नया पुरवा मौजा जोगापुर अम्बरपुर थाना संग्रामपुर,आदित्य उर्फ करन पुत्र राम आसरे निवासी पाण्डेय का पुरवा मौजा टिकरिया थाना गौरीगंज को गिरफ्तार किया गया। मोटर साइकिलों के कागज मांगने पर दिखा न सके।पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवकों ने बताया कि बरामद सभी मोटर साइकिलें चोरी की हैं जिन्हें उन लोगों ने मिलकर चोरी की हैं। मोटरसाइकिल होण्डा एसपी संख्या यूपी 72 बी क्यू 0138 को अठारह सितम्बर को थाना क्षेत्र संग्रामपुर के विशेषरगंज पुलिया के पास से हीरो स्प्लेण्डर प्लस संख्या यूपी 36 8380 कई महीने पूर्व पूरे जगन टिकरिया थाना क्षेत्र गौरीगंज से चोरी किया था तथा चार अन्य मोटरसाइकिलें काफी दिनों पहले अलग अलग स्थानों से चोरी की हैं। पकड़े जाने के डर से मोटरसाइकिलों की नंबर प्लेट खुरच कर मिटा देतें हैं अथवा फर्जी नंबर प्लेट लगा लेते हैं। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने बताया कि गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है और थाना गौरीगंज व थाना संग्रामपुर पर उपरोक्त दोनों मोटरसाइकिलों की चोरी के संबंध में अभियोग पंजीकृत है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने पुलिस टीम को दस हजार रुपये की नकद धनराशि प्रदान कर पुरस्कृत किया है।

मंदिर से चोरी के दानपात्र और नकदी के साथ एक युवक गिरफ्तार

तिलोई, अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना फुरसतगंज पुलिस ने गांव सरवन स्थित प्राचीनतम मंदिर से दान पात्र चोरी के अभियोग में वांछित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से चोरी के एक हजार सात सौ अठहत्तर रुपये के साथ ही दान पात्र भी बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव सरवन स्थित प्राचीनतम मंदिर में दानपात्र चोरी हो गया था। ग्रामीणों की मानें तो उक्त दान पात्र में करीब चार पांच हजार रुपया था जिसमें एक युवक को नामजद करते हुये स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर दी गई थी। पुलिस ने अभियोग दर्जकर मामले की छानबीन में जुट गई।थाना फुरसतगंज के उप निरीक्षक महेन्द्र सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान चोरी के मामले में वांछित अमन सैनी पुत्र जगप्रसाद निवासी ग्राम सरवन थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी उम्र पच्चीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से चोरी का दानपात्र व एक हजार सात सौ अठहत्तर रुपये बरामद हुये। इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया है।

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर कार्यशाला एवं हुआ श्रमदान

अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत संचालित 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के तहत जनपद अमेठी में विभिन्न निकायों द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में सोमवार को नगर पंचायत मुसाफिरखाना में समस्त कार्यालय कर्मचारियों एवं स्वच्छता कर्मियों की उपस्थिति में एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के दौरान स्थानीय चिकित्सक द्वारा उपस्थित कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही कर्मचारियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। वहीं नगर पालिका परिषद गौरीगंज में भी कर्मचारियों एवं स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य और कार्यक्षमता को ध्यान में रखते हुये विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों द्वारा सभी उपस्थित कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिये गये। अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता कर्मी नगर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं इसलिए उनके स्वास्थ्य का संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त नगर पालिका परिषद गौरीगंज में अध्यक्ष प्रतिनिधि, अधिशासी अधिकारी एवं समस्त सभासदों की उपस्थिति में विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हित स्थलों पर सामूहिक रूप से श्रमदान कर साफ-सफाई अभियान चलाया गया तथा स्वच्छ किए गए स्थलों पर वृक्षारोपण भी किया गया। प्रतिभागियों ने स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण का संकल्प लेते हुए जनसामान्य से भी स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित करने का संदेश दिया गया तथा सेवा संकल्प अभियान के उददेश्यों को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

एसडीएम के आदेश पर अहमदनगर पहुंची टीम

❐ मकानों के कागज मांगने से मचा हड़कंप, मांगा न्यायालय का आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नगर के मोहल्ला अहमदनगर वार्ड नंबर पांच में सोमवार को एसडीएम मयंक गोस्वामी के निर्देश पर राजस्व टीम पुलिस के साथ पहुंची और लोगों से मकानों व जमीन से संबंधित दस्तावेज मांगे। अचानक हुई इस कार्रवाई से मोहल्ले में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने टीम के सामने विरोध जताते हुए कार्रवाई का आधार और न्यायालय का आदेश अथवा लिखित नोटिस दिखाने की मांग की।स्थानीय लोगों का कहना है कि मोहल्ले में वर्ष 1970 के आसपास से परिवार मकान बनाकर रह रहे हैं।

वर्तमान में यहां एक हजार से अधिक पक्के मकान बने हैं। लोगों का दावा है कि उनके बुजुर्गों ने जमीन कच्ची लिखा-पढ़ी के आधार पर खरीदी थी और इससे संबंधित दस्तावेज उनके पास मौजूद हैं। सोमवार दोपहर करीब दो बजे लेखपाल कमल किशोर, अनिल चौधरी और शिशुपाल पुलिस के साथ मोहल्ले में पहुंचे और लोगों से दस्तावेज मांगे, लेकिन कोई न्यायालयी आदेश या नोटिस नहीं दिखाया गया। जबाब में एसडीएम मयंक गोस्वामी बताया गया। इस पर लोगों ने कार्रवाई का विरोध किया। बताया गया कि दीपक खंडेलवाल पुत्र विजय कुमार खंडेलवाल निवासी गनेशगंज ने शिकायत कर गाटा संख्या 421 अपने दादा की जमीन बताते हुए लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर मकान बनाने का आरोप लगाया है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि जमीन उनके बुजुर्गों से खरीदी थी। अब उक्त लोग अवैध तरीको से अधिकारियों को गुमराह कर लोगों को परेशान किया जा रहा है। हालांकि 50 वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद आज तक किसी तरह की आपत्ति नहीं जताई गई,अब 19 सितंबर 2026 से एसडीएम के द्वारा लोगों को परेशान किया जा रहा है जबकि यह आबादी क्षेत्र है बिना न्यायालय के आदेश अधिकारी हस्तक्षेप नहीं कर सकते हैं उसके बावजूद एसडीएम पूरनपुर के द्वारा हस्तक्षेप करते हुए लोगों पर अनावश्यक रूप से दबाव बनाते हुए उनके दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। जल्द ही लोगों ने इस संबंध में धरना प्रदर्शन कर अनावश्यक रूप से परेशान करने वाले अधिकारी व अन्य लोगों के खिलाफ आंदोलन करने को लेकर रणनीति बनाई जा रही हैं।

शारदा कटान बचाव कार्य में लापरवाही का आरोप, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। ट्रांस शारदा क्षेत्र के नहरोसा और राणा प्रताप नगर में शारदा नदी के कटान को रोकने के लिए चलाए गए बचाव कार्य को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। नदी किनारे एकत्र हुए ग्रामीणों ने बाढ़ खंड विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए मामले की जांच की मांग की।

ग्रामीणों के मुताबिक कटान प्रभावित क्षेत्र में नदी के किनारे लगाए जाने के लिए खाली बोरियों में मिट्टी और बालू भरकर उन्हें जाल में लगाया जा रहा था। आरोप है कि राहत कार्य के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली खाली बोरियों के कई बंडल नदी किनारे पानी में पड़े मिले। कुछ बंडल समीप स्थित गन्ने के खेत में भी पड़े होने की बात ग्रामीणों ने कही है।ग्रामीणों का कहना है कि शारदा नदी लगातार जमीन काट रही है। ऐसे में बचाव कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही होने से किसानों की भूमि और आबादी को खतरा बढ़ सकता है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि सरकारी कार्य में उपयोग होने वाली बोरियां नदी और खेत में कैसे पहुंचीं।प्रदर्शनकारियों ने बोरियों की स्थिति, राहत कार्य में खर्च धनराशि और कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की। उनका कहना है कि पिछले कुछ दिनों से बचाव कार्य भी बंद है, जबकि कटान जारी है। इस दौरान तेज प्रताप सिंह, अरविंद यादव, रोहित गौतम, मेराज अहमद, मनोज मदेशिया, नितिन गुप्ता समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

ब्लॉक स्तरीय एकदिवसीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। परिषदीय स्कूलों की विकसित भारत विषय पर चित्रकला प्रदर्शनी की एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लाक स्तर के पांच सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रतियोगिता के पांच विजयी छात्रों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेन्द्र सिंह के निर्देशन में परिषदीय स्कूलों के कक्षा पांच से आठ तक के प्रत्येक विद्यालय से एक-एक चयनित छात्रों का जन कल्याण सेवा उपलक्ष्य के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान के तहत थीम दो विकसित भारत (मेरे सपनों का भारत) विषय पर चित्रकला प्रदर्शनी की एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज पूरनपुर में आयोजित हुई।

इस प्रतियोगिता में कक्षा 5 से 8 तक के 83 स्कूलों के 83 बच्चों ने प्रतिभाग किया। चित्रकला प्रदर्शनी प्रतियोगिता में ब्लाक स्तर में उच्च प्राथमिक विद्यालय भीमपुर नौगजा की निशा देवी ने पहला, पीएमश्री खासपुर की नेहा देवी ने दूसरा, उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर की आलिया ने तीसरा, कम्पोजिट विद्यालय घाटमपुर की नूर बानो ने चौथा और कम्पोजिट विद्यालय टंडोला की रोली ने पाँचवां स्थान प्राप्त किया। ब्लाक स्तर के पांच सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रतियोगिता के पांच विजयी छात्रों को खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेन्द्र सिंह ने प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता कार्यक्रम में एआरपी सुखजीत सिंह, अजय तोमर, श्रीकृष्ण, अवनीश तोमर सहित कई शिक्षक एवं अभिभावक मौजूद रहे।

राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में बहस शुरू 29 सितंबर को होगी अगली सुनवाई

❐ विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दोपहर करीब तीन बजे सुनवाई हुई शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर । एमपी-एमएलए की विशेष अदालत में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि के मुकदमे में सोमवार को बहस शुरूहुई। मामला वर्ष 2018 में बेंगलुरुमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है।

विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दोपहर करीब तीन बजे सुनवाई शुरू हुई, जो लगभग 50 मिनट तक चली। परिवादी एवं भाजपा नेता विजय मिश्र की ओर से अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बहस शुरूकी, लेकिन समयाभाव के कारण वह अपनी दलील पूरी नहीं कर सके। अदालत ने शेष बहस के लिए 29 सितंबर की तारीख निर्धारित की है। राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने बताया कि पहले परिवादी पक्ष की बहस पूरी होगी। इसके बाद राहुल गांधी की ओर से अदालत में अपना पक्ष रखा जाएगा।

2018 में दाखिल हुई थी शिकायत

मामले के अनुसार, राहुल गांधी पर वर्ष 2018 में बेंगलुरु में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इसी को लेकर भाजपा नेता विजय मिश्र ने 4 अगस्त 2018 को सुलतानपुर की अदालत में मानहानि की शिकायत दाखिल की थी।

अदालत में पेश होकर ले चुके हैं जमानत

मामले में अदालत ने 27 नवंबर 2023 को राहुल गांधी को पेश होने के लिए समन जारी किया था। इसके बाद राहुल गांधी अदालत में पेश हुए और जमानत प्राप्त की थी।

वयस सैंपल की मांग को भी नहीं मिली मंजूरी

परिवादी विजय मिश्र की ओर से राहुल गांधी के वयस सैंपल का मिलान कराने के लिए अदालत में प्रार्थना पत्र भी दिया गया था। ट्रायल कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया था। इसके खिलाफ दाखिल निगरानी अर्जी भी सेशन कोर्ट से खारिज हो गई। बाद में वयस सैंपल संबंधी आदेश को चुनौती देने वाली याचिका भी हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी।

डीएम ने लेबर अड्डे का किया निरीक्षण , श्रमिकों से जानी समस्याएं

❐ पंजीकरण के साथ योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश, मेडिकल कैम्प की भी तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा मेरा योगदान थीम को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने दरियापुर ओवरब्रिज के नीचे स्थित लेबर अड्डे का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद श्रमिकों से बातचीत कर रोजगार की स्थिति और उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लेबर अड्डे पर आने वाले श्रमिकों का पंजीकरण कराया जाए और पात्र श्रमिकों को श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। श्रमिकों को स्वास्थ्य, सुरक्षा और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराने को कहा गया। प्रशासन ने पुराने श्रमिक स्थल को ध्यान में रखते हुए दरियापुर लेबर अड्डे का दोबारा संचालन शुरू कराया है। इसका उद्देश्य काम की तलाश में आने वाले श्रमिकों को एक स्थान पर रोजगार संबंधी जानकारी के साथ सरकारी सुविधाओं से जोड़ना है। श्रमिकों के स्वास्थ्य को लेकर यहां मेडिकल कैम्प आयोजित करने की भी तैयारी है। प्रस्तावित शिविर में एक्स-रे, मोबाइल एंबुलेंस और मोबाइल मेडिकल यूनिट जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। जिला प्रशासन के मुताबिक लेबर अड्डे को भविष्य में स्थायी श्रमिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां श्रमिकों को रोजगार, पंजीकरण, स्वास्थ्य जांच और सरकारी योजनाओं से संबंधित सुविधाएं एक ही स्थान पर मिल सकेंगी।

लोको पायलटों का स्टेशन पर धरना, 36 घंटे में मुख्यालय वापसी समेत कई मांगें उठाईं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। रेलवे स्टेशन के प्लेटफर्म नंबर एक पर सोमवार को लोको पायलटों ने विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। सुबह करीब 10 बजे शुरूहुआ प्रदर्शन शाम चार बजे तक चला। कर्मचारियों ने विभाग की नई व्यवस्थाओं पर असंतोष जताते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

शाखा सचिव एसी मौर्य ने कहा कि लोको पायलटों की ड्यूटी पूरी होने के बाद उन्हें 36 घंटे के भीतर उनके मुख्यालय वापस भेजने की व्यवस्था होनी चाहिए। लगातार दो नाइट ड्यूटी के बाद एक रात का आराम दिए जाने की मांग भी उठाई गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्टेशन का मैप तैयार करने के बजाय केवल जंक्शन और यार्ड का मैप तैयार किया जाना चाहिए। इसके अलावा मेमो ट्रेन में लागू सिंगल मैन वर्किंग व्यवस्था को लोको पायलटों के लिए परेशानी का कारण बताते हुए इसे समाप्त करने की मांग की गई।

रेलवे कर्मचारियों ने बताया कि इन मांगों को लेकर लखनऊ रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर प्रदर्शन किया जा रहा है। चेतावनी दी गई कि यदि विभागीय स्तर पर समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो डीआरएम कार्यालय के सामने भी बड़े स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। धरने में इंद्रजीत कुमार, पवन यादव, सदानंद मौर्य, अमित कुमार, शशांक कुमार, अतुल मौर्य, .ष्णा कुमार, हरिकांत यादव, मनीष कुमार, सुरेश चंद्र, मंजीत यादव और सुनील कुमार समेत बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी मौजूद रहे।

पच्चीस हजार रुपये के इनामिया बदमाश को तमंचा के साथ पकड़ा

अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।थाना गौरीगंज पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह के तहत पच्चीस हजार रुपये का ईनामिया बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग व अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान आपरेशन चक्रव्यूह के तहत सोमवार को थाना गौरीगंज के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह मय हमराह द्वारा थाना जामो में वांछित व पच्चीस हजार रुपये का ईनामिया राजेश सिंह पुत्र गणेश सिंह निवासी ग्राम दतनपुर मजरे कटारी थाना जामो जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक पल्सर मोटरसाइकिल संख्या यूपी 36 एक्स 4094 तथा एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा नही सका। कोतवाली प्रभारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि उक्त अभियोग पंजीकृत के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा पच्चीस हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

सम्पादकीय

हमें उस भरोसे पर खरा उतरना होगा...!

मेरे पड़ोसी ने जोश में आकर कहा, ''भारत को पांच अरब डॉलर मिल रहे हैं।'' मेरे हाथ से चाय का कप लगभग गिरते-गिरते बचा। मैंने पूछा, ''किससे? और सबसे जरूरी बात, हम इसे कब बांटेंगे?'' उन्होंने रूखेपन से कहा, ''यह तुम्हारे लिए नहीं है। अमरीकी कंपनी 'एप्लाइड मैटीरियल्स' अगले दस सालों में भारत में पांच अरब डॉलर का निवेश करने की योजना बना रही है।'' मैंने कहा, ''यह तो बहुत अच्छी बात है। वह क्या बनाती है?'' ''चिप बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण।'' ''आलू के चिप्स?'' उन्होंने मुझे ऐसे देखा जैसे कोई बुजुर्ग रिश्तेदार को स्मार्टफोन चलाना सिखाते समय सब्र से देखता है। उन्होंने थककर कहा, ''कम्प्यूटर चिप्स। वे छोटी-छोटी चीजें, जो फोन, कार, मैडिकल उपकरणों, सैटेलाइट और लगभग हर आधुनिक मशीन को चलाती हैं।'' मैंने सोच-समझकर अपने फोन की ओर देखा। उस सुबह वह दो बार गिर चुका था, मेरा चेहरा पहचानने से इंकार कर रहा था और मेरे पुजारी को भेजे गए मैसेज में 'गुड मार्निंग' को 'गोट मॉर्निंग' (बकरी का शोक) में बदल दिया था। मैंने कहा, ''लगता है उसके अंदर की वह छोटी सी चीज बहुत ज्यादा काम कर रही है।'' फिर भी, यह सच में उत्साह बढ़ाने वाली खबर है। सालों से भारत अपने सबसे अच्छे दिमागों को विदेश भेजता रहा है। अब दुनिया को सिर्फ दिमाग सप्लाई करने से कहीं ज्यादा करने का मौका है। हम ऐसी प्रयोगशालाएं, फैक्टरियां और हुनर विकसित कर सकते हैं, जो उन दिमागों को यहीं कुछ नया बनाने में मदद करें। सैमीकंडक्टर चिप्स भले ही छोटी हों लेकिन उनसे जुड़ी इंडस्ट्री बहुत बड़ी है। जो देश ऐसी टैक्नोलॉजी बना सकता है और उसे सपोर्ट कर सकता है, उसे न सिर्फ पैसा और रोजगार, बल्कि आत्मविश्वास भी मिलता है। वह दूसरों की बनाई चीजें खरीदने की बजाय ऐसी चीजें बनाने की ओर बढने लगता है, जिन्हें दूसरे खरीदना चाहते हैं। मेरे पड़ोसी ने समझदारी से सिर हिलाया। उन्होंने कहा, ''इससे भारत एक बड़ा टैक्नोलॉजी सैंटर बन सकता है।'' मैंने जवाब दिया, ''बशर्ते फैक्टरी बनाने के लिए एप्लीकेशन फॉर्म में सत्रह फोटोकॉपी, तीन हलफनामे और 1996 में रिटायर हुए किसी अफसर के साइन की जरूरत न हो।'' उन्होंने सिर हिलाना बंद कर दिया। सिर्फ निवेश काफी नहीं होगा। मैंने मन ही मन सोचा और साथ ही जश्न के तौर पर उन्होंने जो चाय का कप मुझे दिया, उसे खुशी-खुशी ले लिया। हमें टैलेंट के लिए काम करना, रिसर्च को आगे बढ़ाना और आइडिया को प्रोडक्ट में बदलना आसान बनाना होगा। हमें अपने युवाओं को सिर्फ टैक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना ही नहीं, बल्कि उसे समझना और बनाना भी सिखाना होगा। सबसे जरूरी बात, हमें वफादारी की बजाय काबिलियत, लकीर का फकीर बनने की बजाय जिज्ञासा और आज्ञाकारी होने के बजाय इनोवेशन को बढ़ावा देना होगा। एप्लाइड मैटेरियल्स भारत पर पांच अरब डॉलर का भरोसा जता रहा है। हमें कुशलता, शिक्षा और ईमानदारी के साथ उस भरोसे पर खरा उतरना होगा। बहुत समय से हम यह शिकायत करते रहे हैं कि दुनिया हमारी महानता को नहीं पहचानती।

भारत को पांच अरब डॉलर मिल रहे हैं।'' मेरे हाथ से चाय का कप लगभग गिरते-गिरते बचा। मैंने पूछा, ''किससे? और सबसे जरूरी बात, हम इसे कब बांटेंगे?'' उन्होंने रूखेपन से कहा, ''यह तुम्हारे लिए नहीं है। अमरीकी कंपनी 'एप्लाइड मैटीरियल्स' अगले दस सालों में भारत में पांच अरब डॉलर का निवेश करने की योजना बना रही है।'' मैंने कहा, ''यह तो बहुत अच्छी बात है।

एआई वीडियो-पोस्टरों से गरमायी यूपी की सियासत

2027 के विधानसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश की सियासत सोशल मीडिया पर एक नई शक्ल में उतर आई है। समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच अब पारंपरिक भाषण-बाज़ी से आगे बढ़कर एआई-निर्मित वीडियो और पोस्टरों की जंग छिड़ गई है, जिसे कई हलकों में एआई वॉर कहा जा रहा है। हालिया मामले की बात की जाए तो वह ताज़ा पोस्टर है, जिसमें अखिलेश को आजम-अतीक और मुख्तार के साथ दिखाया गया है। पोस्टर के मुख्य नारे हैं- 'आजम, अतीक और मुख्तार, यही चलाते थे सरकार।' दूसरा नारा है- 'अखिलेश के माफिया, माफिया के अखिलेश।' कुछ पोस्टरों में वन डिस्ट्रिक्ट, वन माफिया के नारे के साथ अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े कई नाम दिखाए गए हैं। जैसे अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, आजम खान, याकूब कुरैशी, अनिल दुजाना और अवध क्षेत्र के पोस्टर में गुलशन यादव, मित्रसेन यादव और रिजवान जहीर जैसे नाम भी शामिल हैं। इसकी शुरुआत तब हुई, जब सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जुड़ा एक एआई वीडियो जारी किया। पार्टी के अनुसार, यह वीडियो एक जवाबी कार्रवाई थी। अखिलेश यादव का कहना था कि यह वीडियो समाजवादी पार्टी का बनाया हुआ नहीं था, बल्कि किसी व्यक्ति ने उन्हें भेजा था, और यह भाजपा समर्थक हैंडलों से पहले शेयर किए गए एक वीडियो के जवाब में सामने आया। भाजपा की ओर से इस पर तीखी प्रतिक्रिया आई। पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विनीत शारदा ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का ऐसा वीडियो बनाना बेहद आपत्तिजनक है और इसे सपा की राजनीति के स्तर को उजागर करने वाला बताया। भाजपा नेताओं ने अखिलेश यादव से सार्वजनिक माफी मांगने और वीडियो को तुरंत हटाने की मांग रखी। वहीं, भाजपा महासचिव सुब्रत पाठक ने कहा कि योगी आदित्यनाथ सिर्फ मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि संत भी हैं, और इस एआई वीडियो से सपा की सोच उजागर हुई है। इसके जवाब में सपा पीछे नहीं हटी। भाजपा की प्रतिक्रिया के बाद समाजवादी पार्टी ने एक और वीडियो पोस्ट किया, जिसमें योगी आदित्यनाथ को एआई के जरिए दिखाते हुए लिखा गया कि उत्तर प्रदेश धुएं से घुट रहा है। अखिलेश यादव ने साफ कर दिया कि पार्टी इस मोर्चे पर पीछे नहीं रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं को बदनाम करने के लिए एआई का इस्तेमाल किया जा रहा है और कहा कि अगर सरकार एआई के जरिए समाजवादी पार्टी को घेरने की कोशिश करेगी तो पार्टी भी पीछे नहीं रहेगी। दूसरी ओर, भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी, भाजपा की छवि खराब करने के लिए रोज नया नैरेटिव तैयार करती है। परिणाम यह हुआ कि यह जंग जल्द ही डिजिटल दायरे से निकलकर सड़क पर पोस्टरों तक पहुंच गई। वाराणसी में भाजपा नेता सुधीर सिंह ने अखिलेश यादव पर पलटवार करते हुए एक पोस्टर जारी किया, जिसमें हार्पिक की बोतल पर उनकी तस्वीर लगाकर उन्हें हार्पिक का ब्रांड एंबेसडर बताया गया। दोनों दलों के कार्यकर्ता अब इस तरह की रचनात्मक (और आपत्तिजनक भी मानी जा रही) सामग्री बनाकर इस जंग को आगे बढ़ाने में जुटे हैं। इस पूरे विवाद के बीच अखिलेश यादव ने योगी आदित्यनाथ को लेकर एक और व्यंग्यात्मक टिप्पणी की, जिसके बाद भाजपा ने और तीखी प्रतिक्रिया दी। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री को गरिमा का ध्यान रखना चाहिए। इस पर अखिलेश यादव ने जवाब दिया कि अगर भाजपा एआई के जरिए उनके खिलाफ गाने और वीडियो बनाएगी तो समाजवादी पार्टी भी गानों से जवाब देगी। सोशल मीडिया पर जंग के साथ-साथ आरक्षण का मुद्दा भी इस चुनावी बहस के केंद्र में है। जब राज्य में आरक्षण सुधार को लेकर चर्चा शुरू हुई, तो उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की आरक्षण विरोधी छात्रों से मुलाकात के बाद यह मुद्दा सियासी बहस के केंद्र में आ गया। इस पर अखिलेश यादव ने भाजपा को सीधे निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि सुधार या समीक्षा जैसे शब्दों की आड़ में आरक्षण खत्म करने की किसी भी कोशिश को स्वीकार नहीं किया जा सकता, और आरक्षण को पीडीए समाज का अधिकार बताया, जिसे किसी की इच्छा पर निर्भर नहीं किया जा सकता। सपा प्रमुख ने आगे कहा कि आरक्षण सुधार के नाम पर आरक्षण समाप्ति की कोशिश पीडीए समाज के खिलाफ एक गहरी साजिश है। हाल ही में एक कार्यकारिणी बैठक में उन्होंने कहा कि युवाओं में बेरोजगारी बढ़ी है, सरकारी नौकरियां नहीं हैं और आरक्षण के साथ खिलवाड़ किया गया है। डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं का मुद्दा भी हाल में जोर पकड़ चुका है। अखिलेश यादव ने दावा किया कि भाजपा शासन में 72 जिलों में 151 आंबेडकर प्रतिमाएं तोड़ी गईं और हर साल औसतन 15 से अधिक प्रतिमाएं तोड़ी गईं, जिनमें बलिया में सबसे अधिक मामले सामने आए। उन्होंने इसे जानबूझकर किया गया कृत्य बताते हुए कहा कि भाजपा संविधान बदलना चाहती थी, लेकिन ऐसा नहीं कर पाई, इसीलिए इस तरह की घटनाएं हुईं। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि दस साल के भाजपा शासन में सबसे ज्यादा आंबेडकर प्रतिमाएं तोड़ी गईं और अब वही जिम्मेदार लोग चुनाव से पहले बजट में मदद देकर गलत संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं, साथ ही दलितों, पिछड़ों और पीडीए वर्ग के साथ भेदभाव जारी रहने का आरोप भी दोहराया गया। दूसरी ओर, भाजपा और खासकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति सपा को हिंदू आस्था और सामाजिक सौहार्द के विरोधी के रूप में पेश करने पर केंद्रित रही है। मुख्यमंत्री ने कई सार्वजनिक सभाओं में सपा पर सीधा हमला बोला है। रुदौली में एक जनसभा में उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की आस्था भगवान राम के प्रति नहीं, बल्कि बाबर के प्रति है, क्योंकि उन्होंने अब तक राम मंदिर के दर्शन नहीं किए और अपने विधायकों को भी अयोध्या जाने से रोका। एक अन्य मौके पर मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि समाजवादी लोग राम से दूरी बनाते हैं और बाबर को आदर्श मानते हैं। योगी आदित्यनाथ ने सपा के इतिहास पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जिस समाजवादी आंदोलन को डॉ. राम मनोहर लोहिया, आचार्य नरेंद्र देव, जनेश्वर मिश्र और मोहन सिंह जैसे चिंतकों ने ऊंचाई दी थी, आज सपा ने उसी आंदोलन को गुंडों, पेशेवर माफियाओं और अपराधियों का अड्डा बना दिया है। सपा ने इन आरोपों का जवाब भी उतनी ही तीखी भाषा में दिया है। विधान परिषद में अखिलेश यादव ने कहा कि 2017 से पहले मुख्यमंत्री के खिलाफ कई मामले दर्ज थे और समाजवादी पार्टी ने उन्हें राजनीतिक संरक्षण दिया था, और आरोप लगाया कि दंगा, आगजनी व नफरत फैलाना मुख्यमंत्री की राजनीतिक शैली का हिस्सा रहा है। शंकराचार्य से जुड़े एक विवाद पर भी अखिलेश यादव ने योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला बोलते हुए सवाल उठाया कि उन्हें यह प्रमाणपत्र कहां से मिला।कुल मिलाकर, उत्तर प्रदेश की सियासी जमीन पर 2027 के चुनाव से पहले यह टकराव कई मोर्चों पर एक साथ चल रहा है एआई वीडियो और पोस्टरों की तकनीकी जंग से लेकर आरक्षण, सामाजिक न्याय, आंबेडकर प्रतिमाओं और धार्मिक आस्था जैसे भावनात्मक मुद्दों तक। दोनों पक्ष अपने-अपने तर्कों और आंकड़ों के सहारे जनता के बीच अपनी बात पहुंचाने में जुटे हैं, और आने वाले महीनों में यह बहस और तेज होने की संभावना है। -संजय सक्सेना

भाजपा की ओर से इस पर तीखी प्रतिक्रिया आई। पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विनीत शारदा ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का ऐसा वीडियो बनाना बेहद आपत्तिजनक है और इसे सपा की राजनीति के स्तर को उजागर करने वाला बताया। भाजपा नेताओं ने अखिलेश यादव से सार्वजनिक माफी मांगने और वीडियो को तुरंत हटाने की मांग रखी। वहीं, भाजपा महासचिव सुब्रत पाठक ने कहा कि योगी आदित्यनाथ सिर्फ मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि संत भी हैं, और इस एआई वीडियो से सपा की सोच उजागर हुई है। इसके जवाब में सपा पीछे नहीं हटी। भाजपा की प्रतिक्रिया के बाद समाजवादी पार्टी ने एक और वीडियो पोस्ट किया, जिसमें योगी आदित्यनाथ को एआई के जरिए दिखाते हुए लिखा गया कि उत्तर प्रदेश धुएं से घुट रहा है। अखिलेश यादव ने साफ कर दिया कि पार्टी इस मोर्चे पर पीछे नहीं रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं को बदनाम करने के लिए एआई का इस्तेमाल किया जा रहा है और कहा कि अगर सरकार एआई के जरिए समाजवादी पार्टी को घेरने की कोशिश करेगी तो पार्टी भी पीछे नहीं रहेगी। दूसरी ओर, भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी, भाजपा की छवि खराब करने के लिए रोज नया नैरेटिव तैयार करती है। परिणाम यह हुआ कि यह जंग जल्द ही डिजिटल दायरे से निकलकर सड़क पर पोस्टरों तक पहुंच गई। वाराणसी में भाजपा नेता सुधीर सिंह ने अखिलेश यादव पर पलटवार करते हुए एक पोस्टर जारी किया, जिसमें हार्पिक की बोतल पर उनकी तस्वीर लगाकर उन्हें हार्पिक का ब्रांड एंबेसडर बताया गया। दोनों दलों के कार्यकर्ता अब इस तरह की रचनात्मक (और आपत्तिजनक भी मानी जा रही) सामग्री बनाकर इस जंग को आगे बढ़ाने में जुटे हैं।

राहुल गांधी की गूंज कहां तक जाएगी?

राजेश सिरोठिया

देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के शीर्ष नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इन दिनों जातिगत जनगणना के मुद्दे से आगे बढ़कर देश की युवा तरुणाई तक पहुंच बनाने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं। सवाल है–छात्रों और युवाओं के बीच उठाई जा रही उनकी यह 'गूंज' आखिर कितनी दूर तक जाएगी? राहुल गांधी लंबे समय से जातिगत जनगणना को सामाजिक न्याय और राजनीतिक प्रतिनिधित्व से जोड़कर उठाते रहे हैं। लेकिन बिहार के चुनावी अनुभव ने इस रणनीति की राजनीतिक उपयोगिता पर सवाल खड़े किए। अब उन्होंने छात्रों और युवाओं की ओर रुख किया है। कोटा, देहरादून, प्रयागराज और पुणे के बाद 19 सितंबर को इंदौर में 'छात्रों की गूंज' का पांचवां कार्यक्रम हुआ। शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता और 'सिस्टम' राहुल गांधी के नए अभियान के प्रमुख विषय हैं। इन सवालों से असहमति की गुंजाइश कम है। देश का युवा सचमुच इन समस्याओं से जूझ रहा है। लेकिन यहीं राहुल गांधी के सामने असली सवाल खड़ा होता है–समस्या सबको दिखाई दे रही है, समाधान क्या है? जिस 'सिस्टम' पर राहुल गांधी सवाल उठा रहे हैं, वह एक दिन में बना हुआ ढांचा नहीं है। कांग्रेस सहित विभिन्न दलों की सरकारें दशकों तक इसे चलाती रही हैं। इसलिए अगर राहुल गांधी इसे बदलने की बात करते हैं तो देश यह जानना चाहेगा कि वे सत्ता में आने पर इसे बदलेंगे कैसे? करोड़ों युवाओं को केवल सरकारी नौकरियां देना संभव नहीं है। रोजगार का रास्ता सरकारी क्षेत्र के साथ निजी उद्योग, छोटे-मझोले उद्यम, स्टार्टअप, स्वरोजगार, कृषि और नई अर्थव्यवस्था से होकर भी गुजरता है। ऐसे में राहुल गांधी की आर्थिक नीति और रोजगार का वैकल्पिक मॉडल क्या होगा–यह सवाल उनके भाषणों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। यहीं राहुल गांधी की राजनीति की एक बड़ी कमजोरी सामने आती है। वे कई बार भाजपा सरकारों की वास्तविक कमजोरियों को पकड़ने के बजाय नरेन्द्र मोदी सरीखी विशाल राजनीतिक मछली पकड़ने की कोशिश करते हैं, जो उनके हाथ से बार-बार फिसल जाती है। सत्ता की अकुलाहट में कांग्रेस ने अपने कई प्रभावी राजनीतिक अस्त्रों की धार भी कुंद की है। मोदी सरकार की नीतियों, प्रशासनिक विफलताओं, बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्थागत पारदर्शिता जैसे मुद्दों पर लगातार और ठोस अभियान चलाने के बजाय बहस कई बार व्यक्ति-केंद्रित हो जाती है। दूसरी ओर भाजपा, कांग्रेस को मुस्लिम तुष्टिकरण के आरोप वाले राजनीतिक नैरेटिव पर घेरती है। कांग्रेस के लिए मुश्किल यह है कि इस आरोप का जवाब देते हुए उसे अपनी अल्पसंख्यक नीति और व्यापक सामाजिक न्याय की नीति को अधिक स्पष्ट करना होगा। कांग्रेस की पुरानी राजनीति को उसके आलोचक एक ऐसे सामाजिक समीकरण से जोड़ते रहे हैं जिसमें मुस्लिम मतदाताओं को उसका अपेक्षाकृत स्थिर आधार माना गया। यही धारणा अब कांग्रेस के लिए राजनीतिक बोझ भी बनती दिखाई देती है। मुस्लिम मतदाताओं का समर्थन भी कोई स्थायी या एकमुश्त राजनीतिक संपत्ति नहीं है। अलग-अलग राज्यों में जब उन्हें प्रभावी क्षेत्रीय विकल्प दिखाई देता है, तो उनका समर्थन उन दलों की ओर जाता रहा है। बिहार के चुनावी अध्ययन में भी मुस्लिम और यादव मतदाताओं के एक बड़े हिस्से के महागठबंधन की ओर जाने का उल्लेख मिलता है, जबकि दलित मतदाताओं के व्यवहार में चरण और क्षेत्र के अनुसार बदलाव दिखाई दिया। यही बात कांग्रेस के व्यापक सामाजिक आधार पर भी लागू होती है। दलित, आदिवासी, पिछड़े और सवर्ण मतदाताओं का समर्थन भी किसी एक दल के लिए स्थायी नहीं है। चुनाव-दर-चुनाव समीकरण बदलते रहे हैं। कांग्रेस के लिए चुनौती यह है कि वह इन समुदायों को केवल चुनावी गणित का हिस्सा मानने के बजाय उनके लिए शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक अवसरों के ठोस कार्यक्रम सामने रखे। राहुल गांधी के सामने चुनौती केवल भीड़ जुटाने की नहीं है। युवा एकरूप मतदाता नहीं है। किसी के लिए सरकारी नौकरी महत्वपूर्ण है, किसी के लिए निजी रोजगार, किसी के लिए उद्यमिता और किसी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा। इसलिए छात्रों की भावनाओं को राजनीतिक समर्थन में बदलने के लिए भावनात्मक भाषण से अधिक जरूरी है–ठोस कार्यक्रम।

सेहत मंत्र

मेटाबॉलिक, इम्यून और नर्वस सिस्टम के लिए जरूरी है विटामिनयुक्त आहार

विटामिन्स हमारे शरीर के लिए जरूरी हैं। विटामिन्स हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं और बीमारियों से लड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा ये विटामिन्स हमारे मेटाबॉलिज्म, इम्यून सिस्टम और नर्वस सिस्टम के लिए बहुत जरूरी होते हैं। इनके बिना शरीर के अंगों को काम करने के लिए उचित पोषण नहीं मिल पाता है। इसलिए हमें अपने आहार में विटामिन को जरूर शामिल करना चाहिए। आइए आपको बताते हैं कितने जरूरी हैं विटामिनयुक्त आहार हमारे लिए। विटामिन बी ऊर्जा के स्तर को बढ़ाता है, मूड को नियंत्रित करता है, और प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देता है। इसके अलावा विटामिन हमारे वजन को भी नियंत्रित रखता है, इम्यून और नर्वस सिस्टम सुचारु रखता है, हड्डियां को मजबूत और मांसपेशियां स्वस्थ होती हैं। विटमिन बी की कमी कुपोषण और डायबिटीज के लिए भी जिम्मेदार होती है। इसकी कमी से भावनात्मक असंतुलन, डायरिया, डिप्रेशन, डिमेंशिया, हाइपरटेंशन, एनीमिया और पीरियड्स की गड़बड़ी जैसे कई रोग हो सकते हैं। विटामिन बी फिश, सी-फूड, दुग्ध उत्पाद, हरी पत्तेदार सब्जियां, मटर, बींस, अंडे और चिकन आदि से मिल सकता है। विटामिन बी 6 शरीर की प्रतिरक्षा-तंत्र को मजबूत कर विभिन्न संक्रमणों और बीमारियों से हमारी रक्षा करता है। इसके अलावा ये हमारे नर्वस सिस्टम के लिए भी बहुत जरूरी विटामिन है। इसके अलावा यह लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण के लिए भी जरूरी है। विशेषज्ञ कहते हैं कि जितना ज्यादा प्रोटिन का सेवन किया जाता है, विटामिन बी6 की जरूरत भी उतनी ही पड़ती है। इसकी कमी से मुंह और जीभ संबंधी समस्याएं, अवसाद व शरीर का कोई भी भाग सुन्न होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। यह विटामिन मांस, मछली, अंडे, आलू व शकरकंद तथा सभी प्रकार के साबुत अनाजों में भी मिलता है।

धर्म मंत्र

उत्कृष्ट विलक्षणताओं के प्रतीक हैं बजरंगबली हनुमान

इस संसार में सबसे बड़े भक्त है भगवान हनुमानजी, वे ऐसे भक्त हैं जो अपने भक्तों को ईश्वर से मिलाते हैं। उनको हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली, जागृत एवं सजीव देवता माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार थे जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। इस धरा पर जिन सात मनीषियों को अमरत्व का वरदान प्राप्त है, उनमें बजरंगबली भी हैं। हनुमानजी के पराक्रम की असंख्य गाथाएँ प्रचलित हैं। इन्होंने जिस तरह से राम के साथ सुग्रीव की मैत्री कराई और फिर वानरों की मदद से असुरों का मर्दन किया, वह अत्यन्त प्रसिद्ध है। उनको बजरंगबली, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात वायु से उत्पन्न होने वाला। उन्हें मारुतिनंदन इसलिये कहा जाता है वे हवा के बेटे हैं। मारुत का अर्थ हवा है। नन्दन का अर्थ बेटा है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिए है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विद्या के सागर तो थे ही, अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता और ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे। वे हर युग में अपने भक्तों को अपने स्वरूप का दर्शन कराते हैं और उनके दुःखों को हरते हैं। वे मंगलकर्त्ता एवं विघ्नहर्त्ता हैं।

पर्यटन



गोल्डेन ईगल से लेकर हिम तेंदुएं और भालू को देखने के लिए दाचीगाम नेशनल पार्क की करें सैर

दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान की स्थापना 1981 में हुई थी और यह जम्मू और कश्मीर के उच्च शीतोष्ण कटिबंध में स्थित है जो श्रीनगर से मात्र 22 किलोमीटर की दूरी पर है। दाचीगाम का मतलब हैऽ दस गांव। समुद्र तल से पार्क की औसत ऊंचाई 2990 मीटर है। जो 141 स्क्वेयर किलोमीटर में फैला हुआ है और दो भागों में बंटा हुआ है। ऊपरी और निचला दाचीगाम। एक तिहाई हिस्से में फैले निचले दाचीगाम में आसानी से टूरिस्ट घूमने-फिरने का आनंद ले सकते हैं लेकिन ऊपरी दाचीगाम का सफर इतना आसान नहीं क्योंकि यहां तक पहुंचने के लिए आपको थोड़ा ट्रैक करना पड़ता है। पुराने समय में कश्मीर के राजा-महाराजा यहां शिकार के लिए आते थे। दाचीगाम नेशनल पार्क की खासियत- पार्क में पाए जाने वाले मुख्य पेड़ हैं- हिमालयी नम शीतोष्ण सदाबहार, नम पर्णपाती और झाड़ियां, देवदार, चीड़ एवं शाहबलूत (ओक)। इस पार्क के खास वन्यजीव प्रजातियां हैं- तेंदुआ, हिम तेंदुआ, काला भालू, भूरा भालू, जंगली बिल्ली, हिमालयी मार्मोट, कस्तूरी मृग, सीरो और लाल लोमड़ी (रेड फाक्स)। पक्षियों में तीतर के कोकलास और मोनल, बुलबुल, मिनिवेट, बीयर्ड वल्चर, कठफोड़वा, ब्लैक बुलबुल, फ्लाई कैचर और गोल्डेन ईगल खास हैं। दाचीगाम की स्थापना श्रीनगर शहर को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए की गई थी। यह पार्क हंगुल और कश्मीरी हिरण के रहने के अनुकूल है। वसंत और शरद ऋतु में नीचले इलाकों में हिमालयी काले भालू को आसानी से देखा जा सकता है। गर्मी के मौसम में उपरी इलाकों में लंबी पूंछ वाले मार्मोट देखने को मिलते हैं जबकि चूहे जैसे दिखने वाले खरहे को पूरे साल देखा जा सकता है। यह नेशनल पार्क मशहूर डल झील के जलग्रहण क्षेत्र का लगभग आधे क्षेत्र पर अपना अधिकार रखता है और आज भी श्रीनगर के निवासियों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पार्क में आप जीप और एलीफेंट सफारी का मजा भी ले सकते हैं।

साइकिल से वैष्णो देवी यात्रा पर निकला श्रद्धालुओं का जत्था



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली, बाराबंकी। ग्राम पंचायत चचेरुवा के अल्लीपुर स्थित माता के पौराणिक मंदिर से सोमवार को दो दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं का जत्था साइकिल से मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालु पिछले 24 वर्षों से प्रतिवर्ष साइकिल से यात्रा कर रहे हैं। पूर्व विधायक रामगोपाल रावत और पूर्व जिला पंचायत सदस्य इंजीनियर कृष्ण कुमार रावत ने हवन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं को अंगवस्त्र व माला पहनाकर यात्रा रवाना कराई। रामसनेही यादव की अगुवाई में निकले जत्थे को ग्रामीणों ने माता के जयकारों के साथ विदा किया।

समाज को दिशा देने वालों का सम्मान नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा: गोप

❐ जनसरोकार की आवाज बने अमीर हैदर और हशमत उल्लाह सम्मानित, गांधी भवन में हुआ नागरिक अभिनंदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। सामाजिक सेवा, जन सरोकार और पत्रकारिता के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय वयोवृद्ध सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता अमीर हैदर तथा वरिष्ठ उर्दू पत्रकार एवं सोशल एक्टिविस्ट हशमत उल्लाह का गांधी भवन में नागरिक अभिनंदन किया गया। गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट एवं सेवा सोसायटी की ओर से आयोजित समारोह में दोनों विभूतियों को पूर्व मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने शॉल और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने कहा कि समाज के लिए निस्वार्थ भाव से जीवन समर्पित करने वाली शख्सियतों का सम्मान केवल उनका सम्मान नहीं, बल्कि नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा और समाज के मूल्यों का सम्मान है। अमीर हैदर और हशमत उल्लाह ने अपने-अपने क्षेत्रों में जनसरोकारों को मजबूती से उठाते हुए समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की आवाज को बुलंद किया है। दोनों देश और समाज की धरोहर हैं। ऐसे किरदार किसी एक दौर तक सीमित नहीं रहते, बल्कि अपने काम और विचारों की मिसाल आने वाली पीढ़ियों के लिए छोड़ जाते हैं। समाज को ऐसे ही समर्पित और संवेदनशील लोगों की जरूरत है, जो बिना किसी स्वार्थ के जनहित को अपना धर्म मानकर काम करते रहें। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ गांधीवादी राजनाथ शर्मा ने कहा कि सम्मान पद या प्रतिष्ठा का नहीं, कर्म और समर्पण का होना चाहिए। अमीर हैदर और हशमत उल्लाह ने वर्षों तक जनसरोकारों को आवाज देकर सामाजिक और वैचारिक मूल्यों को मजबूत किया है। संघर्ष और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता बेमिसाल है। वयोवृद्ध सामाजिक कार्यकर्ता अमीर हैदर ने कहा कि जनता से जुड़े सामाजिक सरोकार के लिए काम करना उनके जीवन का उद्देश्य रहा है। यह सम्मान उनकी जिम्मेदारी को और बढ़ाता है। वरिष्ठ पत्रकार हशमत उल्लाह ने कहा कि पत्रकारिता उनके लिए केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज के कमजोर और वंचित लोगों की आवाज बनने का माध्यम है। सम्मान से जनसरोकार के प्रति प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है। कार्यक्रम में आयोजक समिति की ओर से मुख्य अतिथि गोप को भी स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। संचालन फजल इनाम मदनी ने किया। अंत में सेवा सोसाइटी के सचिव अनवर महबूब किदवाई ने सभी का आभार व्यक्त किया। सभा को सेवा सोसाइटी के अध्यक्ष मो उमैर किदवाई, पूर्व मंत्री एवं रामनगर विधायक हाजी फरीद महफूज किदवाई, सदर विधायक सुरेश यादव, पूर्व एमएलसी राजेश यादव 'राजू' ने सम्बोधित किया। समारोह में मुख्य रूप से धीरेन्द्र वर्मा, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमन लाल द्विवेदी, उपाध्यक्ष दिलीप गुप्ता, महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव, समाजसेवी मनोज जायसवाल, सभासद ताज बाबा राईन, पूर्व प्रमुख तालिब नजीब कोकब, पूर्व विधायक सरवर अली खान, तौकीर करीर, मो उमैर किदवाई, अनवर महबूब किदवाई, आफाक अली, विजय कुमार सिंह 'मुन्ना', सत्यवान वर्मा, अजीज अहमद, जिला बार एसो. के पूर्व अध्यक्ष बृजेश दीक्षित, जिला पंचायत सदस्य मो. अहमद शहेनशाह, धनंजय शर्मा, परवेज अहमद, अक्षत शुक्ला, पाटेश्वरी प्रसाद, विनय कुमार सिंह 'गुड्डू', अलीम किदवाई, सपा प्रवक्ता फराज किदवाई, साकेत मौर्य, मोहम्मद हारिस, सभासद अश्वनी शर्मा 'शिवा', अतार्रहमान 'सज्जन' आदि कई लोग मौजूद रहे।

एक गांव, तीन अर्थियां... और बुझ गए तीन चिराग

बैना में पसरा मातम, एक साथ जलीं तीन चिताएं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निन्दूरा, बाराबंकी। रविवार तक जिन गलियों में किलकारियां गूंज रही थीं, सोमवार को वहीं मातम का सन्नाटा पसरा था। बैना गांव में एक साथ तीन चिताएं जलीं तो पूरा गांव सिसक उठा। जिसने भी देखा, उसकी आंखें नम हो गईं।

हंसते-खेलते तीन मासूम एक गड्ढे में समा गए और तीन घरों के चिराग हमेशा के लिए बुझ गए। बैना गांव में एक निर्माणाधीन मुर्गी फार्म के लिए मिट्टी पटाई को गहरा गड्ढा खोदा गया था। बारिश से उसमें पानी भर गया था।

रविवार दोपहर गांव के बच्चे उसी में नहाने चले गए। नहाते-नहाते तीनों गहरे पानी में चले गए। शोर मचा तो लोग दौड़े, पर तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस हादसे में 12 वर्षीय सुमित पुत्र शंकर, 14 वर्षीय देवा पुत्र गुड्डू और मासूम दिव्यांश पुत्र धर्मराज की दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल पर दिव्यांश के कपड़े पड़े मिले, जो इस हादसे की गवाही दे रहे थे। सूचना पर कुर्सी पुलिस, एसडीएम फतेहपुर और सीओ फतेहपुर मौके पर पहुंचे। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सोमवार को जब तीनों शव गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया। एंबुलेंस से शव उतरते ही माताओं की चीखों से आसमान कांप उठा। पिता बेसुध हो गए। एक साथ तीन अर्थियां उठीं तो गांव में कोई आंख ऐसी नहीं थी जो रोई न हो। एक लापरवाही ने तीन मासूमों की जिंदगी छीन ली। गांव में आज भी एक ही सवाल है - आखिर इस मौत के गड्ढे को खुला क्यों छोड़ा गया था?

विधायक ने 4-4 लाख की मदद का लिखा पत्र

हादसे पर कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने संवेदना जताई है। उन्होंने एसडीएम फतेहपुर को पत्र लिखकर तीनों परिवारों को दैवीय आपदा राहत कोष से 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की है। उन्होंने जिलाधिकारी को तत्काल प्रस्ताव भेजने को कहा है।

दुख बांटने पहुंचे जनप्रतिनिधि

घटना के बाद ''पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा'', पूर्व एमएलसी राजेश यादव और भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष श्रीश रावत बैना गांव पहुंचे और शोकाकुल परिवारों को ढांढस बंधाया।

महादेवा कॉरिडोर में खेला

तालाब की जमीन पर खड़ा कर दिया मदरसा

❐ लेखपाल ने रिपोर्ट में माना कब्जा, फिर प्रधान को चिट्ठी लिखकर किया किनारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। जहां एक तरफ सरकार लोधेश्वर महादेवा धाम में 50 करोड़ से काशी विश्वनाथ की तर्ज पर कॉरिडोर बना रही है, वहीं कॉरिडोर से सटी बेशकीमती सरकारी जमीनों पर भू-माफियाओं ने तालाब व रास्ता तक नहीं छोड़ा।

सबसे बड़ा खुलासा तहसील की अपनी रिपोर्ट से हुआ है। आईजीआरएस संख्या 20017626021468 पर दिनेश बाजपेई, महादेवा, लोधौरा की शिकायत पर लेखपाल की आख्या दिनांक 09-04-2026 में साफ-साफ लिखा है - गाटा संख्या 59/0.076 जो खतौनी में तालाब के खाते में दर्ज है, पर अवैध कब्जा है और पक्का मदरसा बना दिया गया है जबकि अभिलेख में मदरसा गाटा 69/0.405 पर बनना था। मतलब तालाब की जमीन पर ही मदरसा खड़ा कर दिया गया। रिपोर्ट में सिर्फ यही नहीं, गाटा 482/0.860 खलिहान पर प्रधान का मकान, गाटा 152 पर बब्बू-नन्हा का कब्जा, गाटा 426 पर विशेष जाति का पक्का मकान, गाटा 901 पर पूर्व प्रधान का कब्जा भी माना गया है।

फिर कार्रवाई क्यों नहीं? यहीं से शुरू होता है खेल

नियम कहता है - तालाब, खलिहान, रास्ता, बंजर से कब्जा हटाने की ताकत सिर्फ एसडीएम/तहसीलदार को है धारा 67 में। प्रधान को कोई अधिकार नहीं। लेकिन लेखपाल ने वाद दर्ज करने के बजाय ''प्रधान को अवैध कब्जा हटाने हेतु पत्र लिख दिया गया है'' लिखकर फाइल बंद कर दी। जबकि प्रधान खुद ही खलिहान गाटा 482 पर कब्जेदार है। वह दूसरे का कब्जा कैसे हटाएगा? और उसके बाद तो हद हो गई।

जिलाधिकारी के जांच आदेश 19-08-2026 के बाद भी एसडीएम रामनगर ने 18-09-2026 को आईजीआरएस पर लिख दिया - ''प्रकरण न्यायालय के क्षेत्राधिकार का है'' और शिकायत निस्तारित दिखा दी। जबकि धारा 67 का मामला सिविल कोर्ट में जाता ही नहीं।

आरटीआई से मांगे नाम, तहसील 7 दिन से खामोश

सच छिपाने के खेल को लेकर पीड़ित ने 15-09-2026 को आरटीआई में सीधा सवाल पूछा - गाटा 59 मदरसे का कब्जेदार कौन है? पिता का नाम क्या है? गाटा 482 पर प्रधान का मकान कैसे बना? आरटीआई धारा 7(1) के परंतुक में 48 घंटे में मांगी गई थी क्योंकि मामला लोकहित व सीएम की ड्रीम योजना से जुड़ा है।

7 दिन बीत गए, तहसील ने जवाब तक नहीं दिया। अब पीड़ित ने जिलाधिकारी को अंतिम चेतावनी दी है -

1. एडीएम , एसडीएम न्यायिक, डीपीआरओ व दूसरी तहसील के तहसीलदार की उच्चस्तरीय संयुक्त टीम से ड्रोन सर्वे /जीआईएस मैपिंग कराकर लोधौरा महादेव की समस्त सरकारी जमीनों की पैमाइश कराई जाए।
2. गाटा 59 तालाब से मदरसा सहित सभी अतिक्रमण ध्वस्त हों।
3. 7 दिन में कार्रवाई नहीं तो हाईकोर्ट लखनऊ में पीआईएल और खर्चा दोषी लेखपाल, आईआई, तहसीलदार, एसडीएम से वसूला जाएगा।

सवाल सीधा है - जब तहसील की अपनी रिपोर्ट 09-04-2026 में तालाब पर मदरसा मान लिया गया, तो बुलडोजर क्यों नहीं चला? किसके दबाव में प्रधान को पत्र लिखकर मामले को दफन किया गया? और आरटीआई में कब्जेदारों के नाम क्यों छिपाए जा रहे हैं?

महादेवा कॉरिडोर में 50 करोड़ की सरकारी खरीद हो रही है, बगल में तालाब की जमीन पर कब्जा हो रहा है - क्या यही है जीरो टॉलरेंस?

उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में लगेंगे चार विशेष स्टॉल

वैश्विक पटल पर चमक बिखेरेगा गोरखपुर की माटी का शिल्प 'टेराकोटा'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। गोरखपुर की तमाम विशिष्टताओं में से एक माटी का हस्तशिल्प 'टेराकोटा' वैश्विक पटल पर एक बार फिर अपनी चमक बिखेरने के लिए तैयार है। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने जा रहे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) के चौथे संस्करण में गोरखपुर के टेराकोटा उत्पादों के चार विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे। इस अंतरराष्ट्रीय मंच के माध्यम से स्थानीय टेराकोटा शिल्पियों और कारोबारियों को सीधे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खरीदारों, निर्यातकों और बड़े व्यापारिक घरानों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना में शामिल होने के बाद से इस पारंपरिक शिल्प को नया जीवन मिला है, जिससे शिल्पियों और कारोबारियों के जीवन में आर्थिक समृद्धि और सामाजिक सम्मान का नया दौर शुरू हुआ है।



उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में इस बार गोरखपुर के टेराकोटा के चार स्टॉल आकर्षण का प्रमुख केंद्र होंगे। ट्रेड शो में आने वाले विदेशी प्रतिनिधियों और बड़े कॉरपोरेट खरीदारों के सामने इन उत्पादों की सीधी ब्रांडिंग से निर्यात की संभावनाओं के नए द्वार खुलने की भी पूरी उम्मीद है। उद्योग विभाग ने जिन शिल्पियों और कारोबारियों को यूपीआईटीएस में स्टाल लगाने के लिए चयनित किया है, उनमें मेसर्स अतरंगी कलाकारी के बैनर तले टेराकोटा ज्वेलरी व होम डेकोरेशन प्रोडक्ट बनाने वाली दीपिका सिंह, रीतिका कृतिका क्रिएशन से सुनीता मौर्या, गिफ्ट सिटी से कमलेश तिवारी और मेसर्स रोशनी एक उम्मीद ट्रस्ट की कोमल मद्देशिया शामिल हैं। उद्योग उपायुक्त उज्ज्वल सिंह का कहना है कि इंटरनेशनल ट्रेड शो में लगने वाले टेराकोटा के स्टाल न केवल गोरखपुर के शिल्पियों की मेहनत और हुनर का प्रदर्शन करेंगे, बल्कि यह साबित करेंगे कि यदि पारंपरिक हुनर को सही नीति, तकनीक और बाजार का सहारा मिले तो मिट्टी भी सोना उगल सकती है। यूपीआईटीएस में मिलने वाला अवसर गोरखपुर के टेराकोटा के निर्यात की दिशा में भी काफी महत्वपूर्ण साबित होगा।

भटहट ब्लॉक के औरंगाबाद गांव को टेराकोटा शिल्प का मूल गांव माना जाता है। औरंगाबाद और इसके आसपास के गांवों में पीढ़ियों से टेराकोटा का काम किया जाता रहा है। वर्ष 2018 में मुख्यमंत्री ने एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना शुरू की और टेराकोटा को गोरखपुर का ओडीओपी उत्पाद घोषित किया गया। इसके तहत शिल्पकारों को विद्युत चालित चाक, पगमिल, अनुदान पर ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इससे उत्पादन क्षमता बढ़ी तो दूसरी तरफ योगी सरकार ने बड़े-बड़े मंचों से टेराकोटा की ब्रांडिंग की। परिणामस्वरूप इसकी मांग में लगातार वृद्धि होती गई। कारोबार में वृद्धि होने से टेराकोटा शिल्पकारों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार हुआ है। कच्ची झोपड़ियों में काम करने वाले कई शिल्पियों ने पक्के वर्कशॉप और पक्के मकान बना लिए हैं। नई पीढ़ी, जो कभी मिट्टी के इस काम से दूरी बना रही थी, अब आधुनिक डिजाइनिंग सीखकर अपने पुश्तैनी कारोबार में सक्रिय रूप से हाथ बंटा रही है।

योगी सरकार में यूपी की स्वास्थ्य व्यवस्था को मिली नई रफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, 21 सितंबर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के कार्यकाल में साढ़े नौ वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय विस्तार दर्ज किया गया है। प्रदेश में जिला स्तर से लेकर सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक स्वास्थ्य सुविधाओं का नेटवर्क बढ़ा है। इसके साथ ही क्रिटिकल केयर, डायग्नोस्टिक सेवाओं, नर्सिंग शिक्षा और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया है।

योगी सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए साढ़े नौ वर्षों में चिकित्सा संस्थानों की संख्या बढ़ाने, प्राथमिक और सामुदायिक स्तर पर सुविधाएं मजबूत करने तथा विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं को जिलों और ब्लॉक स्तर तक पहुंचाने पर जोर दिया है। वर्ष 2017 में प्रदेश में 109 जिला स्तरीय राजकीय एवं विशिष्ट चिकित्सालय थे, जिनकी संख्या वर्ष 2026 में बढ़कर 234 हो गई। इस तरह इन संस्थानों की संख्या में करीब 115 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। इसी अवधि में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) की संख्या 821 से बढ़कर 977 हो गई। सीएचसी नेटवर्क में करीब 19 प्रतिशत का विस्तार हुआ। वहीं, ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या 2,811 से बढ़कर 3,035 हुई है, जो करीब 8 प्रतिशत की वृद्धि है। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में विस्तार अपेक्षाकृत अधिक रहा। वर्ष 2017 में 542 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र थे, जबकि वर्ष 2026 में इनकी संख्या बढ़कर 721 हो गई। इस स्तर पर करीब 33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। कुल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या भी 3,353 से बढ़कर 3,756 हो गई, जो करीब 12 प्रतिशत की वृद्धि है।

- ❐ जिला स्तरीय राजकीय एवं विशिष्ट चिकित्सालयों में हुई 115 प्रतिशत तक की वृद्धि
- ❐ सीएचसी नेटवर्क में 19 प्रतिशत का हुआ इजाफा
- ❐ 543 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर खोले गये एनेस्थीसिया क्लीनिक
- ❐ आयुष्मान आरोग्य मंदिर से स्वास्थ्य सेवाओं को मिली रफ्तार

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य व्यवस्था की सबसे निचली इकाई माने जाने वाले स्वास्थ्य उपकेंद्रों की संख्या में भी बड़ा विस्तार हुआ है। वर्ष 2017 में प्रदेश में 20,573 स्वास्थ्य उपकेंद्र थे, जबकि वर्ष 2026 में इनकी संख्या बढ़कर 28,845 हो गई। यह करीब 40 प्रतिशत की वृद्धि है। इससे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के प्रयासों का संकेत मिलता है। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ योगी सरकार ने नई सुविधाओं को भी स्वास्थ्य संस्थानों से जोड़ने पर जोर दिया है। वर्ष 2017 में नगरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर नहीं थे, वर्ष 2026 तक इनकी संख्या 1,425 हो गई। प्रदेश में कुल 29,896 आयुष्मान आरोग्य मंदिर हैं, जिनमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से 14,872 तथा अन्य माध्यमों से संचालित केंद्र भी शामिल हैं। स्वास्थ्य व्यवस्था के विस्तार के साथ मानव संसाधन तैयार करने के लिए नर्सिंग शिक्षा के नेटवर्क को भी बढ़ाया गया है। वर्ष 2017 में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ नर्सिंग कॉलेजों की संख्या शून्य थी, जो वर्ष 2026 में 73 हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एनेस्थीसिया क्लीनिक और अन्य विशेषज्ञ सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाई गई है। कुल 543 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एनेस्थीसिया क्लीनिक तथा मानव संसाधन तैनाती की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा ऑक्सीजन प्लांट की संख्या 189 और ब्लड स्टोरेज यूनिट की संख्या 161 तक पहुंच चुकी है। क्रिटिकल केयर सेवाओं को मजबूत करने के लिए डिजिटल एक्स-रे मशीनों की उपलब्धता भी बढ़ाई गई है। ईसीआरपी-2 के तहत 370 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डिजिटल एक्स-रे मशीनों की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध कराई जा रही है।

नोएडा में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो में यूपी के एग्री 'कल्चर' के होंगे दर्शन

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का चतुर्थ संस्करण होगा। इसकी तैयारी पूरी की जा चुकी है। इसमें एक तरफ देश-विदेश से आए प्रतिनिधि जहां यूपी की समृद्ध विरासत का दीदार करेंगे तो वहीं एग्री 'कल्चर' के भी दर्शन करेंगे।

ट्रेड शो के दौरान 20 एफपीओ, उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम, कृषि निवेशों से संबंधित 40 फर्म, अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र वाराणसी आदि भी हिस्सा लेंगे। कृषि संबधी उत्पादों, उपकरणों, बीज व रसायन निर्माताओं को मंच मिलेगा, तो आगंतुकों को उत्तर प्रदेश की उन्नत कृषि संस्कृति और तकनीक से भी रूबरू कराया जाएगा। यहां प्रदेश के प्रगतिशील किसानों व कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय प्लेटफॉर्म मिलेगा। पूरे उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व एक ही स्थान पर होगा। इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 में कृषि विभाग को एक हजार स्क्वायर मीटर आवंटित किया गया है। इसमें कृषि, कृषि शिक्षा, कृषि संबंधी संस्थाएं, मंडी परिषद-कृषि विपणन निदेशालय, कृषि उपकरण, उर्वरक, बीज व पौध संरक्षण रसायन निर्माता कंपनियां भी हिस्सा लेंगी। इंटरनेशनल ट्रेड शो के आयोजन में कृषि विभाग की भी बड़ी हिस्सेदारी है। कृषि विभाग के संवाद व समन्वय से इसमें 20 से अधिक किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) हिस्सा लेंगे। इसमें अलीगढ़, सीतापुर, वाराणसी, लखनऊ, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, ललितपुर, मीरजापुर, हरदोई, बुलंदशहर, प्रतापगढ़, अलीगढ़, बहराइच, इटावा, गाजियाबाद, अमरोहा, कानपुर, सहारनपुर, गोंडा समेत विभिन्न जनपदों की सहभागिता रहेगी।



एशियाई खेल: श्रीलंका के खिलाफ स्वर्ण पदक मुकाबले में स्मृति, शेफाली और हरमनप्रीत पर रहेंगी नजरें

एजेंसी

आइची-नगोया। एशियाई खेल-2026 के महिला क्रिकेट के स्वर्ण पदक मुकाबले में मंगलवार को भारत का सामना श्रीलंका से होगा। लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश में भारतीय टीम के लिए स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर की बल्लेबाजी अहम भूमिका निभाएगी। दोनों टीमें कुछ ही दिन पहले एशिया कप के फाइनल में भी आमने-सामने हुई थीं।



शेफाली वर्मा मौजूदा समय में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ सेमीफाइनल में अपना पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया। उन्होंने 49 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और नौ छक्के शामिल थे। इसके साथ ही शेफाली महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 छक्के पूरे करने वाली दूसरी भारतीय बनीं। उनके नाम अब 104 छक्के हैं, जो किसी भारतीय बल्लेबाज के सर्वाधिक छक्के हैं। अंतरराष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट को मिलाकर टी20 नॉकआउट मुकाबलों में शेफाली ने 12 मैचों की 12 पारियों में 35.40 की औसत और 159.45 के स्ट्राइक रेट से 354 रन बनाए हैं। उनके नाम एक शतक और एक अर्धशतक है, जबकि उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 100 रन है। स्मृति मंधाना ने भी टी-20 नॉकआउट मुकाबलों में प्रभावी प्रदर्शन किया है। उन्होंने 13 पारियों में 25.30 की औसत और 132.12 के स्ट्राइक रेट से 329 रन बनाए हैं। उनके नाम एक अर्धशतक है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इस साल महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए बनाया गया 87 रन है। कप्तान हरमनप्रीत कौर का नॉकआउट मुकाबलों में रिकॉर्ड तीनों बल्लेबाजों में सबसे अधिक निरंतर रहा है। उन्होंने 12 मैचों में 324 रन बनाए हैं। उनके नाम दो अर्धशतक हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 66 रन है, जो उन्होंने 2025 महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में मुंबई इंडियंस की ओर से दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बनाया था।

भारत की टीमः स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, गुणालन कमालिनी, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), ऋचा घोष (विकेटकीपर), भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, श्रेयंका पाटिल, श्री चरणी, नंदनी शर्मा, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, राधा यादव।

श्रीलंका की टीमः इमेशा दुलानी, चमारी अटापट्टू (कप्तान), हसिनी परेरा, हरशिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, हंसिमा करुणारत्ने, कौशानी नुथ्यांगना (विकेटकीपर), मिताली अयोध्या, काव्या कविंदी, चामुडी प्रबोधा, सुगंधिका कुमारी, रश्मिका सेव्वंडी, निमाशा मीपेज, संजना कविंदी, अनुष्का संजीवनी।

भारत-जापान के बीच पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला, सुजुकी कप में इतिहास रचने की तैयारी

एजेंसी

टोक्यो। भारत और जापान मंगलवार, 22 सितंबर को सुजुकी कप में पहली बार पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में आमने-सामने होंगे। तोचिगी प्रांत के सानो इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाला यह ऐतिहासिक मुकाबला भारत-जापान राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ समारोह की शुरुआत का भी हिस्सा होगा। मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे से खेला जाएगा और इसका सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा। टी20 विश्व चैंपियन भारतीय टीम हाल में मिली श्रृंखला जीत के बाद जापान में मैदान पर उतरेगी। यह मुकाबला जापान के खिलाड़ियों के लिए दुनिया की शीर्ष टी20 टीमों में शामिल भारत के साथ खेलने का बड़ा अवसर होगा। वहीं भारतीय टीम भी जापान में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए शानदार फॉर्म को जारी रखने की कोशिश करेगी। भारत की ओर से कप्तान श्रेयस अय्यर के अलावा अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, जसप्रीत बुमराह और ईशान किशन सहित कई प्रमुख खिलाड़ी मैदान पर नजर आएंगे। जापान के खिलाड़ियों के सामने भारतीय टीम की मजबूत चुनौती होगी। सुजुकी कप केवल क्रिकेट मुकाबले तक सीमित नहीं है। यह जापान में क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता और भारत-जापान के बीच खेलों के माध्यम से मजबूत होते संबंधों को भी रेखांकित करेगा। यह मुकाबला 'स्पोर्ट 75' पहल का पहला कदम होगा, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच लोगों के आदान-प्रदान और सहयोग को बढ़ावा देना है। भारत और जापान के बीच पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला, मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय टीम की मौजूदगी और दोनों देशों के राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ समारोह इसे विशेष अवसर बना रहे हैं। भारत-जापान मुकाबला 22 सितंबर को भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर सीधा प्रसारित किया जाएगा।



एशियाई खेल: भारतीय महिला हॉकी टीम ने इंडोनेशिया को 17-1 से रौंदा

एजेंसी

गिफू। भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई खेल 2026 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पूल बी के मुकाबले में इंडोनेशिया को 17-1 से करारी शिकस्त दी। गिफू प्रीफ़ेक्चुरल ग्रीन स्टेडियम में सोमवार को खेले गए मुकाबले में भारत की ओर से दीपिका, रुतुजा पिसाल और नवनीत कौर ने हैट्रिक लगाई। भारत की ओर से सुनेलिता टोप्पो, लालरेमसियामी और साक्षी राणा ने दो-दो गोल किए, जबकि इशिका और कप्तान सलीमा टेटे ने भी गोल दागे। इससे पहले भारत ने उज्बेकिस्तान को 19-0 से हराया था। मुख्य कोच सजोर्ड मारिजने की टीम लगातार दो जीत के साथ अजेय बनी हुई है। भारत का अगला मुकाबला बुधवार को थाईलैंड से होगा। भारत को शुरुआती क्वार्टर में लय हासिल करने में थोड़ा समय लगा। टीम ने लगातार चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए और दीपिका ने आठवें मिनट में चौथे प्रयास पर गोल कर भारत का खाता खोला। इसके बाद भारत ने चार मिनट के भीतर तीन और गोल दागकर पहले क्वार्टर की समाप्ति तक 4-0 की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे क्वार्टर में भी भारत का दबदबा जारी रहा और लालरेमसियामी ने अपना दूसरा गोल करते हुए टीम की बढ़त को और मजबूत किया। मध्यांतर तक भारत 9-0 से आगे था। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में खेल की धारा के विपरीत इंडोनेशिया ने अपना एकमात्र गोल किया। इनेस अडितिया ने भारतीय गोलकीपर बिचु देवी को छकाते हुए नजदीकी पोस्ट से गेंद को गोल में पहुंचाया। चौथे क्वार्टर में नवनीत कौर ने दमदार बैकहैंड शॉट के जरिए गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की और भारत ने 17-1 की बड़ी जीत के साथ मुकाबला समाप्त किया।

एशियाई खेल बैडमिंटन: लक्ष्य, आयुष और श्रीकांत ने दिलाई भारत को बांग्लादेश पर 3-0 की जीत

एजेंसी

आइची-नगोया। भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने एशियाई खेल-2026 में शानदार शुरुआत करते हुए बांग्लादेश को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। सोमवार को पुरुष टीम स्पर्धा में लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और किदांबी श्रीकांत ने अपने-अपने एकल मुकाबले जीतकर भारत को आसान जीत दिलाई। लक्ष्य सेन ने भारत को शानदार शुरुआत दिलाते हुए पहले मुकाबले में अयमान इब्न जमान को 21-4, 21-12 से हराया। लक्ष्य ने पूरे मुकाबले में दबदबा बनाए रखा और भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद आयुष शेट्टी ने गौरब सिंघा को 21-4, 21-13 से हराकर भारत की बढ़त 2-0 कर दी। भारत को मुकाबला जीतने के लिए केवल एक और जीत की जरूरत थी और अनुभवी किदांबी श्रीकांत ने अल अमीन जुमर के खिलाफ 21-15, 21-9 से सीधे गेम में जीत दर्ज कर भारत को 3-0 की निर्णायक बढ़त दिला दी। भारत की तीनों एकल मुकाबलों में जीत के बाद युगल मुकाबले कराने की जरूरत नहीं पड़ी। इस जीत के साथ भारतीय टीम पुरुष टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। अगले दौर में भारत का सामना जापान से होने की संभावना है। एशियाई खेलों में सोमवार का दिन भारत के लिए निशानेबाजी, मिश्रित मार्शल आर्ट, हॉकी, बैडमिंटन, कबड्डी, मुक्केबाजी और टेबल टेनिस में सफलताओं से भरा रहा। निशानेबाजी में हिमांशु ढिल्लों ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत और रुद्रांक्ष पाटिल ने कांस्य पदक जीता। दोनों ने पार्थ माने के साथ मिलकर टीम स्पर्धा में भी रजत पदक हासिल किया था। क्वालिफिकेशन में रुद्रांक्ष तीसरे, हिमांशु सातवें और पार्थ 11वें स्थान पर रहे थे। मिश्रित मार्शल आर्ट में सुचिका तारियाल ने महिला पारंपरिक 60 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। उन्हें सेमीफाइनल में सिंगापुर की तेओ हुई हून के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला हॉकी टीम ने पूल बी में इंडोनेशिया को 17-1 से हराया, जबकि पुरुष कबड्डी टीम ने ग्रुप ए में जापान को 49-23 से शिकस्त दी। मुक्केबाजी में सुमित ने पुरुष 70 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ 32 में बुनजोंग सिंसिरी को हराकर अगले दौर में जगह बनाई। भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने ग्रुप एफ में पाकिस्तान को 3-0 से हराया। तैराकी में श्रीहरि नटराज पुरुषों की 50 मीटर बैकस्ट्रोक के फाइनल में आखिरी स्थान पर रहे। श्रीहरि चीन के शू जियायू (जिन्होंने गोल्ड जीता) और वांग ज़िचेंग (जिन्होंने सिल्वर जीता) का मुक़ाबला नहीं कर पाए। भारतीय खिलाड़ी 25.52 के समय के साथ 10वें और आखिरी स्थान पर रहे। मणि आकाश और गितेश शाह पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल के फाइनल में जगह नहीं बना सके, जबकि धनुष सुरेश पुरुषों की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक के फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके।



एशियाई खेल कबड्डी : भारत ने जीत के साथ किया अभियान का आगाज, जापान को 49-24 से हराया

आइची-नगोया। मौजूदा चैंपियन भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने एशियाई खेल 2026 में अपने अभियान की जीत के साथ शुरुआत की। ग्रुप ए के पहले मुकाबले में भारत ने सोमवार को टोकेई सिटिजन्स जिम्नेजियम में जापान को 49-24 से हराया। एशियाई खेलों में पदार्पण कर रहे अयान लोचब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आशु मलिक के साथ मिलकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। भारत ने पहले हाफ की समाप्ति तक 31-9 की मजबूत बढ़त बना ली। एक अन्य पदार्पण कर रहे देवांक दलाल ने भी आक्रमण में प्रभावी प्रदर्शन किया और भारत ने पहले 20 मिनट में जापान पर लगातार दबाव बनाए रखा। दूसरे हाफ की शुरुआत असलम इनामदार ने सफल रेड के साथ की। इसके बाद भी भारत ने मुकाबले पर अपना नियंत्रण बनाए रखा। जापान ने दूसरे हाफ में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 15 अंक हासिल किए, जबकि भारत ने 18 अंक जोड़े, लेकिन तब तक भारतीय टीम ने निर्णायक बढ़त बना ली थी।

मनिका प्लास्टेक से निवेशक हुए निराश फ्लैट लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

एजेंसी

नई दिल्ली। बैटरी केसिंग्स, पेंट बकेट्स और थिनवॉल कंटेनर जैसी रिजिड पॉलिमर पैकेजिंग का निर्माण करने वाली कंपनी मनिका प्लास्टेक लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में फ्लैट एंट्री कर अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 43 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग बिना किसी बदलाव के 43 रुपये के स्तर पर ही हुई।

फ्लैट लिस्टिंग से निराश निवेशकों को और झटका तब लगा, जब इस शेयर की बिकवाली शुरू हो गई। बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर में ही ये शेयर फिसल कर 40.85 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 2.15 रुपये यानी पांच प्रतिशत का नुकसान हो गया। इस कंपनी का 125.50 करोड़ रुपये का आईपीओ 11 से 16 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 29.46 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 11.22 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 66.58 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 23.98 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 2 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले कुल 2,91,86,045 शेयर जारी किए गए हैं। इनमें लगभग 92 करोड़ रुपये के 2,15,11,627 नए शेयर जारी किए गए हैं, जबकि लगभग 33 करोड़ रुपये के 76,74,418 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं। आईपीओ में नए शेयरों की बिक्री से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी प्लांट और नई मशीनरी खरीदने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने, पुराने कर्ज के बोझ को कम करने, आईपीओ से जुड़े खर्चों की भरपाई करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। मनिका प्लास्टेक की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत बनी रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 11.53 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 19.33 करोड़ रुपये और 2025-26 में उछल कर 22.40 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही यानी 30 जून 2026 तक कंपनी को 13.07 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका था।

एशियाई खेल: सविता बनीं भारतीय महिला हॉकी की सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ी

एजेंसी

काकामिगाहारा, जापान। भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता ने सोमवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने पूर्व भारतीय स्ट्राइकर वंदना कटारिया के 320 सीनियर अंतरराष्ट्रीय मैचों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए भारतीय महिला हॉकी के इतिहास में सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। सविता ने यह उपलब्धि जापान में जारी 2026 एशियाई खेलों में इंडोनेशिया के खिलाफ भारत के पूल बी मुकाबले के दौरान हासिल की। सविता की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के सम्मान में हॉकी इंडिया ने उन्हें 10 लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। 36 वर्षीय सविता को उनकी शानदार गोलकीपिंग और पेनल्टी शूटआउट में दबाव के बीच बेहतरीन प्रदर्शन के कारण 'द वॉल ऑफ इंडिया' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने 2009 में सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। इसके बाद वह तीन ओलंपिक खेलों, दो एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों के अलावा कई एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और एफआईएच प्रो लीग सत्रों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। सविता ने फरवरी 2025 में नीदरलैंड्स के खिलाफ एफआईएच हॉकी प्रो लीग मुकाबले में अपना 300वां अंतरराष्ट्रीय मैच पूरा किया था। वह वंदना कटारिया के बाद 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली दूसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बनी थीं। वह पूर्व भारतीय पुरुष गोलकीपर पीआर श्रीजेश के बाद 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली दूसरी भारतीय गोलकीपर भी बनी थीं। 20 सितंबर 2026 को उज्बेकिस्तान के खिलाफ एशियाई खेलों के पहले मुकाबले में भारत की 19-0 की जीत के दौरान सविता ने वंदना के 320 मैचों के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। सोमवार को इंडोनेशिया के खिलाफ मुकाबले के दौरान उन्होंने यह रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

संक्षिप्त समाचार

भारतीय बैंकों के लिए 127 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा जमा बड़ी राहतः एसएंडपी

नयी दिल्ली। वित्तीय शोध और साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी डॉलर आकर्षित करने के लिए विशेष जमा योजना के तहत जुटाई गई 127 अरब डॉलर की राशि भारतीय बैंकों के लिए 'बड़ी राहत' है। इससे वित्तपोषण की तंग स्थिति आसान हुई है और नकदी की उपलब्धता बढ़ी है। बैंकों ने आठ जून से 31 अगस्त, 2026 के बीच विदेशी मुद्रा प्रवासी-बैंक (एफसीएनआर-बी) खातों के जरिये रिकॉर्ड 127 अरब डॉलर की जमा राशि जुटाई। एसएंडपी ने कहा कि यह राशि 31 मार्च, 2026 तक बैंकों में जमा राशि का करीब 4.5 प्रतिशत है। रेटिंग एजेंसी ने कहा, ''भारतीय बैंकों को इससे बड़ी राहत मिली है। अनुकूल दरों ने देश के प्रवासी समुदाय को बड़ी मात्रा में जमा राशि वापस भारत भेजने के लिए प्रेरित किया। हम इसे व्यापक रूप से सकारात्मक मानते हैं। एसएंडपी ने कहा, ''इससे वित्तपोषण की तंग स्थिति सुगम हुई है। पिछले चार साल से कर्ज वृद्धि, जमा वृद्धि से अधिक रही है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विदेशी पूंजी आकर्षित करने के लिए जून की शुरुआत से अगस्त के बीच इन तीन से पांच साल की अवधि वाली जमाओं की मूल राशि से जुड़ी जोखिम लागत को स्वयं उठाया है। इससे बैंकों को ऐसे अमेरिकी डॉलर जमा पर अधिक ब्याज दर देने की सुविधा मिली। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की ऋण विश्लेषक गीता चुघ ने कहा, ''एफसीएनआर (बी) जमाओं की अवधि तीन से पांच साल है। इससे बैंकों की वित्तपोषण की स्थिति में सुधार होगा और परिसंपत्ति-देनदारी की अवधि के अंतर को पाटने में मदद मिलेगी। उसने कहा कि बैंकों की कुल परिसंपत्तियां इन खातों के जरिये जुटाई गई 127 अरब डॉलर की राशि से भी अधिक बढ़ सकती हैं। इसका कारण बैंक ग्राहकों को अपनी जमा राशि के एवज में अधिक नकदी उधार लेने और उसे एफसीएनआर (बी) खातों में रखने की अनुमति दे रहे हैं। एसएंडपी ने कहा कि एफसीएनआर (बी) जमा जुटाने का सबसे स्पष्ट लाभ नकदी की उपलब्धता के स्तर पर हुआ है। भारत में बैंक ऊंचे कर्ज-जमा अनुपात और जमा जुटाने के लिए बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच काम कर रहे हैं। उसने कहा, ''एफसीएनआर (बी) के जरिये आई राशि इस बाधा को कम करती है और मध्यम अवधि के लिए पर्याप्त वित्तपोषण उपलब्ध कराती है।

नौकरियों के आवेदनों में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ी, नियोक्ताओं की पहुंच पीछेः रिपोर्ट

मुंबई। 'फ्रंटलाइन' नौकरियों के लिए आने वाले आवेदन में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़कर 43.5 प्रतिशत हो गई है, लेकिन केवल 13 प्रतिशत नौकरी विज्ञापनों में ही स्पष्ट रूप से महिलाओं को लक्षित किया गया है। एक रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी दी गई। फ्रंटलाइन नौकरियों का मतलब ऐसे रोजगार से है जिनमें कर्मचारी सीधे लोगों, ग्राहकों या रोजमर्रा के कारोबारी कामकाज से जुड़े होते हैं। ऑनलाइन भर्ती मंच वर्कइंडिया की तरफ से जारी 'रोजगार रिपोर्ट' के मुताबिक, मंच पर महिला आवेदकों की हिस्सेदारी एक साल पहले के 40.4 प्रतिशत से बढ़कर 43.5 प्रतिशत हो गई है। यह रिपोर्ट अप्रैल से जून, 2026 के दौरान 772 शहरों और 50 से अधिक फ्रंटलाइन नौकरी श्रेणियों में 6.5 लाख से अधिक नौकरी के विज्ञापनों और 98 लाख से अधिक नौकरी के आवेदनों के विश्लेषण पर आधारित है। वर्कइंडिया के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नीलेश डूंगरवाल ने कहा, ''अधिक महिलाओं का रोजगार की तलाश करना उत्साहजनक है, लेकिन नियोक्ताओं की मांग को अभी और आगे बढ़ने की जरूरत है। डूंगरवाल ने कहा कि पहुंच, काम में लचीलापन, सुरक्षा और कार्यस्थल की व्यवस्था से जुड़ी बाधाओं को दूर करने से कंपनियों को महिलाओं, पहली बार काम तलाश रहे लोगों और गैर-महानगरीय उम्मीदवारों तक पहुंचने में मदद मिल सकती है। रिपोर्ट कहती है कि महिलाओं के आवेदनों में वृद्धि नौकरी की कई श्रेणियों में हुई है। बिक्री क्षेत्र में सबसे अधिक 56 लाख से अधिक आवेदन मिले। इसके बाद कार्यालय आधारित भूमिकाओं तथा यात्रा एवं आतिथ्य क्षेत्र का स्थान रहा। ब्यूटीशियन पदों के लिए आवेदनों में महिलाओं की हिस्सेदारी 86.6 प्रतिशत और शिक्षण पदों के लिए 80.7 प्रतिशत रही। वहीं, महिलाएं बिक्री, कार्यालय, विपणन और ग्राहक सेवा से जुड़ी अन्य फ्रंटलाइन नौकरियों में भी बढ़ती रुचि दिखा रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, जून-जुलाई के दौरान नौकरी आवेदनों में सालाना आधार पर 65 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि नौकरी विज्ञापनों में 40-48 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता 20 अक्टूबर से होगा लागू : गोयल

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) 20 अक्टूबर से प्रभावी होगा। इस समझौते के तहत न्यूजीलैंड भारत के सभी 100 फीसदी निर्यातों को शुल्क-मुक्त प्रवेश देगा। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को बताया कि यह समझौता भारतीय निर्यात को शुल्क-मुक्त पहुंच देगा और न्यूजीलैंड भारत में 20 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। दोनों देशों ने वस्तुओं और सेवाओं में द्विपक्षीय व्यापार को गति देने तथा निवेश को बढ़ावा देने के लिए 27 अप्रैल को इस मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते के तहत न्यूजीलैंड को होने वाले भारत के 100 फीसदी निर्यात को शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। इस समय न्यूजीलैंड सेरामिक्स, कालीन, ऑटोमोबाइल और ऑटो कलपुर्जों सहित प्रमुख भारतीय वस्तुओं पर 10 फीसदी तक का अधिकतम शुल्क लगाता है। न्यूजीलैंड ने भारत में 15 वर्षों के दौरान 20 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है।

सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान मामूली गिरावट नजर आ रही है। कीमत में बदलाव होने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,55,830 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,55,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,42,840 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,42,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,54,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,55,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,55,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,55,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,55,830 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,42,840 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,55,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,55,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,42,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,55,980 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,55,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,42,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,55,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,42,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



हामिद अंसारी के बयान पर भाजपा ने कांग्रेस को घेरा

कहा-कांग्रेस कट्टर वामपंथ की ओर झुकी, मुस्लिम लीग से की विपक्षी पार्टी की तुलना

एजेंसी

नई दिल्ली। भाजपा ने सोमवार को कांग्रेस पर पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के बयानों को लेकर तीखा हमला बोला। अंसारी ने हिंदू दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता पर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के विचारों का जिक्र किया था। भाजपा का आरोप है कि इससे विपक्षी पार्टी का मुस्लिम लीग और माओवादी चेहरा सामने आ गया है। भाजपा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पूर्व उपराष्ट्रपति की टिप्पणी से यह पता चलता है कि नेहरू कम्युनिज्म को खतरा मानते थे, जबकि कांग्रेस अब कट्टर वामपंथ की ओर झुक गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को नेहरू का जिक्र करने से पहले सोचना चाहिए, क्योंकि हो सकता है कि उन्होंने वह सब न पढ़ा हो जो पूर्व प्रधानमंत्री ने अपनी किताबों में लिखा था। त्रिवेदी ने कहा कि अंसारी ने न केवल इतिहास के दबे हुए भूत उखाड़े हैं, बल्कि उनमें जान भी फूंक दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस द्वारा समर्थित मुस्लिम नेताओं में 'लीग जैसी भावनाएं' हैं, और ये विचार अब इस पुरानी पार्टी में बहुत आम हो गए हैं।



केरल के इस्लामिक विद्वान कंथापुरम एपी अबूबकर मुसलियार की महिलाओं के खिलाफ कथित टिप्पणियों के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए त्रिवेदी ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस को ऐसी भावनाओं का विरोध करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पितृसत्ता को खत्म करने का दावा करने के बावजूद पार्टी मुसलियार की आज्ञाकारी अनुयायी रही है।

इंदौर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए त्रिवेदी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि क्या वह संवैधानिक पद पर बने रहने के लायक हैं। यह बहुत अहम सवाल है। उन्होंने विपक्ष के नेता के पद का अपमान किया है। गरिमा और गंभीरता को छोड़कर मजाकिया हरकतें की हैं। त्रिवेदी ने कहा कि जब रचनात्मकता की कमी होती है, तो पतन निश्चित है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के कार्यक्रम मजेदार कविता सत्रों से शुरू होकर लाफ्टर शो और फिर स्टैंड-अप कॉमेडी तक पहुंच गए हैं। कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वह पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ और दिल्ली यूनिवर्सिटी में अपना खाता खोलने में भी नाकाम रहा। आज का युवा एबीवीपी के 'ज्ञान, शील और एकता' के साथ है?

बेकाबू राक्षस बन गई है एसआईआर की प्रक्रिया : खरगे

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि चुनाव आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया भारतीयों को वोट के अधिकार से वंचित करने का एक तरीका है। पार्टी ने कहा कि यह एक बेकाबू राक्षस बन गई है। कांग्रेस का यह बयान राजधानी में विसंगतियों के कारण 33.13 लाख नोटिस जारी किए जाने पर मचे हंगामे के बीच आया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एसआईआर को दोषपूर्ण बताया। विसंगतियों के कारण नोटिस पाने वाले वोटरों की लिस्ट में दिवंगत अर्थशास्त्री बिबेक देबरॉय का नाम आने पर एक आलोचनात्मक पोस्ट का जवाब देते हुए जयराम रमेश ने कहा कि असल में यहां भारतीयों को वोट के अधिकार से वंचित करने का एक तरीका काम कर रहा है?



कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि बिहार से एसआईआर के तौर पर शुरू हुई यह प्रक्रिया अब दिल्ली तक पहुंच गई है और शायद अब सत्ता में बैठे लोगों को समझ आ रहा होगा कि कांग्रेस क्यों पहले दिन से ही इस पूरी प्रक्रिया को दोषपूर्ण बता रही है। खरगे ने कहा भाजपा के सबसे वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी, मौजूदा विदेश मंत्री, दिल्ली के उपराज्यपाल, राज्यसभा सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री और अन्य को अब नोटिस भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल में जिन लोगों के नाम वोट देने से रोकने के लिए हटाए गए थे, उनमें से अब तक तय किए गए मामलों में 93 प्रतिशत लोगों ने अपनी अपील जीत ली है। यानी 1,13,943 लोगों को वोटर लिस्ट में फिर से शामिल किया जाएगा।

कांग्रेस अध्यक्ष ने पूछा कि किस आधार पर उनका वोट देने का अधिकार छीना गया था। इसके अलावा, चुनाव आयोग ने वीआईपी मतदाताओं के बारे में एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी की। क्या अब भारत के सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार में मतदाताओं की कोई विशेष श्रेणी है। वीआईपी मतदाता और सामान्य मतदाता? क्या यह एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य के संवैधानिक सिद्धांत का उल्लंघन नहीं है? उन्होंने पूछा कि क्या वीआईपी वोट अब अधिक मूल्यवान हो गया है।

खरगे ने कहा कि एसआईआर के पहले तीन चरणों में 31 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 13.8 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। इसका अर्थ है कि कुल 94.78 करोड़ मतदाताओं में से लगभग 14.61 प्रतिशत मतदाता सूची से हटा दिए गए।

नीब करौरी बाबा की आध्यात्मिक यात्रा को सिनेमा के जरिए जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास सराहनीय : अमित शाह

एजेंसी

नई दिल्ली। बाबा नीब करौरी के जीवन पर आधारित फिल्म 'हनुमान अंश' के कलाकारों और निर्माण टीम ने सोमवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। शाह ने बाबा नीब करौरी की आध्यात्मिक यात्रा और भगवान हनुमान के प्रति उनकी अनन्य भक्ति को सिनेमा के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने के प्रयास की सराहना की। अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, ह्लआज नई दिल्ली में बाबा नीब करौरी जी के जीवन पर आधारित फिल्म 'हनुमान अंश' के कलाकारों से भेंट की। उन्होंने कहा कि बाबा नीब करौरी जी की आध्यात्मिक यात्रा और हनुमान जी के प्रति उनकी अनन्य भक्ति को सिनेमा के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास सराहनीय है। उन्होंने इसके लिए फिल्म की पूरी टीम को बधाई दी।



मुलाकात के दौरान फिल्म में लक्ष्मी नारायण शर्मा/नीब करौरी बाबा (महाराज जी) की भूमिका निभाने वाले शोभिनव सत्या, फिल्म के निर्देशक एवं लेखक डॉ. विशाल चतुर्वेदी, निर्माता रागिनी सोना और गीतकार साधु तिवारी सहित फिल्म की टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

भारतीय सेना की मैकेनाइज्ड फॉर्मेशन की क्षमता और मजबूत होगी

एजेंसी

टी-72 और टी-90 टैंकों के लिए 586 करोड़ रुपये से खरीदे जाएंगे ऑग्ज़ीलियरी पावर यूनिट्स

नई दिल्ली। भारतीय सेना के टी-72 और टी-90 टैंकों को अपग्रेड करके इनकी मारक क्षमता बढ़ाने की तैयारी है। इसके लिए रक्षा मंत्रालय 586 करोड़ रुपये की लागत से ऑग्ज़ीलियरी पावर यूनिट्स खरीदने के लिए एक्यूरेट इंडस्ट्रियल कंट्रोल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ करार किया है। यह कॉन्ट्रैक्ट सोमवार को नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में साइन किया गया।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक ऑग्ज़ीलियरी पावर यूनिट्स फायर कंट्रोल सिस्टम, फायरिंग सर्किट, गन स्टेबिलाइजेशन सिस्टम और टैंक के दूसरे सहायक उपकरणों के लिए बिजली बनाने का एक दूसरा जरिया है। देश में बनी इन यूनिट्स के शामिल होने से भारतीय सेना की मैकेनाइज्ड फॉर्मेशन की ऑपरेशनल तैयारी, भरोसेमंद होने और टिकाऊ होने की क्षमता और मजबूत होगी। यह खरीद आर्म्ड प्लेटफॉर्म के जरूरी सब-सिस्टम के स्वदेशीकरण की दिशा में एक अहम कदम है। स्वदेशी इनोवेशन को प्रोडक्शन और इंडक्शन में बदलने के मैकेनिज्म से ऐसा संभव हो पाया है। विकसित भारत अ2047 के विजन के मुताबिक यह समझौता डिफेंस में आत्मनिर्भरता हासिल करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भारतीय डिफेंस इंडस्ट्री बनाने की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर है।



रूस में निर्मित टी-72 भारतीय सेना के बेड़े का मुख्य टैंक है, जो अभी 780 हॉर्स पावर इंजन से संचालित है। भारत के पास टी-72 टैंक के कुल तीन वेरिएंट हैं। टी-72 टैंकों के मौजूदा बेड़े को अब 1000 एचपी इंजन से लैस किया जाएगा, जिससे भारतीय सेना की युद्धक गतिशीलता और आक्रामक क्षमता बढ़ेगी। इस टैंक को 1960 के दशक में सोवियत रूस ने विकसित और निर्मित करके रूसी सेना ने तमाम मोर्चों पर इसका इस्तेमाल शुरू किया। चीन के साथ 1962 में लड़ाई के बाद भारतीय सेना को आधुनिक हथियारों से लैस करने की योजना बनी। इसी क्रम में 1970 के आसपास भारत ने रूस से टी-72 टैंक खरीदा। यह यूरोप से बाहर भारत का पहला टैंक सौदा था और तबसे यह भारतीय सेना का भरोसेमंद साथी है।

भारतीय सेना का प्रमुख युद्धक टैंक टी-90 रूस के टी-90 टैंक का उन्नत संस्करण है, जिसे भारत ने अपनी जरूरतों के हिसाब से ढालकर 'भीष्म' नाम दिया है। सेना ने इसे चीन के साथ गतिरोध शुरू होने पर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनात किया था, लेकिन उस समय टैंक में 1000 हॉर्स पावर के इंजन की वजह से दिक्कत आई थी। उच्च ऊंचाई पर चढ़ने में आसानी के लिए सेना ने टी-90 टैंकों में लगे 1000 हॉर्स पावर के इंजन को 1350 हॉर्स पावर के इंजनों से लैस अपग्रेड करने का प्रस्ताव सरकार को भेजा था। अब आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) को हरी झंडी मिलने के बाद टैंक के इंजनों को बदला जाएगा, जिससे युद्धक्षेत्र में गतिशीलता बढ़ेगी।

सोमनाथ मंदिर समेत भाजपा दफ्तरों को बम से उड़ाने की धमकी

अहमदाबाद, एजेंसी। गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर और भाजपा कार्यालयों सहित कई स्थानों को बम से उड़ाने से संबंधित धमकी भरा ईमेल सोमवार को मिलने से हड़कंप मच गया। हालांकि, सुरक्षा जांच के बाद यह फर्जी पाया गया। पुलिस ने बताया, बम निरोधक दस्ते और स्थानीय पुलिस ने सोमनाथ मंदिर परिसर, अहमदाबाद और गांधीनगर में भाजपा कार्यालयों की गहन तलाशी ली, पर इन स्थानों से कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। अहमदाबाद के सी-डिवीजन के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अद्वैत गांधी ने बताया, कई स्थानों को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल एक अज्ञात पते पर प्राप्त हुआ था, जिसके बाद राज्य खुफिया ब्यूरो ने स्थानीय पुलिस को सतर्क किया। अलर्ट मिलते ही बम निरोधक दस्ते और पुलिस टीम को तुरंत संबंधित स्थलों पर भेजा गया। गांधी ने बताया, शहर के खानपुर इलाके में स्थित भाजपा कार्यालय के अलावा सोमनाथ मंदिर, गांधीनगर के कोबा में भाजपा मुख्यालय और दो-तीन अन्य स्थानों के संबंध में सूचनाएं मिली थीं। फिलहाल जांच में कुछ नहीं मिला।

जमुई छेड़छाड़ मामले में पॉक्सो के तहत हो कार्रवाई : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को बिहार के जमुई में एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ की घटना पर तुरंत न्याय की मांग की। राहुल गांधी ने कहा कि इसके पीछे शामिल सभी लोगों पर पॉक्सो के तहत मुकदमा चलाया जाना चाहिए। साथ ही बिहार सरकार को यह जवाब देना चाहिए कि शाम सात बजे एक लड़की सड़क पर सुरक्षित क्यों नहीं है। इनकी यह टिप्पणी मीडिया में आई उस खबर के बाद आई है, जिसमें बताया गया कि शनिवार शाम जमुई में कोचिंग क्लास से लौट रहे एक नाबालिग लड़के और लड़की को कुछ लोगों के एक ग्रुप ने घेर लिया और उनसे सवाल-जवाब किए। इसके बाद मारपीट व छेड़छाड़ की। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने पूछा कि इन लोगों को ऐसा व्यवहार करने का अधिकार किसने दिया। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा कि बिहार के जमुई का वीडियो बहुत परेशान करने वाला है। 10वीं कक्षा के दो छात्रों को सड़क पर रोका गया। उन्हें परेशान किया गया। बेइज्जत किया गया। उनके साथ छेड़छाड़ की गई। एक लड़की हाथ जोड़कर जाने देने की गुहार लगाती रही, जबकि गुंडे उसे गलत तरीके से छूते और खींचते रहे। राहुल गांधी ने कहा कि यह संस्कृति नहीं है। यह पितृसत्ता है। यह सोच कि कोई भी आदमी किसी लड़की के शरीर, उसकी आवाजाही और उसकी पसंद पर पहरा दे सकता है। उन्होंने कहा कि उस वीडियो में दिख रहे हर व्यक्ति की पहचान की जानी चाहिए और उन पर पॉक्सो के तहत मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

पेज एक का शेष

नितिन नवीन बोले- यूपी...

करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और पुरुषार्थ से लगातार संगठन को मजबूती मिल रही है। विधायक और सांसद चुनाव जीतकर आते हैं तो उसके पीछे कार्यकर्ताओं का परिश्रम और संघर्ष होता है। नितिन नवीन ने मेरठ की धरती को 1857 की क्रांति को दिशा देने वाली पवित्र भूमि बताया। उन्होंने कहा कि इस भूमि ने ऐसा परिवर्तन दिया है, जिसका संदेश देश के साथ-साथ पूरी दुनिया तक गया। उन्होंने मेरठ की आस्था और धार्मिक महत्व से जुड़े स्थलों को भी नमन किया। नितिन नवीन ने शक्ति केंद्र कार्यकर्ताओं को भाजपा का मजबूत आधार बताते हुए कहा कि दिल्ली और लखनऊ से संगठन तथा सरकार का संदेश मंडल स्तर तक पहुंचाने और उसे लागू कराने में शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को बूथ जीतने के साथ भाजपा और सरकार की उपलब्धियों को भी जनता तक पहुंचाना है। शक्ति केंद्र कार्यकर्ता संगठन की उस त्रिवेणी पर खड़े हैं, जहां बूथ, मंडल और शक्ति केंद्र एक साथ मिलते हैं। उन्होंने कहा कि यही संगठन 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में भूमिका निभाएगा। नितिन नवीन ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश को भय, अराजकता और परिवारवादी राजनीति से निकालकर उत्तम प्रदेश बनाने के मिशन में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि एक समय प्रदेश में भय का वातावरण था, लेकिन आज भाजपा सरकार में भरोसे का वातावरण है। उन्होंने कहा कि पहले अराजकता का माहौल था, जबकि आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून का राज है। उनके अनुसार, एक समय विकास रुक गया था, लेकिन अब उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और विकसित राज्य की दिशा में बढ़ रहा है। नितिन नवीन ने कहा कि एक समय इस क्षेत्र में बहनें सुरक्षित नहीं थीं, किसानों को समय पर भुगतान नहीं मिलता था और व्यापारी भय के माहौल में रहते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीबों के साथ योजनाओं में भी उनके समाज के आधार पर भेदभाव होता था। नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार योजनाएं बनाते समय गरीब को देखती है, उसके समाज और धर्म को नहीं। उन्होंने इसे सरकार के कामकाज में बदलाव बताया। नितिन नवीन ने कहा कि पहले इस क्षेत्र में माफियाओं के नाम पर पहचान तय होती थी, जबकि अब जिलों की पहचान 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' से हो रही है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव अपने आप नहीं आया है। उन्होंने 2017 से पहले के उत्तर प्रदेश के हालात का जिक्र करते हुए पिछली सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय कुछ लोग सरकारी संपत्ति तक की नल की टोंटियां चुरा लेते थे और अब वही लोग युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने की बात करते हैं। नितिन नवीन ने कहा कि जिन्होंने केवल अपने परिवार का भविष्य देखा हो, वे उत्तर प्रदेश के युवाओं के भविष्य की चिंता नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि नौ लाख युवाओं को नौकरी देने का काम भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है। उन्होंने कोरोना काल से लेकर अब तक गरीबों के घर तक अन्न पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की योजनाओं का भी जिक्र किया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने करोड़ों शौचालयों के निर्माण का जिक्र करते हुए कहा कि इससे महिलाओं के सम्मान को बनाए रखने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब स्वाभिमानी होने के साथ स्वावलंबी भी बन रही हैं। उत्तर प्रदेश में लक्ष्मी दीदी योजना के माध्यम से महिलाओं को सशक्त करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पूरा करके महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने की दिशा में भी काम किया जाएगा। नितिन नवीन ने कहा कि एक दौर में उत्तर प्रदेश में ऐसी सरकारें रहीं जो केवल अपने बारे में सोचती थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय माफिया सरकार चलाते थे और माफियाओं का तंत्र सत्ता के केंद्र तक प्रभाव रखता था। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में माफिया तंत्र के कारण भय का वातावरण बन गया था और लोग पुलिस थाने जाने से भी डरते थे। नितिन नवीन ने कहा कि वर्तमान शासन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अपराधियों को संरक्षण देने की हिम्मत कोई नहीं कर सकता और अपराधियों को सजा देने का काम सरकार कर रही है। भाजपा अध्यक्ष ने चौधरी चरण सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि यह वह पवित्र भूमि है, जहां उन्होंने किसानों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह को वह सम्मान नहीं दिया और उनकी सरकारों को गिराने का काम किया। नितिन नवीन ने समाजवादी पार्टी के नेताओं पर उत्तर प्रदेश को फिर से बांटने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के जाने के बाद कांग्रेस ने उनकी 'डिवाइड एंड रूल' नीति को अपनाया और बाद में समाजवादियों ने भी इसे आगे बढ़ाया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे संकल्प लें कि कांग्रेस की इस 'डिवाइड एंड रूल' नीति को उत्तर प्रदेश में दोबारा लागू नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश को बांटने की कोशिश को खत्म करना है और विकास के रथ को रुकने नहीं देना है। भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर परिवारवाद को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इन दलों ने परिवार के बाहर किसी को सम्मान नहीं दिया और आज पिछड़ों तथा दलितों की बात करते हैं। नितिन नवीन ने कहा कि अगर किसी ने सम्मान दिया और सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न दिया तो वह भाजपा की सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया। नितिन नवीन ने संविधान का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर डॉ. भीमराव आंबेडकर के अपमान का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने डॉ. आंबेडकर का अपमान करने का काम किया। भाजपा ने उन्हें सम्मान देने का कार्य किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के पिछले कार्यकाल और उनकी राजनीति को याद रखें तथा उत्तर प्रदेश को फिर से बांटने की कोशिशों का मुकाबला करें। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि एक समय नई पीढ़ी के युवाओं को कारतूस, पिस्तौल और अन्य चीजों की संस्कृति की ओर धकेला जाता था, लेकिन अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवाओं को स्किल डेवलपमेंट से जोड़कर रोजगार के अवसर दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को दोबारा उस दौर में नहीं जाने देना है, जब प्रदेश में भय का वातावरण था। नितिन नवीन ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश के एक जिले से दूसरे जिले में जाने में काफी समय लगता था, लेकिन आज नए-नए एक्सप्रेसवे प्रदेश की पहचान बन गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई एयरपोर्ट भी बने हैं और सरकार का ध्यान अब विकास की ओर है। उन्होंने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश को फिर उस दौर में नहीं जाने देना है और विकास के रास्ते को आगे बढ़ाना है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि एक समय कांवड़ यात्रा और रामनवमी जैसे धार्मिक आयोजनों को रोकने का प्रयास किया जाता था। उन्होंने कहा कि अलग-अलग आस्था के केंद्रों को लेकर भी रोक लगाने की कोशिशें हुईं। उन्होंने दावा किया कि जिन लोगों ने ऐसा किया, जनता ने उन्हें चुनाव में जवाब दिया। उन्होंने पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा को लेकर भी रोक लगाए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वहां की जनता ने भी ऐसे लोगों को जवाब दिया।

ई-पासपोर्ट से...

प्रवेश, सुरक्षा जांच और बोर्डिंग जैसी प्रक्रियाओं में कागजी दस्तावेज दिखाने और बार-बार पहचान जांच की जरूरत कम करना है। मौजूदा घरेलू प्रक्रिया में आधार आधारित सत्यापन का इस्तेमाल होता है। डिजीयात्रा की नई व्यवस्था में अन्य डिजिटल पहचान विकल्प भी जोड़े जा रहे हैं। डिजीयात्रा का इस्तेमाल अनिवार्य नहीं है। जो यात्री इसका इस्तेमाल नहीं करना चाहते, वे सामान्य प्रक्रिया के तहत पहचान और यात्रा दस्तावेज दिखाकर यात्रा कर सकते हैं।

विवेक तिवारी...

पुलिसकर्मियों ने उनकी कार को रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान गोली चली, जिसमें विवेक तिवारी की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे प्रदेश में मामला चर्चा का विषय बन गया था। दोनों आरोपी पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया गया और मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन किया गया। जांच पूरी होने के बाद अदालत में मुकदमा चला और करीब आठ वर्ष तक चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद अदालत ने प्रशांत चौधरी को दोषी करार दिया। अदालत ने पहले ही प्रशांत चौधरी को भारतीय दंड संहिता की धारा 304 की उपधारा 2 के तहत गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहरा दिया था। सोमवार को अदालत ने इसी दोषसिद्धि के आधार पर उसे 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। इस मामले में वह पहले ही करीब आठ वर्ष जेल में बिता चुका है। वहीं, दूसरे आरोपी सिपाही संदीप कुमार को अदालत ने आरोपों से बरी कर दिया। इस तरह 28 सितंबर 2018 को शुरू हुआ यह चर्चित मामला अब एक महत्वपूर्ण न्यायिक पड़ाव पर पहुंच गया है।

यूपीआई पर कुछ...

फिलहाल अच्छी व्यवस्था को जारी रखने के लिए यथास्थिति बनाए रखना बेहतर होगा। सरकार ने करीब छह साल तक पूरी तरह शुल्क-मुक्त रहे यूपीआई भुगतान में बदलाव करते हुए 15 सितंबर को घोषणा की थी कि 15 अक्टूबर से इस मंच के जरिये कारोबारियों को 2,000 रुपये से अधिक के भुगतान पर 0.4 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा। हालांकि, रोजमर्रा के व्यक्ति-से-व्यक्ति (पी2पी) लेनदेन और छोटे भुगतान को शुल्क से बाहर रखा गया है।

राम मंदिर में 105...

आई, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। इन विवरणों का खुलासा चार्जशीट में होने की बात कही गई है। मामले में 25 सितंबर की तारीख इसलिए अहम है क्योंकि पहली गिरफ्तारी के बाद 90 दिन की अवधि उस दिन पूरी हो रही है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अगर इस अवधि के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं की गई तो आरोपियों को डिफॉल्ट जमानत मिल सकती है। इसी वजह से उन्होंने अदालत में कहा कि चार्जशीट दो दिन के भीतर दाखिल कर दी जाएगी। एसआईटी की ओर से जांच पूरी होने और स्टेटस रिपोर्ट सौंपे जाने की जानकारी भी अदालत को दी गई है। सुप्रीम कोर्ट में अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच को लेकर दाखिल कई याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इन याचिकाओं में स्वतंत्र जांच की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल ने एसआईटी की जांच की स्थिति अदालत के सामने रखी। पीठ ने एसआईटी की स्टेटस रिपोर्ट भी देखी। अब दो दिन के भीतर चार्जशीट दाखिल होने के बाद मामले की जांच में सामने आए तथ्यों और आरोपों की विस्तृत तस्वीर सामने आने की उम्मीद है।

गिरफ्तारी की वजह...

नहीं बताई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी को गैरकानूनी माना। सिंह ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश के बाद सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, जिसमें स्थानीय अदालत के उनकी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताने और तत्काल रिहाई के आदेश पर रोक लगा दी गई थी। जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस अतुल चंद्रकुर की बेंच ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 22(1) के तहत आरोपी को गिरफ्तारी की वजह लिखित में और ऐसी भाषा में बतानी होगी, जिसे वह समझ सके। इसकी कॉपी भी उसे जल्द से जल्द देनी होगी। कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ कानूनी प्रक्रिया नहीं, बल्कि व्यक्ति का मौलिक और वैधानिक अधिकार है। इसका उल्लंघन होने पर गिरफ्तारी असंवैधानिक हो जाएगी और आरोपी को तत्काल रिहाई का अधिकार होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अगर अनुच्छेद 22(1) के उल्लंघन के कारण व्यक्ति को रिहा किया जाता है और जांच एजेंसी को उसकी हिरासत जरूरी लगती है, तो दोबारा गिरफ्तारी के लिए मजिस्ट्रेट के सामने अर्जी देनी होगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि जिस अधिकारी ने पहली गिरफ्तारी में संवैधानिक नियम का उल्लंघन किया, उसे दोबारा गिरफ्तारी का फैसला लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती। दोबारा गिरफ्तारी की अर्जी पर उसके सीनियर अधिकारी की सहमति भी जरूरी होगी।

अमेरिका से अभी...

नहीं है। अमेरिका की विफलता का आकलन केवल ईरान ही नहीं, बल्कि कई सैन्य और राजनीतिक विशेषज्ञ भी करते हैं। इनमें कुछ अमेरिकी विशेषज्ञ भी शामिल हैं। अमेरिका उन लक्ष्यों को हासिल नहीं कर सका, जिन्हें मुख्य रूप से इजरायली शासन ने तय किया था। इसलिए अमेरिका विफल रहा। मोहेब्बी ने कहा कि अमेरिका अपनी सैन्य ताकत के बावजूद होर्मुज को दोबारा नहीं खोल सका। उन्होंने कहा कि अमेरिका की विफलता का एक उदाहरण होर्मुज को दोबारा खोलने में उसकी नाकामी है। अमेरिका के पास दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना है। उसने क्षेत्र और दुनिया में अपनी मौजूदगी का कारण ऊर्जा की आपूर्ति और समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करना बताया था। लेकिन इस युद्ध में यह साफ हो गया कि अमेरिका के पास होर्मुज को दोबारा खोलने की क्षमता नहीं थी। वह इसे खोल नहीं सका। उसने अपने सभी साधनों का इस्तेमाल किया, फिर भी सफल नहीं हुआ।

घाट, पुल और नहर के काम पर फोकस कुंभ से पहले पूरा करने की तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। कुंभ मेला से पहले हरिद्वार में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए चल रहे निर्माण कार्य अब समयबद्धता की कसौटी पर हैं। सड़कों से लेकर पुल, घाट और गंग नहर से जुड़े कार्यों को मेले से पहले पूरा करने की तैयारी है। इसी क्रम में आयुक्त गढ़वाल मंडल आनंद स्वरूप ने विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की स्थिति जानी है। कुंभ के दौरान हरिद्वार में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए घाटों, संपर्क मार्गों और यातायात व्यवस्था से जुड़ी परियोजनाओं को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मंडलायुक्त ने एडमिन रोड और चंडी चौक के समीप निर्माणाधीन बॉक्स कलवर्ट पुल का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से कार्य की गति और उपलब्ध संसाधनों की



जानकारी ली। उन्होंने जरूरत के अनुसार श्रमशक्ति और मशीनरी बढ़ाकर काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। अमरापुर घाट और साक्षी सतनाम घाट के समीप निर्माणाधीन नए घाट भी निरीक्षण का हिस्सा रहे। घाटों के निर्माण की प्रगति और निर्धारित समयसीमा की जानकारी लेते हुए मंडलायुक्त ने स्पष्ट किया कि परियोजनाओं का लाभ कुंभ के दौरान श्रद्धालुओं और आमजन को मिलना सुनिश्चित होना चाहिए। कुंभ से जुड़े निर्माण कार्यों में गंग नहर की क्लोजिंग अवधि को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस अवधि में प्रस्तावित कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए पहले से तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं। मंडलायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि क्लोजिंग शुरू होने से पहले निर्माण सामग्री, मशीनरी और श्रमशक्ति की व्यवस्था पूरी कर ली जाए, ताकि उपलब्ध समय का अधिकतम उपयोग हो सके। कुंभ की तैयारियों में केवल परियोजनाओं को पूरा करना ही नहीं, बल्कि निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखना भी प्रशासन के सामने प्रमुख चुनौती है। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी परियोजना में देरी या गुणवत्ता से समझौता न हो। समन्वय अथवा संसाधनों से संबंधित समस्या सामने आने पर उसका तत्काल समाधान करने को कहा गया। हरिद्वार में चल रहे ये निर्माण कार्य आने वाले कुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही और सुविधाओं से सीधे जुड़े हैं। ऐसे में आने वाले समय में परियोजनाओं की प्रगति और उन्हें निर्धारित समयसीमा में पूरा करना प्रशासन की प्राथमिकताओं में रहेगा।

मुख्यमंत्री समेत कई नेताओं ने प्रवेश वाही की मां को श्रद्धांजलि अर्पित की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत कई नेताओं ने दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही की माता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को एक्स पोस्ट में कहा कि महापौर प्रवेश वाही की माताजी के अंतिम संस्कार में सम्मिलित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में उनकी संवेदनाएं प्रवेश वाही और समस्त शोकाकुल परिवार के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने का संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने राज रानी वाही के निधन को दुखद बताते हुए कहा कि इस कठिन घड़ी में उनकी संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि राज रानी वाही के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। सिरसा ने वाहेगुरु से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिवार को इस असीम दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की अरदास की। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने महापौर प्रवेश वाही की माताजी के अंतिम संस्कार में सम्मिलित होकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। महापौर प्रवेश वाही की माता राज रानी वाही का निधन रविवार को रात 8:30 बजे हो गया। महापौर प्रवेश वाही एवं वाही परिवार की ओर से जारी शोक सूचना के अनुसार, राज रानी वाही की अंतिम यात्रा सोमवार सुबह 9:30 बजे उनके निवास डी-277, प्रशांत विहार, पीवीआर के निकट से प्रस्थान करते हुए अंतिम यात्रा सुबह 10:30 बजे निगम बोध घाट पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

भाजपा ने नशे के मुद्दे पर पंजाब की आआपा सरकार पर उठाए सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नशे के मुद्दे पर पंजाब की आम आदमी पार्टी (आआपा) सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में स्थिति ऐसी हो गयी है कि नशे के कारोबार को लेकर शिकायत करने वाले व्यक्ति पर ही कार्रवाई हो जा रही है। भाजपा ने कहा कि प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए पार्टी लगातार आवाज उठा रही है और पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' सभी 117 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान जग्गी सिंह का मुद्दा उठाते हुए कहा कि उन्होंने पंजाब में नशे के कारोबार को लेकर शिकायत की थी। भाटिया ने सवाल किया कि नशे के कारोबार की शिकायत करने वाले व्यक्ति के खिलाफ ही कार्रवाई क्यों की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई करने के बजाय जग्गी सिंह के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार और मारपीट की गई। भाटिया ने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का काम कानून-व्यवस्था बनाए रखना और शिकायत लेकर आने वाले व्यक्ति को न्याय दिलाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वालों को ही कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है, जबकि मादक पदार्थ के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। भाजपा नेता ने कहा कि पंजाब का युवा रोजगार के अवसर चाहता है और उनकी पार्टी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की बात कर रही है।

नशामुक्ति अभियान संकल्प है या चुनावी नाटक: लक्ष्मीकांता चावला

- सभी दल आरोप-प्रत्यारोप से आगे बढ़कर अपने शासनकाल का दें हिसाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब की पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांता चावला ने राज्य में नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे राजनीतिक अभियानों पर सवाल उठाते हुए सभी राजनीतिक दलों से आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति से आगे बढ़ने और अपने-अपने शासनकाल में नशे की समस्या से निपटने के प्रयासों का हिसाब जनता के सामने रखने की मांग की है। उन्होंने सवाल किया कि पंजाब में नशामुक्ति को लेकर चलाए जा रहे अभियान वास्तव में सामाजिक बदलाव का संकल्प हैं या फिर चुनाव के समय दिखाई देने वाला राजनीतिक प्रदर्शन। सुश्री चावला ने सोमवार को कहा कि पिछले करीब दो दशकों में पंजाब की सत्ता अलग-अलग राजनीतिक दलों के हाथों में रही है। ऐसे में प्रत्येक दल को यह बताना चाहिए कि उसके शासनकाल में राज्य में नशीले पदार्थों की स्थिति क्या रही, नशे की समस्या को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए और इन प्रयासों के क्या परिणाम सामने आए। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या केवल राजनीतिक भाषणों या चुनावी घोषणाओं से समाप्त नहीं होगी। इसके लिए लगातार और ईमानदार प्रयास की जरूरत है। सरकारों को यह स्पष्ट करना चाहिए कि नशे की रोकथाम, तस्करी पर अंकुश, युवाओं को नशे से दूर रखने और नशे के शिकार लोगों के पुनर्वास के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए पूर्व मंत्री ने कहा कि पंजाब में नशे का मुद्दा लंबे समय से गंभीर सामाजिक और राजनीतिक विषय बना हुआ है। इसके प्रभाव से परिवारों और युवाओं पर पड़ने वाले असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसलिए इस मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय सभी दलों को मिलकर जवाबदेही तय करनी चाहिए। लक्ष्मीकांता चावला ने राजनीतिक दलों से यह भी सवाल किया कि यदि पिछले वर्षों में नशे की समस्या लगातार चिंता का विषय रही है तो इसकी रोकथाम के लिए किए गए प्रयासों का स्वतंत्र मूल्यांकन क्यों नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि जनता को केवल दावे और आरोप नहीं, बल्कि परिणाम चाहिए। उन्होंने कहा कि नशामुक्ति अभियान तभी सार्थक माना जाएगा जब इसका असर जमीन पर दिखाई दे। युवाओं को नशे से बचाने के लिए शिक्षा, रोजगार, खेल और सामाजिक जागरूकता को मजबूत करना होगा। साथ ही नशे के कारोबार से जुड़े नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई और नशे की गिरफ्त में आए लोगों के उपचार एवं पुनर्वास पर भी समान रूप से ध्यान देना होगा। पूर्व मंत्री ने कहा कि चुनाव आते ही नशे का मुद्दा राजनीतिक बहस के केंद्र में आ जाता है, लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद इसकी गंभीरता उसी स्तर पर बनी रहती है या नहीं, यह भी जनता के सामने स्पष्ट होना चाहिए। उन्होंने सभी दलों से अपील की कि वे एक-दूसरे पर आरोप लगाने के बजाय अपने शासनकाल की उपलब्धियों और कमियों का सार्वजनिक रूप से हिसाब दें। उन्होंने कहा कि पंजाब की आने वाली पीढ़ी के भविष्य से जुड़ा यह मुद्दा किसी एक दल या सरकार तक सीमित नहीं है। नशे के खिलाफ लड़ाई को राजनीतिक लाभ-हानि से ऊपर उठाकर सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में देखा जाना चाहिए।

पीईएमटी के दौरान दौड़ते समय अचानक गिरा युवक, अस्पताल में मौत

नई दिल्ली। वजीराबाद स्थित दिल्ली पुलिस अकादमी (डीपीए) में सोमवार को शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईएमटी) के दौरान 23 वर्षीय युवक की अचानक गिरने से मौत हो गई। युवक दौड़ पूरी करने के दौरान ट्रैक पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद स्टाफ ने उसे प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद पीसीआर वैन से अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, सोमवार पूर्वाह्न करीब 11:11 बजे सोनिया विहार थाना पुलिस को जेपीसी अस्पताल से सूचना मिली कि डीपीए वजीराबाद से एक युवक को पीसीआर वैन के जरिए आपातकालीन विभाग में लाया गया है। चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सौरभ कुमार (23) के रूप में हुई है। वह लच्छी सिंह का पुत्र और उत्तर प्रदेश के अनूपशहर के गांव सलामतपुर स्थित नेता नगर का निवासी था। पुलिस के अनुसार, सौरभ डीपीए वजीराबाद में आयोजित पीईएमटी में शामिल होने आया था। दौड़ के दौरान वह अचानक ट्रैक पर गिर गया।

लापता दो नाबालिग बच्चियों के शव जलस्रोत से बरामद, इलाके में सनसनी

भागलपुर। जिले के कजरैली थाना क्षेत्र से सोमवार को एक बेहद हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां केलापुर बहियार स्थित डाड़ (जलस्रोत) के पानी में तैरते हुए दो नाबालिग बच्चियों के शव मिले। इस दुखद घटना के बाद से पूरे इलाके में कोहराम मच गया है और परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। मृत बच्चियां गौराचौकी हरिजन टोला की रहने वाली थीं। वे रविवार की सुबह करीब 8 बजे लोक आस्था के कर्मा-धर्मा पर्व की तैयारी के लिए अपने घर से निकली थीं। जब देर शाम तक बच्चियां वापस घर नहीं लौटीं, तो परिजन ने काफी खोजबीन की। कोई सुराग नहीं मिलने पर रविवार देर शाम को कजरैली थाने में बच्चियों की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। सोमवार की सुबह केलापुर बहियार स्थित जलस्रोत में स्थानीय लोगों ने दोनों बच्चियों के शवों को उतराते देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक बच्ची की चप्पल भी बरामद हुई है।

डीएम और सिटी एसपी ने बरारी सहित विभिन्न गंगा घाटों का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। आगामी त्योहारों और घाटों पर होने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। इसी क्रम में सोमवार डीएम और सिटी एसपी ने संयुक्त रूप से बरारी घाट सहित जिले के विभिन्न प्रमुख गंगा घाटों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, भीड़ प्रबंधन और अन्य नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम और सिटी एसपी ने मौके पर मौजूद संबंधित पदाधिकारियों से घाटों की वर्तमान स्थिति और तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने, बैरिकेडिंग दुरुस्त रखने और आवागमन को सुगम बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रशासनिक टीम ने किसी भी आपातकालीन या आकस्मिक स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए की गई तैयारियों की भी समीक्षा की। डीएम ने विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय को मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाओं को समय रहते सुव्यवस्थित और सुदृढ़ कर लिया जाए, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस निरीक्षण के अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) नगर-01, भागलपुर, अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) सदर, भागलपुर सहित जिला प्रशासन और पुलिस महकमे के कई अन्य वरीय पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

अंचल में ही बनेगा वासगीत पर्चा, अफवाह फैलाने वालों व लापरवाह अफसरों पर गिरेगी गाज : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कटिहार। जिले में भ्रामक सूचनाएं व अफवाह फैलाकर आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं को उकसाने, अनावश्यक भीड़ जुटाने और सरकारी कार्यों में बाधा डालने वाले असामाजिक तत्वों पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिला, अनुमंडल, अंचल एवं पंचायत स्तर के अधिकारियों को ऐसे तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने आम जनता की भूमि व राजस्व से जुड़ी समस्याओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निपटारे में किसी भी तरह की कोताही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि वासगीत पर्चा प्राप्त करने की व्यवस्था संबंधित अंचल कार्यालय में ही उपलब्ध है। आवेदन की जांच व पात्रता के सत्यापन के बाद अंचल स्तर से ही पर्चा निर्गत कर दिया जाता है। इसके लिए ग्रामीणों को पटना जाने या जिला समाहरणालय के चक्कर लगाने की कोई आवश्यकता नहीं है। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इस संबंध में आम जनता के बीच जागरूकता फैलाएं ताकि बिचौलिए या असामाजिक तत्व लोगों को गुमराह न कर सकें। भ्रामक सूचना देकर विधि-व्यवस्था प्रभावित करने वालों के विरुद्ध त्वरित प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

करजाइन बाजार में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर प्रशासन की कार्रवाई, छह संस्थान सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुपौल। जिले के राघोपुर प्रखंड क्षेत्र के करजाइन बाजार में अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटरों एवं क्लीनिकों के खिलाफ रविवार देर शाम प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र के सामने और आसपास संचालित छह संस्थानों को सील कर दिया गया। अधिकारियों ने संबंधित संस्थानों के संचालन से जुड़े दस्तावेज एवं वैधता अभिलेखों की भी जांच की। कार्रवाई वीरपुर एसडीएम विनय कुमार के नेतृत्व में करीब रात आठ बजे शुरू हुई। छापेमारी टीम में राघोपुर अंचलाधिकारी रश्मि प्रिया, राघोपुर रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजीव कुमार द्विवेदी, करजाइन थानाध्यक्ष मनीष कुमार समेत प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शामिल थे।टीम ने बालाजी अल्ट्रासाउंड, स्टार अल्ट्रासाउंड, डॉ. नूर आलम का क्लीनिक, नेशनल मेडिकल एजेंसी तथा डॉ. अनिल कुमार मेहता के जनरल फिजिशियन क्लीनिक समेत कुल छह संस्थानों की जांच की और उन्हें सील किया। अधिकारियों के अनुसार संबंधित संस्थानों के दस्तावेज और संचालन की वैधता की जांच की जा रही है। वीरपुर एसडीएम विनय कुमार ने बताया कि करजाइन बाजार में पिछले कुछ दिनों से अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड सेंटर और क्लीनिक संचालित किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों के सत्यापन के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि जांच की प्रक्रिया जारी है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर संबंधित संचालकों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के करीब तीन घंटे बाद रात लगभग 11 बजे एक अल्ट्रासाउंड सेंटर की सरकारी सील तोड़े जाने की सूचना सामने आई। स्थानीय लोगों के अनुसार मकान मालिक के पुत्र रोहित कुमार की नजर सेंटर पर पड़ी। आरोप है कि उन्होंने सेंटर संचालक से सील तोड़ने और ताला खोलने को लेकर पूछताछ की, जिसके बाद दोनों पक्षों में विवाद हो गया। रोहित कुमार ने कथित तौर पर घटना का वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर करजाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सेंटर संचालक को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद करजाइन बाजार में देर रात तक चर्चाओं का दौर जारी रहा। अधिकारियों का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फगवाड़ा में 20 दिन में चोरी की 19 घटनाएं सोम प्रकाश ने कानून-व्यवस्था पर उठाए सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- आवासीय और व्यावसायिक इलाकों में हुई वारदातें, पुलिस प्रशासन से प्रभावी कार्रवाई की मांग

फगवाड़ा। पंजाब के कपूरथला जिले के फगवाड़ा शहर में महज 20 दिनों के भीतर चोरी की 19 घटनाएं सामने आने का दावा किया गया है। लगातार सामने आ रही चोरी की वारदातों को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता सोम प्रकाश ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली और शहर की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी तरीके से अंकुश लगाने तथा चोरी की वारदातों में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। रिपोर्ट के अनुसार, फगवाड़ा में एक से 19 सितंबर के बीच शहर के अलग-अलग इलाकों में चोरी की कई घटनाएं सामने आईं। इन घटनाओं में घरों और दुकानों समेत विभिन्न स्थानों से नकदी, मोबाइल फोन, सोने के आभूषण और अन्य कीमती सामान चोरी होने की शिकायतें शामिल हैं। बताया गया है कि चोरी की वारदातों का सिलसिला आवासीय क्षेत्रों के साथ-साथ व्यावसायिक इलाकों में भी देखने को मिला है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों और कारोबारियों में चिंता का माहौल बताया जा रहा है। लोगों का कहना है कि शहर में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त बढ़ाने के साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी मजबूत किए जाने की जरूरत है। खासकर बाजारों और रिहायशी इलाकों में रात के समय पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने की मांग भी सामने आ रही है। सोम प्रकाश ने कहा कि लगातार चोरी की घटनाओं का सामने आना गंभीर विषय है और पुलिस प्रशासन को इसे महज सामान्य आपराधिक घटनाओं के रूप में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने पुलिस से प्रत्येक मामले की गंभीरता से जांच करने, घटनाओं के पीछे सक्रिय गिरोह या आरोपियों का पता लगाने तथा चोरी किए गए सामान की बरामदगी के लिए प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। शहर में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से लोगों के बीच असुरक्षा की भावना पैदा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कानून-व्यवस्था को मजबूत करने, गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। स्थानीय स्तर पर सामने आई इन घटनाओं के बाद पुलिस की ओर से मामलों की जांच और आरोपियों की पहचान के लिए की जा रही कार्रवाई पर भी लोगों की नजर है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063